मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.8 | 22.8 |
| डालटनगंज | 32.6 | 24.7 |
| धनबाद | 30.5 | 26.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शनिवार 23 अगस्त 2025 ● भाद्रपद अमावस्या, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 136 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**एसआईआर मुद्दा :** सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की, कहा-

# मतदाता सूची से बाहर लोग आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों से करें आवेदन

### राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई.

एजेंसी । नयी दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की. इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी.

**चुनाव आयोग को अभी तक मिलीं सिर्फ दो आपत्तियां :** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई. सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं. साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स के जरिए अभी तक सिर्फ दो आपत्ति दर्ज कराई गई हैं.

**सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों को दिया निर्देश :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कोई भी व्यक्ति खुद से या राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स की मदद से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है और उन्हें भौतिक तौर पर फार्म जमा करने की जरूरत नहीं है. अदालत ने कहा कि आवेदन में फार्म 6 के साथ आवेदक आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज जमा कर सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि बिहार की सभी 12 राजनीतिक पार्टियों को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी करने चाहिए कि वे लोगों की मदद करें, उन्हें जागरूक करें, ताकि लोग मतदाता सूची से नाम कटने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन कर सकें.

**65 लाख मतदाताओं के कटे नाम :** 14 अगस्त को, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह बिहार में मसौदा मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण 19 अगस्त तक प्रकाशित करे ताकि मतदाता सूची के एसआईआर में पारदर्शिता बढ़ाई जा सके.

### अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को होगी

पीठ ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को अगली सुनवाई पर स्टेटस रिपोर्ट जमा करनी होगी, जिसमें उन्हें बताना होगा कि उन्होंने कितने लोगों की ऑनलाइन फॉर्म भरने में मदद की. पीठ ने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है. पीठ ने चुनाव अधिकारियों से ये भी कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा आवेदन कराए जाने पर उन्हें एक पर्ची भी दी जाए. चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने अदालत से आग्रह किया कि चुनाव आयोग को यह साबित करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है. द्विवेदी ने कहा, 'राजनीतिक दल शोर मचा रहे हैं, लेकिन स्थिति उतनी खराब नहीं है. हम पर विश्वास रखें और हमें कुछ और समय दें. हम आपको दिखा देंगे कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है.'

## ब्रीफ न्यूज

### पीएम मोदी का गुजरात दौरा 25 अगस्त को

**गांधीनगर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 अगस्त, 2025 को गुजरात के दौरे पर आएंगे. प्रधानमंत्री यहां 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे. यह परियोजनाएं विशेष रूप से उत्तर गुजरात के महेसाणा, पाटण, बनासकांठा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिलों को लाभान्वित करेंगी. यह रेलवे परियोजनाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और रोजगार सृजन में उल्लेखनीय योगदान देंगी. ये परियोजनाएं विशेष रूप से महेसाणा, बनासकांठा और पाटण जिले को सहज और निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी.

### अमेरिका के पूर्व सुरक्षा सलाहकार के घर छापा

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सुरक्षा सलाहकार और अब उनके कट्टर आलोचक जॉन बोल्टन के घर एफबीआई ने छापा मारा. ये कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई जब बोल्टन ने ट्रंप की भारत के साथ संबंधों की नीति और दंडात्मक टैरिफ लगाने के तरीके की आलोचना की थी. समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक छापेमारी की कार्रवाई गोपनीय दस्तावेजों के प्रबंधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में की गई. हालांकि जॉन बोल्टन को न तो हिरासत में लिया गया और न ही अब तक उन पर कोई आरोप लगाया गया है.

### कॉमेडियन जसविंदर भल्ला का निधन

**चंडीगढ़ ।** पंजाबी फिल्मों के मशहूर कॉमेडियन जसविंदर भल्ला (65 वर्ष) का शुक्रवार सुबह चंडीगढ़ के निकट मोहाली में निधन हो गया. भल्ला बीमारी के चलते पिछले कई दिनों से मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती थे, जहां उन्होंने आज सुबह अंतिम सांस ली. जसविंदर भल्ला का अंतिम संस्कार 23 अगस्त को मोहाली में किया जाएगा. जसविंदर भल्ला पंजाबी कॉमेडी के उन कलाकारों में शुमार थे जिन्होंने अपना करियर दूरदर्शन के साप्ताहिक कार्यक्रमों से शुरू किया. जसविंदर भल्ला वर्ष 1989 में पंजाब कृषि विवि लुधियाना में बतौर लेक्चरर भर्ती हुए.

### कोटा में नाव पलटने से 10 डूबे, सात लापता

**राजस्थान ।** राजस्थान के कोटा और सवाई माधोपुर में जोरदार बारिश से बाढ़ आ गई है. कोटा में बचाव के लिए सेना को बुला लिया गया है. उधुर, सवाई माधोपुर में लोगों को बचाने के लिए गई एक नाव पानी में पलट गई. हादसे में नाव में सवार 10 लोग डूब गए, इनमें सात लोग लापता हैं. सवाई माधोपुर में रेलवे स्टेशन पर पटरियां पानी में डूब गईं. जिससे पांच ट्रेन प्रभावित हुई हैं. जानकारी के अनुसार सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में नाव डूब गई है. इसमें 10 लोग सवार थे. इनमें से 3 लोगों को बचा लिया गया है. बाकी लापता सात लोगों की तलाश की जा रही है. वहीं, कोटा के सुल्तानपुर में 4-4 फीट तक पानी भर गया.

### आवारा कुत्तों पर सुप्रीम फैसला, कहा

## शेल्टर होम में नहीं रख सकते जहां से उठाया, वहीं छोड़ दें

दिल्ली-एनसीआर से आवारा कुत्तों को हटाकर उन्हें शेल्टर होम में स्थायी रूप से रखने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है. कोर्ट ने कहा कि हम पिछले आदेश में कुछ संशोधन कर रहे हैं. जस्टिस विक्रम नाथ ने आदेश पढ़ते हुए कहा कि हमने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्ष बनाया है ताकि राष्ट्रीय पॉलिसी पर बात हो सके. सुप्रीम कोर्ट ने पिछले आदेश में संशोधन करते हुए कुत्तों को वापस समाज में छोड़ने पर लगी रोक को हटा दिया है. कोर्ट ने कहा कि रेबीज और खतरनाक कुत्तों को न छोड़ा जाए. अदालत ने ये भी कहा कि जिन कुत्तों को पकड़ा गया था उन्हें वैक्सिनेट कर वापस छोड़ा जाए. इसके अलावा बीमार और आक्रामक कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाएगा.

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के गयाजी में राजनीतिक रैली को किया संबोधित, बोले-

# घुसपैठियों को बिहार के लोगों का हक छीनने का अवसर नहीं मिलेगा

- प्रधानमंत्री ने बिहार के गयाजी से 13 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

एजेंसी । गयाजी/पटना



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के गयाजी में राजनीतिक रैली को संबोधित किया. इसमें उन्होंने राज्य के सीमावर्ती इलाकों में बदल रही जनसांख्यिकी का मुद्दा उठाया और इस संबंध में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वाम दलों पर वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि यह दल बिहार के लोगों का अधिकार घुसपैठियों को देना चाहते हैं. हम, घुसपैठियों को लोगों के अधिकारों पर डाका डालने नहीं देंगे.

प्रधानमंत्री ने बिहार के गयाजी से 13 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे. प्रधानमंत्री ने इस दौरान लाल किले के अपने भाषण में घुसपैठ की समस्या के समाधान के लिए बनाए जा रहे डेमोग्राफिक मिशन का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से चुन-चुनकर सभी घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाएगा. हम घुसपैठियों को लोगों के अधिकारों पर डाका डालने नहीं देंगे.

**भ्रष्टाचार करने वाला जेल भी जाएगा :** प्रधानमंत्री ने संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक का उल्लेख कर कहा कि अब भ्रष्टाचार करने वाला जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी. इससे जमानत पर बाहर घूमने वाले नेता चिंतित है और उनके दल इसका विरोध कर रहे हैं.

उन्होंने कहा, एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐसा कानून लाई है, जिसके दायरे में देश का प्रधानमंत्री भी आता है. इस कानून में मुख्यमंत्री और मंत्री भी शामिल किए गए हैं. इस कानून के बनने के बाद अगर कोई मुख्यमंत्री, मंत्री या प्रधानमंत्री गिरफ्तार होता है तो उसे 30 दिन के भीतर जमानत लेनी होगी और अगर जमानत नहीं मिली तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी पड़ेगी. उन्होंने कहा कि संविधान हमसे ईमानदारी और पादर्शिता की मांग करता है. हम इसे तार-तार होते नहीं देख सकते. पिछले 11 वर्षों की सरकार में एक भी भ्रष्टाचार का मामला सामने नहीं आया है. जबकि आज़ादी के बाद कांग्रेस की सरकारें जो 60-65 साल तक सत्ता में रहीं, उनके भ्रष्टाचारों की एक लंबी सूची है. विधेयक का विरोध कर रही कांग्रेस, लेफ्ट और राजद पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूछा कि इनके नेताओं के ऐसे रवैये से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई कैसे मजबूत होगी. 50 घंटे जेल में रहने पर एक अफसर सेवा से स्वतः निलंबित हो जाता है लेकिन मंत्री जेल में बैठकर फाइलें साइन करते हैं.



### अमृत भारत एक्सप्रेस और नई फास्ट मेमू ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गयाजी जिले के बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर से राज्य को करीब 13 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी. प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इन ट्रेनों में गया से दिल्ली के बीच चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस (13697/13698) और कोडरमा से वैशाली के बीच दौड़ने वाली नई फास्ट मेमू ट्रेन (03626) शामिल हैं. गया से दिल्ली के बीच फिलहाल महाबोधि एक्सप्रेस ही एक प्रमुख ट्रेन है. नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू होने से गया और आसपास के जिलों के लोगों को सीधी और तेज रेल सुविधा मिलेगी.

### ऑपरेशन सिंदूर ने देश की रक्षा नीति में एक नई लकीर खींच दी

ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती पर लिया गया हर संकल्प कभी खाली नहीं जाता. इसी धरती से लिया संकल्प पूरा हुआ और ऑपरेशन सिंदूर ने देश की रक्षा नीति में एक नई लकीर खींच दी. अब कोई भी आतंक फैलाकर बच नहीं सकता. प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए के शासनकाल में बिहार में चौतरफा विकास हो रहा है. वहीं लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) के राज में बिहार लाल आतंक से घिरा था. इसी के कारण पीढ़ियों को बिहार से पलायन करने को मजबूर होना पड़ा. यही कारण था कि कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने कहा था कि हम बिहार के लोगों को अपने यहां घुसने नहीं देंगे.

### उद्योग लगने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि गयाजी की पावन भूमि से एक ही दिन में 12 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है. इसमें ऊर्जा, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट हैं. इनसे बिहार के उद्योगों को ताकत मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे. उन्होंने पीएम आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने एक बड़ा संकल्प लिया है. जब तक हर जरूरतमंद को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी चैन से नहीं बैठेगा. इसी सोच के साथ बीते 11 साल में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर बनाकर दिए जा चुके हैं.

### राजद को बड़ा झटका, नवादा-रजौली के विधायक पहुंचे पीएम के मंच पर



बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल मच गई है. राजद को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब नवादा सदर से विधायक विभा देवी और रजौली से विधायक प्रकाश वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गया में आयोजित जनसभा के दौरान भाजपा के मंच पर नजर आए. दोनों विधायकों की मंच पर मौजूदगी ने साफ कर दिया कि वे अब पाला बदलने को तैयार हैं. इनकी उपस्थिति को केवल संयोग नहीं, बल्कि रणनीतिक सियासी कदम माना जा रहा है.

### पीएम ने कोलकाता मेट्रो के तीन विस्तार रूटों का किया उद्घाटन

**कोलकाता ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कोलकाता मेट्रो के तीन विस्तार रूटों का उद्घाटन करने पश्चिम बंगाल आ रहे हैं. इसी बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि इन परियोजनाओं की योजना, ब्लूप्रिंट और शुरुआती कार्यों में राज्य सरकार और स्वयं उनकी अहम भूमिका रही है. प्रधानमंत्री के आगमन से कुछ घंटे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जब मैं रेल मंत्री थी, तब कोलकाता में कई मेट्रो रेल कॉरिडोर की योजना और मंजूरी का प्रबंध किया था. इन परियोजनाओं का ब्लूप्रिंट मैंने तैयार किया, फंडिंग सुनिश्चित की और काम शुरू करवाया. मैंने यह भी तय किया कि जोका, गड़िया, एयरपोर्ट, सेक्टर-5 जैसे हिस्सों को एक इंट्रा-सिटी मेट्रो ग्रिड के तहत जोड़ा जाए. गौरतलब है कि, ममता बनर्जी वर्ष 1999 में एनडीए सरकार में रेल मंत्री थीं. उनके अनुसार, इस दौरान मेट्रो की इन रूटों की नींव रखी गई थी. उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अगर राज्य सरकार का पूर्ण सहयोग न होता तो इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन संभव नहीं था. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराई, पक्की सड़कों का इंतजाम किया, विस्थापितों के पुनर्वास की व्यवस्था की और कार्यान्वयन में हरसंभव मदद दी.

संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक

## दीवार फांद कर गरुड़ द्वार तक पहुंचा युवक, गिरफ्तार

एजेंसी । नई दिल्ली



संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लगाने की कोशिश हुई. सुरक्षाकर्मियों ने संसद भवन की सीमा दीवार के पास शुक्रवार सुबह करीब 5.50 बजे अंदर घुसने की कोशिश कर रहे एक युवक को पकड़ा. नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान राम (20) के रूप में हुई है. वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है. वह अपना नाम भी सही तरह से बता नहीं पा रहा है. वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार युवक दीवार फांदकर परिसर के अंदर कैसे गया, इसकी जांच की जा रही है. फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर पूरे मामले की जांच कर रही है. इसके पहले 13 दिसंबर 2023 को भी संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने का एक मामला सामने आया था. उस दौरान संसद की कार्यवाही के दौरान कुछ लड़के संसद भवन में घुस गए थे.

### ऑनलाइन गेमिंग बिल को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी



**नयी दिल्ली ।** संसद के हालिया मॉनसून सत्र के दौरान ऑनलाइन गेमिंग बिल पास हुआ था. संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा से पारित ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन एंड रेगुलेशन बिल को अब राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई है. इसके साथ ही अब फैंटेसी गेमिंग ऐप्स पर ताला लगने का रास्ता साफ हो गया है. राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के साथ ही अब यह कानून बन गया है और इसके प्रावधान लागू हो गए हैं. यह कानून लागू होने के बाद फैंटेसी लीग, कार्ड गेम्स, ऑनलाइन लॉटरी, पोकर, रमी और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग गया है. गौरतलब है कि प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 20 अगस्त को लोस और 21 अगस्त को रास से पारित हो गया था.

**गांधीनगर में हुई नारेबाजी**

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर हंगामा

एजेंसी । नयी दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है. बताया जा रहा है कि अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं. एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था. जिसे बैरिकेडिंग के बाहर ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है. वहीं, जानकारी मिली है कि एक अन्य शख्स को भी हंगामा करने के संदेह में पकड़ा गया है. जनसुनवाई में सीएम पर हुए हमले के बाद रेखा गुप्ता पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर निकली थीं. कार्यक्रम में स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा, स्थानीय विधायक अरविंद सिंह लवली, पार्षद और गांधीनगर मार्केट के तमाम व्यापारी मौजूद रहे. इस हंगामे से सीएम के कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा.

**चिंतनीय:** एक्सीडेंट का हवाला देकर बंद किया वीजा, 6 लाख की सैलरी मिलती है ड्राइवर को

# यूएस में विदेशियों को ट्रक भी नहीं चलाने देंगे ट्रंप

- अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिकी सरकार के फैसले की जानकारी देते हुए कहा है कि हम तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक चालकों के लिए सभी प्रकार के वर्कर वीजा जारी करने पर रोक लगा रहे हैं.

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों को कमर्शियल लाइसेंस देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है. भारत से रोजगार की चाहत में अमेरिका जा रहे बेरोजगार युवाओं के लिए ये एक दुखद खबर है. अगर भारत से तुलना करें तो यहां के मुकाबले अमेरिका में ट्रक ड्राइवर का पेशा सम्मानजनक, पैसे वाला और बेहतर जिंदगी ऑफर करने वाला माना जाता है. अमेरिका में ट्रक ड्राइवर की लाइफ इतनी सुरक्षित और सम्मानित है कि भारत से कई युवा लड़कियां वहां जाकर ट्रक चला रही हैं. नई उम्र की ये लड़कियां अमेरिकी हाईवे पर ड्राइविंग के अपने अनुभवों को यूट्यूब पर डाल रही हैं. अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिकी सरकार के फैसले की जानकारी देते हुए कहा है कि हम तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक चालकों के लिए सभी प्रकार के वर्कर वीजा जारी करने पर रोक लगा रहे हैं. उन्होंने कहा, अमेरिकी सड़कों पर बड़े ट्रैक्टर-ट्रेलर ट्रक चलाने वाले विदेशी चालकों की बढ़ती संख्या अमेरिकी जीवन को खतरे में डाल रही है और अमेरिकी ट्रक चालकों की आजीविका को प्रभावित कर रही है.



**फैसले की वजह क्या है :** विदेशी ट्रक ड्राइवरों को कमर्शियल लाइसेंस पर रोक की तात्कालिक वजह एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की दुर्घटना बताई जा रही है. हरजिंदर सिंह एक भारतीय मूल का ट्रक ड्राइवर था. उसने सितंबर 2018 में अवैध रूप से कैलिफोर्निया में अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार की थी. 2021 में बाइडेन प्रशासन ने उन्हें वर्क परमिट और कैलिफोर्निया में कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस दिया. आरोप है कि 12 अगस्त 2025 को फ्लोरिडा टर्नपाइक पर हरजिंदर ने गलत यू-टर्न लिया. इस दौरान एक मिनीवैन उनके ट्रक से टकरा गई और तीन लोगों की मौत हो गई.

हरजिंदर सिंह को वाहन की वजह से हुई हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया और डिपोर्टेशन का सामना करना पड़ रहा है. इस घटना ने अमेरिका में अवैध आप्रवासन और ट्रकिंग उद्योग में ड्राइवरों की जांच प्रक्रिया पर बहस छेड़ दी.

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार अमेरिकी परिवहन विभाग ने खुलासा किया है कि फ्लोरिडा हाईवे पर अवैध रूप से यू-टर्न लेने के कारण हुई दुर्घटना में तीन लोगों की मौत के आरोपी भारतीय अप्रवासी ट्रक चालक ने इस दुर्घटना के बाद अंग्रेजी भाषा की दक्षता और सड़क चिह्न की टेस्टिंग में बुरी तरह से फेल रहा है. अखबार के अनुसार 12 अप्रैल की दुर्घटना के बाद संघीय मोटर वाहक सुरक्षा प्रशासन द्वारा अंग्रेजी भाषा दक्षता के लिए लिए गए परीक्षण में हरजिंदर सिंह ने 12 में से केवल दो प्रश्नों के सही उत्तर दिए थे. और जब उससे हाईवे चिह्न और उनके अर्थ पढ़ने के लिए कहा गया तो सिंह ने चार चिह्नों में से केवल एक ही पहचान का अर्थ सही बता पाया. इसके बाद अब अमेरिकी सरकार ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों के लिए वर्क वीजा पर तत्काल रोक लगा दी है.

झारखंड विस का पूरक मानसून सत्र शुरू, शिबू व रामदास को श्रद्धांजलि दी

# 4296.62 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

- सबसे ज्यादा 96889 .72 लाख रु की राशि ग्रामीण विकास विभाग को मिली

शुभम संदेश । रांची



झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र पुनः शुक्रवार से शुरू हुआ. पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के प्रारंभिक वक्तव्य के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 का 4296.62 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया गया. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसे सदन के पटल पर रखा. स्पीकर ने सदन में घोषणा की कि 26 अगस्त को राज्य में हुई अतिवृष्टि पर दो घंटे की विशेष चर्चा होगी. सदन में दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन सहित अन्य दिवंगतों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी. दिशोम गुरु को भारत रत्न देने की मांग केंद्र से की गयी. लगभग सभी दलों ने इससे संबंधित प्रस्ताव विधानसभा की ओर से केंद्र सरकार को भेजने की मांग की. इसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी. पूरक विधानसभा की कार्यवाही 28 अगस्त तक चलेगी.

विस में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश 4296.62 करोड़ रुपये के प्रथम अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा राशि 96889.72 लाख रुपये ग्रामीण विकास विभाग को मिली है. इसके बाद वित्त विभाग को 83583.48, स्वास्थ्य विभाग को 44863.30, प्राथमिक शिक्षा विभाग को 42000.00 और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को 41700.00 लाख रुपये की राशि आवंटित की गयी है.

**झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद : सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और जिला आईसीटी प्रभारी की बैठक**

# राज्यभर के स्कूलों में पहली बार आईसीटी चैंपियनशिप : झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव 2025

## राज्य स्तर पर कुल 48 प्रतिभागी लेंगे भाग, मुख्यमंत्री करेंगे राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन

शुभम संदेश। रांची



झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में राज्य भर के विद्यालयों में आईसीटी चैंपियनशिप : झारखंड ई शिक्षा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है. इस महोत्सव का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में डिजिटल साक्षरता और शैक्षणिक उन्नयन को बढ़ावा देना है. प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा. पहले चरण में जिला स्तर पर कक्षा 9-12 के छात्र-छात्राओं के लिए एक एमसीक्यू टेस्ट (बहुविकल्पीय प्रश्न परीक्षा) आयोजित की जाएगी. इसमें से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चार छात्र (2 लड़के और 2 लड़कियां) राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुने जाएंगे. दूसरे चरण में, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को एक एमसीक्यू टेस्ट और एक सब्जेक्टिव/एप्लीकेशन आधारित टेस्ट (लिखित/प्रैक्टिकल परीक्षा) से गुजरना होगा. दोनों परीक्षाओं के अंकों के आधार पर अंतिम विजेताओं का चयन किया जाएगा.

> **प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं की तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मिलेगा बढ़ावा : शशि रंजन**

**समापन समारोह में सीएम प्रतिभागियों को करेंगे पुरस्कृत :** विद्यालय स्तर पर कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं में से चयन कर प्रखंड, जिला और अंततः राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी. प्रत्येक स्तर पर चयनित प्रतिभागी अगले स्तर पर पहुंचेंगे. अंतिम चरण में राज्य स्तर पर कुल 48 प्रतिभागी (24 बालक एवं 24 बालिकाएं) भाग लेंगे, जिन्हें सम्मानित भी किया जाएगा. कार्यक्रम की पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला, प्रखंड और विद्यालय स्तर पर विशेष समितियां बनाई गई हैं. आयोजन के लिए आवश्यक बजटीय प्रावधान भी सुनिश्चित कर लिए गए हैं. राज्य स्तर की प्रतियोगिता का समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित करेंगे.

**आईसीटी चैंपियनशिप :** झारखंड ई शिक्षा महोत्सव 2025 ' को सफल बनाने के लिए सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला शिक्षा अधीक्षकों और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं. इस प्रतियोगिता के माध्यम से झारखंड सरकार का लक्ष्य राज्य में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है. राज्य परियोजना निदेशक द्वारा जारी अधिसूचना में सभी विद्यालयों से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने और इसे सफल बनाने का आग्रह किया गया है.

महोत्सव को सफल बनाने की तैयारियों का लेकर राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में उच्चस्तरीय बैठक हुई. इसमें सभी जिलों से आये सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और जिला आईसीटी प्रभारी शामिल हुए. बैठक के दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक ने कहा कि यह राज्य के विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप सशक्त बनाने का एक सार्थक मंच है.इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं की तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा मिलेगा. अतः सभी जिलों को निर्देशित किया जाता है कि प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण की तैयारी को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें. विशेष रूप से मॉक टेस्ट का आयोजन समय पर सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की प्रक्रिया और प्रारूप से पूर्णतः अवगत कराया जा सके.

### समय-सारिणी

| बैच | समय |
|---|---|
| बैच-1 | 9.30 एएम से 10.15 एमएम |
| बैच-2 | 10.30 एएम से 11.15 एएम |
| बैच-3 | 11.30 एएम से 12.15 पीएम |
| बैच-4 | 12.30 पीएम से 1.15 पीएम |
| बैच-5 | 2.15 पीएम से 3.00 बीएम |

| लेवल | तारीख |
|---|---|
| स्कूल | 8-13 सितंबर 25 |
| ब्लॉक | 15-20 सितंबर 25 |
| जिला | 23-27 सितंबर 25 |
| राज्य | 06-10 अक्तूबर 26 |
| मॉक टेस्ट | 25-29 अगस्त 25 (स्कूल लेवल) |

### ऑफलाइन ई-गुरुजी ऐप का उपयोग

प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा ऑफलाइन ई-गुरुजी ऐप का उपयोग है. यह ऐप एमसीक्यू टेस्ट के लिए इस्तेमाल किया जाएगा. सभी विद्यालय, प्रखंड और जिला स्तर के पदाधिकारियों को इस ऐप का उपयोग करने और उसके संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं. जिला स्तर पर मॉक टेस्ट (अभ्यास परीक्षा) 25-29 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएगा, राज्य स्तर पर प्रतियोगिता की तिथि 6-10 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है.

---

**रणनीति तैयार : भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए विधायक दल की बैठक, सरकार पर हमले की तैयारी**

# मानसून सत्र में सूर्या हांसदा एनकाउंटर, अटल क्लीनिक विवाद और शिक्षा पर सरकार को घेरेगा राजग

शुभम संदेश। रांची



झारखंड विधानसभा के चालू मानसून सत्र को लेकर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए विधायक दल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने की. बैठक में जदयू विधायक सरयू राय, आजसू विधायक निर्मल महतो, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान सहित भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पदाधिकारी शामिल हुए. बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि एनडीए गठबंधन विधानसभा सत्र में राज्य के ज्वलंत मुद्दों को जोरशोर से उठाएगा. उन्होंने सूर्या हांसदा एनकाउंटर को "फर्जी" बताते हुए इस मामले की सीबीआई जांच की मांग को प्रमुख एजेंडे में शामिल करने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है और एनडीए इस पर सदन में सरकार को कठघरे में खड़ा करेगा.

**सरकार पर विधि व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोपः** नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. पुलिसिया बर्बरता लगातार बढ़ रही है और सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है.

**अटल क्लीनिक नाम परिवर्तन पर सख्त रुखः** एनडीए नेताओं ने अटल क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लीनिक किए जाने को झारखंड निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान बताया. जायसवाल ने कहा कि भाजपा और सहयोगी दल इस फैसले का सदन में कड़ा विरोध करेंगे.

#### विश्वविद्यालय संशोधन बिल और शिक्षा व्यवस्था पर हमला

राज्य सरकार द्वारा लाए गए विश्वविद्यालय संशोधन बिल को तानाशाही करार देते हुए उन्होंने कहा कि इससे राज्यपाल के अधिकारों का हनन और उच्च शिक्षा को नुकसान पहुंचेगा. प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की हालत पहले से ही बदहाल है. स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है.

#### पूर्व विधायकों की सुरक्षा और युवाओं की बेरोजगारी भी मुख्य मुद्दे

राज्य में विपक्षी दलों के पूर्व विधायकों की सुरक्षा हटाए जाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के प्रखंड स्तरीय नेताओं को बड़ी संख्या में बॉडीगार्ड मिल रहे हैं, जो सरासर भेदभाव है. साथ ही युवाओं की बेरोजगारी, परीक्षा घोटाले, और भर्ती प्रक्रिया की अनियमितताओं को भी सदन में उठाया जाएगा.

#### सुदेश महतो को धमकी पर आजसू और लोजपा भी मुखर

आजसू विधायक निर्मल महतो ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो को मिल रही जान से मारने की धमकी को गंभीर बताते हुए सदन में इसका मुद्दा उठाने की बात कही. लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने भी सभी प्रमुख मुद्दों पर एकजुट होकर सरकार को घेरने का एलान किया.एनडीए का साफ कहना है कि झारखंड की मौजूदा सरकार लोकतंत्र, कानून और जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह असफल रही है और मानसून सत्र के दौरान ये सभी मुद्दे पुरजोर तरीके से उठाए जाएंगे.

#### किसानों की दुर्दशा व यूरिया की कालाबाजारी का मुद्दा उठेगा

एनडीए विधायकों ने अतिवृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद होने और यूरिया की कालाबाजारी का मुद्दा भी सदन में उठाने का ऐलान किया. किसानों को मजबूरी में ऊंचे दाम पर यूरिया खरीदनी पड़ रही है.

---

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ थाने में शिकायत

शुभम संदेश। रांची

बड़कागांव के चट्टी बरियातू कोल माइनिंग परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक रवि शंकर सिन्हा ने पगार ओपी, केरेडारी थाना में एक आवेदन देकर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनकी बेटी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ शिकायत कर सनहा दर्ज करने की मांग की है. आवेदन में सिन्हा ने दोनों नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ऋत्विक कंपनी के दो वरिष्ठ अधिकारियों, सीएम राजेश और सीएम रमेश को हजारीबाग आने की खुली चुनौती दी और धमकी दी है.

शिकायत के अनुसार, योगेंद्र साव ने कोल माइंस एरिया में आकर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को धमकाया और कहा कि यदि माइंस दोबारा शुरू हुई, तो वे किसी न किसी कर्मचारी को नुकसान पहुंचाएंगे. सिन्हा का दावा है कि योगेंद्र साव ने यह भी कहा, "मैं किसी से नहीं डरता, न प्रधानमंत्री से, न मुख्यमंत्री से. मैं 307 और 302 कर चुका हूं."

• **कर्मचारी की मौत से जुड़ा गंभीर आरोप** :शिकायत में एक दुखद घटना का भी उल्लेख किया गया है. कंपनी के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर शेख रिजवान शरीफ की 19 अगस्त 2025 की सुबह 9 बजे हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई.। रवि शंकर सिन्हा का कहना है कि रिजवान शरीफ योगेंद्र साव की धमकियों के कारण मानसिक रूप से काफी परेशान थे और यह मृत्यु उसी तनाव और भय का परिणाम हो सकती है।शिकायत में यह भी कहा गया है कि इन घटनाओं के चलते कंपनी के अन्य अधिकारी और कर्मचारी डरे हुए हैं और खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.

---

**कांग्रेस विधायक दल की बैठक : संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी का संकल्प**

# 26 अगस्त को इंडिया गठबंधन का विधानसभा के भीतर और बाहर जोरदार विरोध-प्रदर्शन

शुभम संदेश। रांची



कांग्रेस विधायक दल की बैठक विधायक दल के नेता प्रदीप यादव की अध्यक्षता में परिसदन कचहरी, रांची में संपन्न हुई. बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि लोकतंत्र की रक्षा करना तथा संविधान द्वारा प्रदत्त प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा करना, देश के प्रत्येक जनप्रतिनिधि का सर्वोच्च धर्म है.

विधायक दल के नेता यादव ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत हमें मतदान का अधिकार प्राप्त है. वोट की हेराफेरी और चोरी सीधे-सीधे संविधान का उल्लंघन है. इस अधिकार की रक्षा हेतु कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ने कमर कस ली है. विधायक दल की बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 अगस्त को इंडिया गठबंधन विधानसभा के भीतर और बाहर जोरदार विरोध-प्रदर्शन करेगा. यादव नेयह भी बताया कि मुख्यमंत्री से इस विषय पर बातचीत हुई है और मुझे पूर्ण विश्वास है किसरकार इसके विरोध में प्रस्ताव लाएगी भारत सरकार को सशक्त संदेश भेजेगी.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की आत्मा की रक्षा का आंदोलन है. हमें विश्वास है कि यह आवाज़ पूरे भारत में गूंजेगी और सरकार को मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करेगी. बैठक में विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक रामेश्वर उरांव, सुरेश बैठा, भूषण बाड़ा, नमन विक्सल, ममता देवी, सोनाराम सिंकू, निशात आलम एवं रामचन्द्र सिंह उपस्थित रहे.

---

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक में 103 मामलों की समीक्षा**

# विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा करने पर बनी सहमति

शुभम संदेश। रांची



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक संपन्न हुई. बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी. बैठक में रिहाई से संबंधित 37 नए मामलों के साथ-साथ 66 वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया, जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किया गया था.

**एक-एक कैदी की फाइल पर गंभीरता से विचार हुआः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे कुल 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया. पर्षद द्वारा रिहाई हेतु अनुशंसित एक-एक कैदी की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया. मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली. सीएम ने रिहाई हेतु अनुशंसित कैदियों की उम्र व पारिवारिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक स्थिति की भी पूरी जानकारी ली. मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर गहन विचारोपरान्त 51 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी.

#### रिहा हो रहे कैदियों को नया जीवन शुरू करने के लिए करें प्रेरित

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा रिहा हो रहे कैदियों को एक बेहतर सामाजिक जीवन शुरू करने के लिए प्रेरित करें. कहा कि रिहाई से संबंधित अनुशंसित मामलों में कुछ मामले ऐसे भी हैं, जिसमें कैदियों के बीमार होने और कुछ की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने की बात कही गई है. बेहतर कार्ययोजना तैयार कर ऐसे कैदियों को शारीरिक एवं मानसिक चिकित्सा प्रदान की जाए. चिकित्सा के उपरांत डॉक्टरों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार वैसे कैदियों की रिहाई पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि वे अपना जीवन सुचारू रूप से व्यतीत कर सकें. अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों को हर हाल में सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं से जोड़ें.

#### वर्ष 2019 अबतक रिहा हुए 470 कैदियों को मिल रहा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ

अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में सहमति के उपरांत वर्ष 2019 से अबतक राज्य के विभिन्न कारागारों से 619 कैदियों को रिहा किया जा चुका है, जिसमें 558 कैदियों का विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन भी किया गया है. 61 बंदियों का भौतिक सत्यापन किया जाना बाकी है. यह भी बताया गया कि वर्ष 2019 से अबतक रिहा हुए 619 में से 470 कैदियों को सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा ई0श्रम कार्ड इत्यादि योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया है. रिहा हुए वैसे कैदी जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्रक्रियाधीन है, जल्द ही सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से उन्हें आच्छादित किया जाएगा.

---

## एक नजर

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने पुस्तक भेंट की



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिंन्हा और उनकी पत्नी डॉ अंजु कुमारी ने मुलाकात की और उन्हें अपनी नई किताब झारखंड आंदोलन और पत्र पत्रिकाएं भेंट की. इस किताब को अनुज सिन्हा व और उनकी पत्नी डॉ अंजु कुमारी दोनों ने मिल कर लिखा है. किताब में झारखंड आंदोलन की महत्वपूर्ण जानकारी के साथ- साथ दुर्लभ फोटो और दस्तावेज हैं. राज्यपाल को किताब के बारे में जानकारी भी दी. उन्हें महात्मा गांधी की झारखंड यात्रा नामक अपनी पुस्तक भी भेंट की.

### नेशनल जेसीआई स्कॉलरशिप व एप्टीट्यूड टेस्ट-2025 का आयोजन



**रांची।** जेसीआई रांची ने शुक्रवार को शारदा ग्लोबल स्कूल, बुकरू में नेशनल जेसीआई स्कॉलरशिप व एप्टीट्यूड टेस्ट-2025 का आयोजन किया. इस स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के 100 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया.इस परीक्षा में उत्तीर्ण अंक हासिल करने वाल विजेता को जेसीआई इंडिया की ओर से 1 लाख और उपविजेता को 50 हजार की स्कॉलरशिप दी जाएगी. बच्चों ने इस परीक्षा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.इस कार्यक्रम का संचालन अमन पोद्दार व कौशल अग्रवाल ने किया. अध्यक्ष प्रतीक जैन व तरुण अग्रवाल ने बच्चों के उत्साह के लिए उनको भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया.

### सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामलाः भाजपा की जांच समिति ने अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी



**रांची।** सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच के लिए भाजपा द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को रिपोर्ट सौंपी. सदस्यों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भानू प्रताप शाही,प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल उपस्थित रहे.

### जेएसएससी पहुंचे विधायक जयराम महतो, प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर छात्रों की नाराजगी पर जताई चिंता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर छात्रों में बढ़ रही नाराजगी के बीच विधायक जयराम महतो शुक्रवार को अपने शिष्टमंडल के साथ जेएसएससी कार्यालय पहुंचे. उन्होंने आयोग के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता से मुलाकात कर समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और एक ज्ञापन सौंपा. विधायक ने नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूला की पारदर्शिता, सहायक आचार्य भर्ती में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद असफलता, बायोमेट्रिक मिसमैच और दो वर्षीय बीएड कोर्स से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाईं. साथ ही लेडी सुपरवाइजर, पंचायत सचिव, पीजीटी, जूनियर इंजीनियर समेत अन्य पदों की अगली सूची शीघ्र जारी करने की मांग की. लंबित परीक्षाओं—जैसे दरोगा, सिपाही, स्पेशल ब्रांच, एक्साइज कांस्टेबल, वनरक्षी, कक्षपाल—पर भी चर्चा हुई। विधायक ने परीक्षा कैलेंडर का सख्ती से पालन करने और नई भर्तियों के लिए जल्द विज्ञापन निकालने की आवश्यकता पर जोर दिया. जेएलकेएम उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि संगठन युवाओं की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्षरत है.

### सैप के जवानों को हटाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सैप के जवानों को हटाने के मामले को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थियों को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए उनको हटाए जाने पर रोक लगा दी. अदालत ने मामले में सरकार से जवाब मांगा है. अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी. इस संबंध में शिव कुमार साव सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी. कोर्ट के आदेश से 213 सैप के पदाधिकारियों और जवानों को राहत मिली है. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा.



शादी के बंधन में बंधी टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री जिया मानेक

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 07

रांची, शनिवार 23 अगस्त 2025 I भद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 136 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

# भेलाटांड़ सरकारी जमीन फर्जीवाड़ा में बरवाअड्डा थाने में एफआईआर दर्ज

## ■ गोविंदपुर सीओ ने दर्ज कराई एफआईआर ■ अमर चंद्र गोराई, बलराम गोराई और राजीव रंजन बने मुकदमे के आरोपी

**शुभम संदेश। धनबाद**

खबर का असर



भेलाटांड़ में खाता बदलकर 4.1 एकड़ सरकारी जमीन का फर्जीवाड़ा



राजीव रंजन उर्फ रवि यादव

भेलाटांड़ मौजा में 4.10 एकड़ सरकारी जमीन के फर्जीवाड़े के मामले में गोविंदपुर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बरवाअड्डा थाने में प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कराई है. यह कार्रवाई अपर समाहर्ता, धनबाद, विनोद कुमार के निर्देश के आधार पर की गई है. टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच में खुलासा हुआ कि गोविंदपुर अंचल अंतर्गत भेलाटांड़ मौजा (मौजा संख्या-77) के गैर-आबाद खाता संख्या 271, प्लॉट संख्या 220 की 4.10 एकड़ सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से खाता संख्या 273, प्लॉट संख्या 220 में परिवर्तित कर अवैध रूप से बेचा गया.

**एफआईआर में आरोप**

गोविंदपुर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने अपने आवेदन में बताया कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ है कि राजीव रंजन उर्फ रवि यादव, जो पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर हैं, ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से उक्त सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री की. राजीव रंजन ने तीन पावर ऑफ अटॉर्नी—संख्या 0078/152 (27.03.2021), 1055/81 (13.02.2021), और 4223/370 (08.06.2022)—के आधार पर अमर चंद्र गोराई (पिता : प्रफुल्ल गोराई) और बलराम गोराई के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया.

जांच में यह भी बात सामने आई कि बंदोबस्त कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार, भेलाटांड़ मौजा में कुल 272 खाते दर्ज हैं, और खाता संख्या 273 का कोई उल्लेख नहीं है. हाल सर्वे खतियान में खाता संख्या 271, प्लॉट संख्या 220 बिहार सरकार के नाम पर दर्ज है, जो पूरी तरह सरकारी जमीन है. इसके बावजूद, फर्जी खतियान बनाकर और ऑनलाइन रिकॉर्ड में हेरफेर कर इस जमीन को अवैध रूप से बेचा गया.

### डीसी के आदेश पर शुरू हुई कार्रवाई

डीसी आदित्य रंजन के आदेश पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि इस मामले में शामिल फर्जी खतियानधारी अमर चंद्र गोराई, पावर ऑफ अटॉर्नी देने वाले बलराम गोराई, और पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर राजीव रंजन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर प्राथमिकी दर्ज की जाए. इसके अलावा, उक्त भू-खंड पर खरीद-बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, 38 दाखिल-खारिज और सभी निबंधित दलीलों को रद्द करने, तथा डिजिटाइजेशन और जमाबंदी में शामिल दोषी पदाधिकारियों को चिह्नित करने के आदेश दिए गए थे.

### अमर के नाम पर ऑनलाइन हुई थी जमीन

अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार की जांच में यह पुष्टि हुई थी कि खाता संख्या 273 बंदोबस्त कार्यालय में दर्ज नहीं है. इसके बावजूद, इस खाता संख्या के तहत 66 दलीलों का निबंधन और 38 दाखिल-खारिज किए गए. अंचल अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार, यह जमीन अमर चंद्र गोराई के नाम पर ऑनलाइन दर्ज की गई थी, और इस पर चार मकान, प्लॉटिंग के लिए चारदीवारी, और कुछ हिस्सा परती जमीन मौजूद है.

### सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ पीपी पांडेय, डॉ ईपिल टोपनो |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | - | डॉ जितेन्द्र चौधरी |
| नेत्र रोग | - | डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | - | डॉ स्नेहा केशरी |
| शिशु रोग | - | डॉ राजेन्द्र |
| मनोरोग | - | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ रुमा प्रसाद |
| फिजियोथेरेपी | - | -- |
| न्यूरो विशेषज्ञ | - | -- |
| **गायनी इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ सुरभी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ सुरभी |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ राकेश रंजन |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ निलम बाला |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मासूम आलम |

## ब्रीफ खबरें

### 15 किलो सोना लूटकांड में दो स्कार्पियो जब्त, आरोपी फरार

**बरवाअड्डा।** मध्यप्रदेश जबलपुर में 15 किलो सोना लूट मामले में गुरुवार को जबलपुर पुलिस बरवाअड्डा पुलिस के सहयोग से बड़ा पिछड़ी गांव निवासी लखन पांडेय के घर में छापेमारी की. छापेमारी में पहुंची पुलिस को देख लखन पांडेय के दोनों पुत्र जयप्रकाश पांडेय और रामप्रकाश पांडेय भाग निकले. इसके बाद पुलिस ने देर रात लोहार बरवा स्थित चालक के घर के समीप से स्कार्पियो संख्या जेएच10 बीटी- 5142 जो रामप्रकाश पांडेय का है. वहीं जयप्रकाश पांडेय की स्कार्पियो संख्या जेएच10डीबी- 5142 जयनगर स्थित चालक के घर से जब्त किया. पुलिस ने दोनों चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि लोहार बरवा स्थित स्वर्ग शिबू मंडल के मकान में किराए पर रह रहे हैं. पुलिस लोहार बरवा स्थित शिबू मंडल के मकान में छापेमारी के लिए पहुंचने से पूर्व फरार हो गए.

### शत प्रतिशत दुकानों की बंदोबस्ती संपन्न

**धनबाद ।** उपायुक्त आदित्य रंजन की उपस्थिति में आज धनबाद जिला में 51 समूहों के अन्तर्गत खुदरा उत्पाद दुकानों, जिसकी कुल संख्या 130 है, की बंदोबस्ती ई लॉटरी पद्धति से मुख्यालय स्तर पर की गयी। इसमें 106 कम्पोजिट शराब दुकान तथा 24 देशी शराब दुकान है। सहायक आयुक्त उत्पाद राम लीला रवानी ने बताया कि उक्त पद्धति में सभी 130 दुकानों की बंदोबस्ती हो गयी। जिसमें 5% जमानत राशि 17,73,63,819/- रूपये तथा 7.5% अग्रिम उत्पाद परिवहन कर 26,60,45,604/- रूपये की प्राप्ति होगी एवं कुल 130 खुदरा उत्पाद दुकानों में कुल वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क 1,57,90,000/- रूपये की भी प्राप्ति होगी।

**एटीएस की चौंकाने वाली रिपोर्ट : 285 लोग देश-विदेश के आतंकी संगठनों से जुड़े**

# वासेपुर भी आतंकियों का बना नया ठिकाना

**शुभम संदेश। रांची**

## पाकुड़ में सबसे ज्यादा 131 संदिग्ध चिह्नित





### एटीएस की टीमें डिजिटल सबूतों की जांच में जुटीं

राज्य पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है और एटीएस की टीमें डिजिटल सबूतों की गहन जांच में जुटी हैं. अधिकारियों का कहना है कि खुफिया नेटवर्क को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि आतंक की इस जड़ को उखाड़ा जा सके.

झारखंड में आतंकी गतिविधियों को लेकर एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है. राज्य की एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड के 285 लोग देश और विदेश में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं. एटीएस की रिपोर्ट खतरे की घंटी है, क्योंकि झारखंड में जिस तरह आतंकी नेटवर्क का विस्तार हो रहा है, वह केवल राज्य के लिए ही नहीं, पूरे देश की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है. सबसे ज्यादा 113 संदिग्ध पाकुड़ जिले से सामने आए हैं, जिससे यह इलाका आतंकियों के लिए एक नए सुरक्षित ठिकाने के रूप में उभरता दिख रहा है. इसके अलावा साहिबगंज से 65, रांची से 49 और जमशेदपुर से 22 संदिग्धों की पहचान हुई है. शेष संदिग्ध राज्य के अन्य जिलों से हैं.

**खतरनाक हैं सारे आतंकी संगठन :** रिपोर्ट के अनुसार, जिन आतंकी संगठनों से ये लोग जुड़े हैं, उनमें इंडियन मुजाहिद्दीन, लश्कर-ए-तैयबा, इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस), अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस), हिज्ब उत-तहरीर, और जमात- उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जेएमबी) जैसे खतरनाक संगठन शामिल हैं.

**वासेपुर (धनबाद) अब आतंकियों का नया अड्डा बनता जा रहा :** पूर्व में माफिया गतिविधियों के लिए कुख्यात वासेपुर (धनबाद) अब आतंकियों का नया अड्डा बनता जा रहा है. यहां से एटीएस ने हाल ही में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक युवती शबनम परवीन भी शामिल है. जांच में सामने आया कि ये लोग डार्क नेट के जरिए विदेशी एजेंटों के संपर्क में थे और इनके पास से जिहादी सामग्री से भरे मोबाइल और लैपटॉप बरामद हुए हैं. रांची से पकड़े गए डॉ. इश्तियाक अहमद, जो पेशे से रेडियोलॉजिस्ट हैं, पर अलकायदा के झारखंड मॉड्यूल को संचालित करने का आरोप है. इसी के साथ रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश ने पाकुड़ में युवाओं को गुप्त ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है.

**33 से अधिक स्लीपर सेल भी सक्रिय :** एटीएस की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 33 से अधिक स्लीपर सेल सक्रिय हैं, जो सामान्य नागरिकों की तरह रहकर आतंकी संगठनों के लिए काम कर रहे हैं. ये सेल अत्यधिक संगठित हैं और पहचान से बचने के लिए सोशल मीडिया और डार्क नेट का इस्तेमाल कर रहे हैं.


# धनबाद, बाघमारा, गोविंदपुर और तोपचांची में बनेंगे पैक्स के गोदाम

## 100 एमटी क्षमता वाले गोदाम के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की मांग

**एक्सक्लूसिव**

**खास बातें**

- जिला सहकारिता पदाधिकारी ने चारों सीओ को लिखा पत्र
- गोदाम के लिए 10 डिसमील जमीन की मांग



फाइल फोटो

**अमित सिन्हा**

**धनबाद।** जिला सहकारिता पदाधिकारी, धनबाद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत राज्य योजनान्तर्गत धनबाद, बाघमारा, गोविंदपुर और तोपचांची अंचलों के अंतर्गत प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) में 100 एमटी क्षमता के गोदाम, मार्केटिंग सेंटर, और ड्राइंग यार्ड के निर्माण के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश जारी किया है. जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में निबंधक, सहकारी समितियाँ, झारखण्ड, राँची के पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि धनबाद अंचल के साथ-साथ गोविंदपुर, बाघमारा और तोपचांची अंचलों के अंतर्गत चयनित पैक्स के लिए भी कम से कम 10 डिसमील सरकारी भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है. यह प्रस्ताव संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों द्वारा अग्रसारित किया गया है.

पत्र के अनुसार, राज्य सरकार की योजना के तहत लैम्पस/पैक्स में 100 एमटी क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए न्यूनतम 10 डिसमील भूमि की आवश्यकता है. इस के लिए बाधमारा, गोविंदपुर, और तोपचांची के अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संबंधित पैक्स के पंचायतों में सरकारी भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि विभाग को गोदाम निर्माण का प्रस्ताव भेजा जा सके. पत्र की प्रतिलिपि संबंधित पैक्स के अध्यक्ष, प्रबंधक, और सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को भी भेजी गई है. जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने अंचल कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें. यह पहल धनबाद जिले में सहकारी समितियों की भंडारण क्षमता को बढ़ाने और किसानों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इससे स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों के भंडारण और विपणन में सुधार होने की उम्मीद है.

# जिला प्रशासन व ईसीआर की बैठक

## रेलवे से जुड़ी संरचनात्मक व प्रबंधन योजनाओं पर विचार



**शुभम संदेश। धनबाद**

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा मंडल रेल प्रबंधक श्री अखिलेश मिश्र एवं मंडल के अन्य अधिकारियों के बीच आज संध्या एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर एवं रेलवे से जुड़ी संरचनात्मक व प्रबंधन योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आधारभूत ढाँचे, यात्री सुविधाओं व जनहित योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए आपसी सामंजस्य एवं समन्वय के साथ कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल तथा मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बैग झपटने में युवती सड़क पर गिरी, टूटा हाथ

## ग्रामीणों ने बाइक सवार तीन अपराधियों में से एक को दबोचा

■ पकड़ा गया अपराधी इरफान टुंडी के लटानी का रहने वाला



**शुभम संदेश। गोविंदपुर**

गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड खड़काबाद में शुक्रवार दोपहर मोटरसाइकिल पर सवार झपट्टा मार गिरोह ने आटो पर सवार सविता कुमारी मंडल का बैग ने झपट लिया. बैग बचाने के क्रम में वह टेंपो से जीटी रोड पर गिर गई. इस घटना में वह जख्मी हो गई, उसका हाथ टूट गया. वह रेलवे का एनटीपीसी परीक्षा देने धनबाद जा रही थी. इस घटना के बाद वह परीक्षा भी नहीं दे पाई.सविता गोविंदपुर थाना क्षेत्र के ही बरवापूर्व निवासी पशुपति मंडल की पुत्री है. ग्रामीणों ने बताया कि अपराधी उसका बैग लेकर भाग रहे थे, इस बीच हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग जुट गए. तीन अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार थे. इनमें दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए और एक खेत की ओर कूद गया. यह देखकर मो इरशाद, मो नसरुद्दीन, पूर्व मुखिया बबलू मंडल समेत आसपास के लोगों ने चारों ओर से घेर कर उस अपराधी को पकड़ लिया. अपराधी को पड़कर गोविंदपुर थाना के हवाले कर दिया गया. पूछताछ के क्रम में अपराधी ने उसका नाम इरफान शेख और पूर्वी टुंडी थाना के लटानी का रहने वाला बताया. इस घटना के पहले झपट्टा मार गिरोह ने गुरुवार को भी खड़काबाद निवासी मो. परवेज की पत्नी निखत परवीन से भी लूटपाट की थी. यह घटना भी खड़काबाद के पास जीटी रोड पर हुई थी. वह केनरा बैंक से रकम निकाल कर आ रही थी. इस बीच सड़क पर खड़े अपराधियों ने टेंपो से महिला का पर्स छीन लिया. उसमें 4000 और मोबाइल फोन था. ग्रामीणों ने पुलिस को बताया था कि खड़काबाद के समीप झपट्टा मार गिरोह के सदस्य प्रतिदिन आते हैं, इसको लेकर पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने ग्रामीण युवकों को सक्रिय किया था.

**वैज्ञानिक चेतावनी** — जीवनशैली का मानव जीवन पर पड़ रहा है गहरा असर

# मनुष्य के बाल और चार अंग हो सकते हैं गायब



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि आज की जीवनशैली के कारण भविष्य में मनुष्य के बाल गायब हो सकते हैं और यहाँ तक कि उसके शरीर के चार अन्य अंग भी नष्ट हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आहार, तकनीक और पर्यावरण में बदलाव हज़ारों वर्षों में इन बड़े विकासवादी बदलावों का कारण बन सकते हैं। शरीर के बाल या कुछ अंग जैसे जो गुण कभी जीवित रहने के लिए ज़रूरी थे, वे अब मानव शरीर से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं। शोधकर्ता विशेष रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि कैसे आधुनिक सुख-सुविधाएँ, कम शारीरिक गतिविधि और चिकित्सा प्रगति हमारी शारीरिक रचना को उस तरह से नया रूप दे सकती है जैसा पहले केवल विकासवादी सिद्धांत में ही देखा गया था।

### शरीर के ये 5 अंग जो अब धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं

1. शरीर के बाल कभी गर्मी और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य करते थे। लेकिन आजकल, इन्हें अक्सर सौंदर्य संबंधी कारणों से हटा दिया जाता है। पलकों और भौहों के अलावा, बालों को हटाना, खासकर महिलाओं के बीच, एक मानक सौंदर्य प्रसाधन पद्धति बन गई है। एक अध्ययन में पाया गया है कि ब्रिटेन में 90% से ज़्यादा महिलाएं आमतौर पर अपने बगल और पैरों के बाल हटाती हैं, और कई महिलाएं अपने जघन बालों का भी एक बड़ा हिस्सा हटाती हैं। अब मुख्यत: कॉस्मेटिक और धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे शरीर के बालों के साथ, वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मनुष्यों के शरीर के बाल झड़ते रहेंगे। आधुनिक कपड़े, गर्म घर और तकनीकी सुख-सुविधाओं का मतलब यह भी है कि प्राकृतिक इन्सुलेशन अब ज़रूरी नहीं रहा। इसलिए, शरीर के बाल और भी पतले, विरल या पूरी तरह से गायब हो सकते हैं।
2. अक्ल दाढ़, या तीसरी दाढ़, मूल रूप से हमारे पूर्वजों को जड़ों, मेवों और कच्चे मांस जैसे कठोर, कच्चे खाद्य पदार्थों को पीसने में मदद करती थीं। लेकिन आधुनिक खाना पकाने और नरम आहार का मतलब है कि हममें से ज़्यादातर लोगों को अब इनकी ज़रूरत नहीं है।

यूके में, अध्ययनों से पता चलता है कि लगभग 20% वयस्कों ने कम से कम एक अक्ल दाढ़ निकलवाई है, जबकि प्रसंस्कृत और पके हुए खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार ने इन अतिरिक्त दाढ़ों को काफी हद तक अनावश्यक बना दिया है। लगभग 5 में से 1 व्यक्ति के चारों अक्ल दाढ़ कभी नहीं निकलते, जिससे पता चलता है कि ये पहले से ही कम आम होते जा रहे हैं।

(शेष पेज-11 पर)

# पीएचसी और सीएचसी में आधार सुविधाएं हो सुनिश्चित : डीसी

**शुभम संदेश। धनबाद**

### 05 और 15 साल के बच्चों का मैंडेटरी बायोमीट्रिक अपडेट तथा मोबाइल नंबर से होगा जोड़ना

### उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति के साथ बैठक हुई. बैठक में उपायुक्त ने सबसे पहले सुदूर क्षेत्रों में आधार पंजीकरण व अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जिला के सभी पीएचसी तथा सीएचसी (जिनका अपना भवन हो) में आधार केंद्र सुविधाएं सुनिश्चित करें. इसके अलावा उन्होंने शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण में तेजी लाने की बात कही. बीआरसी की सभी मशीन अनिवार्य रूप से 05 और 15 साल के बच्चों का मैंडेटरी बायोमीट्रिक अपडेट तथा मोबाइल नंबर से जोड़ने की बात कही. साथ ही उपायुक्त ने जिला अंतर्गत 2 आधार सेंटर जहां अलग अलग जिला से भी लोग कार्य करवाने आते हैं, वहां सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को 18 वर्ष से अधिक आयु आधार निर्माण के प्राप्त लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने जिला समाज कल्याण विभाग को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों का आधार पंजीकरण कराने का निर्देश दिया. कहा कि जिनका आधार बने हुए दस वर्ष हो गये हैं और उन्होंने कभी भी अपडेट नहीं कराया है. उनका अनिवार्य रूप से अपना आइडी कार्ड और एड्रेस प्रूफ/डॉक्यूमेंट अपडेट अवश्य करवा लें. जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला के सभी संकुल साधन केंद्र (बीआरसी) को एक्टिवेट कर सुदृढ़ करने का निर्देशित किया गया.

▼ ब्रीफ खबरें

## आपरेशन सिंदूर बलिदानी के घर गूंजी किलकारी

**झरिया ।** 12 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बलिदान हुए भारतीय सेना के जवान रामबाबू सिंह के घर खुशियों की किलकारी गूंज रही है. रामबाबू सिंह की पत्नी अंजली सिंह ने अपने मायके में रह कर गुरुवार की दोपहर धनबाद के एक अस्पताल में एक पुत्री को जन्म दिया. पुत्री के जन्म लेते ही जियलगोरा स्टेडियम के समीप रहने वाले अंजली सिंह के पिता व पुत्री के नाना सुभाष चंद्र शर्मा सहित परिवार में खुशी का माहौल है. सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि 14 दिसंबर 2024 को अंजली की शादी बिहार के सिवान जिले के बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर गांव निवासी रामविचार सिंह के पुत्र रामबाबू सिंह के साथ रीति रिवाज के साथ हुई थी. रामबाबू आर्मी के आरटी ब्रिगेड में तैनात थे. उन्होंने बताया कि होली में रामबाबू अपनी पत्नी के साथ गांव गए हुए थे. इसी दौरान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रामबाबू अपनी गर्भवती पत्नी को छोड़ वापस ड्यूटी पर चले गए। युद्ध के दौरान दुश्मन के ड्रोन हमले में वह बलिदान हो गए.

## झरिया में श्रीराणी सती दादी जी की कलश एवं ध्वजा शोभा यात्रा

**झरिया।** श्री राणी सती दादी जी की कलश शोभा यात्रा एवं ध्वजा यात्रा 22 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे नगर के मुख्य मार्गों से भव्यता, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निकाली गई. यात्रा से पूर्व दादी जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और वाहन पर भव्य दरबार सजाया गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ यात्रा में भाग लिया और समूचा वातावरण भक्तिमय बना रहा. देशबंधु सिनेमा के समीप जब यात्रा पहुंची, तो मारवाड़ी युवा मंच – झरिया शाखा ने श्रद्धालुओं के बीच पेयजल और शीतल पेय वितरित कर सेवा भावना का परिचय दिया. भीषण गर्मी में यह सेवा अत्यंत सहायक सिद्ध हुई और श्रद्धालुओं ने मंच की सराहना की. इस सेवा कार्य का संचालन संयुक्त सचिव सनी अग्रवाल, गौतम अग्रवाल, मयंक केजरीवाल, पूर्व अध्यक्ष गणेश अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य भी शामिल हुए.

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का रक्तदान शिविर 24 को

**चिरकुंडा ।** नेहरू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को बैठक संपन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 अगस्त को ब्रह्माकुमारी के राजयोग भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. बैठक में ब्रह्माकुमारी के बीके अर्चना,बीके पिंकी,बीके ऊषा,मोनिता,राधा बहन, कुशुम बहन, ममता, नूतन, जयंती, मुकेश पाण्डेय, बीके जोगेन्दर, जीतेन्द्र भाई, हर्ष, जयनंदन, शुभांकर आदि थे.

## मुखिया के प्रयास से मडमा गांव में जलापूर्ति बहाल

**निरसा बाजार ।** निरसा अंतर्गत मडमा पंचायत के मडमा गांव के ग्रामीणों ने मुखिया संघ अध्यक्ष रीता देवी और समाजसेवी मनोज सिंह को सूचना दी कि मडमा गांव में पाचों टोला के लोगों को पिछले चार दिनों से पानी नहीं मिल पा रहा है. मंडल टोला, आदिवासी टोला, भोक्ता टोला, बाउरी टोला एवं मुंडा धौडा में पेय जलापूर्ति बाधित है. सूचना मिलते ही तत्काल जेसीबी मशीन भेज कर और पाइप लगाने की सामग्री व्यवस्था कर समस्या को हल कराते हुए जनहित में पेय जल आपूर्ति पुनः बहाल करवाया.

## धनबाद-गोरखपुर साप्ताहिक ट्रेन को मंजूरी

**धनबाद ।** रेलवे ने धनबाद से गोरखपुर के लिए नई साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को मंजूरी दे दी है. नई ट्रेन धनबाद से गोमो, पारसनाथ, कोडरमा व वाराणसी होकर चलेगी। धनबाद से गोरखपुर की ट्रेन 14 सितंबर तथा गोरखपुर से धनबाद के लिए 15 सितंबर से चलेगी.इस ट्रेन से गोरखपुर के साथ-साथ जौनपुर, औड़िहार, मऊ जानेवालों को भी सीधी ट्रेन मिल जाएगी. नई ट्रेन से दुर्गापूजा, दिवाली व छठ के दौरान मौर्य एक्सप्रेस एवं गोमो होकर चलने वाली शालीमार-गोरखपुर एक्सप्रेस का विकल्प मिल जाएगा.

# छेड़खानी करने वाला शिक्षक गया जेल

### आरोपी शिक्षक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**खास बातें**

- श्री नरसिंह नारायण उच्च विद्यालय बागसुमा की घटना
- प्रजापति कुम्हार समाज ने सख्त सजा दिलाने की रखी मांग



**शुभम संदेश। गोविंदपुर**

श्री नरसिंह नारायण उच्च विद्यालय बागसुमा की कक्षा 5 की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ मामले में गोविंदपुर पुलिस ने आरोपी शिक्षक इम्तियाज हुसैन को शुक्रवार को जेल भेज दिया. पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने बताया कि लड़की के पिता के आवेदन पर छेड़खानी एवं पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है. इस कांड के अनुसंधानक अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने शुक्रवार को लड़की को छात्र का बयान कोर्ट में दर्ज कराया. पुलिस ने इम्तियाज हुसैन के खिलाफ कांड संख्या 399/25 बीएनएस 2023 की धारा 74, 75(2) एवं 8/10 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है . इस बीच प्रजापति कुम्हार समाज के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मोहन कुंभकार, विश्वनाथ पाल, सीताराम कुंभकार, माथुर कुंभकार आदि बागसुमा विद्यालय एवं गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली. उन्होंने पुलिस इंस्पेक्टर से भी मुलाकात की और आरोपी शिक्षक को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आग्रह किया. इंस्पेक्टर ने आश्वासन दिया कि लड़की के पिता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पुलिस विधि सम्मत पूरी कार्रवाई करेगी. दोषी को सजा मिलेगी. उल्लेखनीय है कि नरसिंह नारायण उच्च विद्यालय में गुरुवार को आरोपी शिक्षक ने घटना को उसे वक्त अंजाम दिया, जब टिफिन हुई थी. आरोपी शिक्षक ने 11 वर्षीया छात्रा को एक खाली कमरे में बुलाकर छेड़खानी की थी. आरोपी शिक्षक प्राथमिक विद्यालय जरगरी में सहायक शिक्षक है. गत 17 जून को उनका प्रतिनियोजन उच्च विद्यालय बागसुमा में हुआ था. पीड़ित छात्रा ने भी छेड़छाड़ किए जाने की बात स्वीकारी है. ग्रामीणों को इसकी जानकारी होते ही आक्रोशित हो उठे और विद्यालय आकर हो-हंगामा शुरू कर दिया. ग्रामीण आरोपी शिक्षक को ग्रामीणों के हवाले किए जाने की मांग कर रहे थे. मामला बिगड़ते देख प्रभारी प्रधानाध्यापिका गुलशन आरा ने इसकी तत्काल सूचना गोविंदपुर थाना को देते हुए किसी अनहोनी की आशंका जताई. सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और आरोपी शिक्षक इम्तियाज हुसैन को हिरासत में लेकर थाना आ गई. ऐन मौके पर पुलिस नहीं पहुंचती तो कोई अप्रिय घटना घट सकती थी. विद्यालय घेराव की खबर सुनकर बागसुमा मुखिया निमाई चंद्र महतो, देवली मुखिया शांति राम रजवार, सीआरपी अशोक मंडल विश्वनाथ पाल आदि विद्यालय पहुंचे और उत्तेजित ग्रामीणों को समझाया.

# ईआरएमसी का एक दिवसीय रेल बचाओ-देश बचाओ कार्यक्रम

**शुभम संदेश। कलियासोल**


छोटा अंबोना रेलवे स्टेशन परिसर में ईस्टर्न रेलवे मेन्स कांग्रेस (ईआरएमसी) का एक दिवसीय रेल बचाओ-देश बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से ईआरएमसी पूर्व रेलवे के अध्यक्ष विनोद शर्मा, आसनसोल रेल डिवीजन के कोर्डिनेटर सुबीर चटर्जी, दशरथ ठाकुर, डीसी हालदार, गौतम प्रसाद, शाखा अध्यक्ष भुसन दास, शाखा सचिव बिपिन कुमार, धर्मवीर पासवान, कार्यक्रम अध्यक्ष मोहम्मद मोजामिला, एमके गुप्ता, महिला फ़ोरम के पापीया भट्टाचार्य, पिन्टु श्रीवास्तव, प्रीतम कुमार, तनवीर अंसारी, भीम यादव, कोषाध्यक्ष सुजित पात्रा, अविनाश भारती आदी के साथ 11 शाखा के अध्यक्ष, सचिव, आफिस वेयर के साथ ईआरएमसी नेता उपस्थित थे. मंचासीन लोगों को ईआरएमसी का पट्टा, अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ तथा मोमेंटो देकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर फूलमाला पहनाकर हुआ. रेल कर्मी अशरफ़ अंसारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दौ मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी. वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें. ईआरएमसी अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि 17 सूत्री मांग को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. रेलवे के हर एक कर्मचारी, पदाधिकारी सभी के सुख दुःख में हम सभी एक साथ रह कर काम करतें हैं. एनपीएस और युपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन योजना का बहाली करना अतिआवश्यक है. छोटा अंबोना रेलवे स्टेशन पर एक रेस्ट रुम का होना आवश्यक है. रेलवे में आउटसोर्स पर अविलंब रोक लगाई जाए. पद सृजन पर लगीं रोक को हटाया जाय. डीएडीआर की रोकी गई किस्तों को जल्द बहाल किया जाय. नाईट ड्युटी भत्ता के भुगतान पर लगाएं गये प्रतिबंध को हटाया जाय और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी ग्रुप सी कर्मचारी का एनडीए का भुगतान हो. रेलवे कर्मचारीयो को जोखिम एवं कठिनाई भत्ता का भुगतान सुनिश्चित किया जाए. रेलवे में 12घंटे का ड्युटी को समाप्त किया जाए. महिला कर्मचारियों के कार्यस्थल की परिस्थितियों में सुधार किया जाए. लम्बित पीएनम और डीसी/जे सीएम मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाए. कार्यक्रम को सफल बनाने में तारकेश्वर यादव,सुबल चन्द्र मंडल,अण्डाल 2के उपाध्यक्ष रबिंद्र सिंह, सुब्रत हालदार, इमाम आला,छोटा आम्बोना स्टेशन मेनेजर देव वर्मा, राजकुमार महंतो, कामदेव, हजाम, आदी के उपस्थित थे.

# तेलमोचो हरिजन टोला में एक बार फिर भू-धंसान,फैली दहशत

### बस्ती के लोगों में आक्रोश, जनप्रतिनिधियों से भी नाराजगी

**शुभम संदेश। महुदा**





तेलमोचो हरिजन टोला में हिरामनी देवी के घर के समीप एक बार फिर भू-धंसान होने से ग्रामीणों में दहशत है. इससे पूर्व भी दो बार यहां भू धंसान की घटना हो चुकी है. तब दोनों बार प्रशासन,बीसीसीएल प्रबंधन, सांसद, विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि आये और देखकर चले गये. बाद में बीसीसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों को नोटीस देकर घर खाली करने के लिए कहा गया लेकिन मुआवजा एवं पुनर्वास के सवाल पर चुप्पी साध ली. जनप्रतिनिधि भी मौन रह गये. इस उदासीनता के कारण गांव के लोग काफी डरे हुए हैं. समय रहते यदि उचित व्यवस्था नहीं की गई तो आनेवाले समय में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है. स्थानीय लोंगो ने कहा कि पूरे मुहल्ले के नीचे गोफ है, जिससे खतरा बना रहता है. ज्ञात हो कि वर्षों पूर्व बीसीसीएल प्रबन्धन के द्वारा उक्त जमीन के नीचे उत्खन्न कार्य किया गया था और बिना बालू भराई के ही छोड़ दिया था. घटना की सूचना पाकर जिला परिषद सदस्य आशा देवी घटना स्थल पहुँची और भू धंसान क्षेत्र का आलोकन कियाऔर उन्होंने कहा कि यहाँ के लोगों को कभी भी जान माल का नुकसान हो सकता है. इसलिए जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबन्धन शीघ्र क्षेत्र का घेराबन्दी कर डेन्जर जोन घोषित करे और यहाँ के गामीणों को उचित व्यवस्था करे. सचना पाते ही महुदा थाना प्रभारी देवानन्द प्रसाद ने पीसीआर वैन के साथ एएसआई विष्णु साह को सदल बल के साथ घटना स्थल पर भेजा.बीसीसीएल प्रबन्धन से भी बातचीत की. मौके पर जिप प्रतिनिधी गणेश महतो, गणेश राम, रंजित महतो, सिमन्त महतो आदि मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### बासुदेव ओसीपी में डीजल चोरों ने गार्ड को पीटा

**केंदुआ (शुभम संदेश)।** सिजुआ एरिया के बासुदेवपुर ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में रात को शॉवेल की सुरक्षा के तैनात दो गार्डो की डीजल लुटेरों ने पिटाई कर दी.वासुदेवपुर कोलियरी के प्रबंधक सन्तोष चौधरी ने केंदुआडीह थाना में लिखित शिकायत की है. ओसीपी में गुरुवार की रात छह डीजल चोरों गिरोह ने धावा बोला और डीजल चोरी का प्रयास किया. ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा प्रहरी राजेश पासी और द्वारिका प्रसाद भुइंया के साथ मारपीट की. सुरक्षा प्रहरियों ने सीआइएसएफ पोस्ट पर भागकर जान बचाई. सूचना मिलने पर एरिया की सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम घटनास्थल पर पहुंची तो डीजल चोर भाग निकले. सीआईएसएफ ने दोनों सुरक्षा प्रहरियों को कोलियरी कार्यालय तक पहुंचाया. कर्मियों ने बताया कि डीजल चोरों ने गुरुवार की रात दस बजे के लगभग प्रोजेक्ट में आकर डीजल चोरी का प्रयास किया. विरोध करने पर पिटाई की. शाम को चोरों ने परियोजना में खड़ी एक शावेल मशीन का शीशा फोड़ दिया था. घटना से कर्मी दहशतजदा हैं. कोलियरी प्रबंधन से सुरक्षा की मांग की है. केंदुआडीह पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### वाहन से एक दर्जन गाय गिराकर भागे तस्कर, मौत



**निरसा बाजार (शुभम संदेश)।** निरसा के रामकनली एनएच 19 दिल्ली टू कोलकाता रोड पर एक दर्जन गाय को चलती हुई गाड़ी से फेंक दिया गया है. सड़क पर गिर इन गायों की मौत हो गई. गो रक्षा दल की लगातार कार्रवाई के कारण गो तस्करों ने अपनी जान बचाने के लिए वाहन से गायों को नीचे गिरा दिया है. निरसा तेतुलीया स्थित रिलायंस पेट्रोल के समीप से भी चलते वाहन से बारह गौ माता को नीचे गिरा दिया गया. यहां भी सभी की मौत हो गई. निरसा के गौ रक्षा दल अभिजीत दास ने बताया कि यह घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच हुई है. उन्होंने घटना की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि गो तस्कर को जानकारी मिल गई थी कि उनका इंतजार निरसा गो रक्षा दल की टीम कर रही है. तब उनके द्वारा यह कदम उठाया गया और सभी गौ माता को वाहन से नीचे गिराकर फरार हो गये. फिलहाल सभी गो माता का अंतिम संस्कार निरसा गो रक्षा दल द्वारा कर दिया गया है. जनता मजदूर संघ के नेता मनोज सिंह द्वारा दो जेसीबी भेजने का काम किया गया था, जिससे सभी गो माता को गड्ढा खोदकर अंतिम संस्कार किया गया. निरसा की गो रक्षा टीम के अभिजीत दास, बजरंग दल के नातु, झा, पवन यादव, लखींद्र बाउरी,संतोष दत्ता ,अमन साव, मोनू यादव आदि उपस्थित थे.

### बच्ची से छेड़खानी में दुकानदार गया जेल

**निरसा बाजार (शुभम संदेश)।** निरसा थाना क्षेत्र के बैजना में सामाजिक ताने बाने को शर्मसार करने वाले दुकानदार सुबल रवानी पर छेड़खानी एवं पोस्को एक्ट का मामला दर्ज कर पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया. दुकानदार पर नाबालिक बच्ची से छेड़खानी करने का आरोप है. बच्ची को मेडिकल जांच के लिए धनबाद ले जाया गया है. बच्ची के स्वजनों ने दोषी दुकानदार के लिए फांसी की सजा की मांग की है, जिससे कि भविष्य में ऐसी घिनौनी हरकत नहीं करें. जानकारी के अनुसार गुरुवार की संध्या उक्त बच्ची दुकानदार के दुकान पर चॉकलेट खरीदने गई थी. बच्ची के अकेले होने का फायदा उठाकर दुकानदार ने उसके साथ छेड़खानी एवं जोर जबरदस्ती का प्रयास किया. बच्ची ने घर जाकर मामले की जानकारी स्वजनों को दी. जिसके बाद स्वजन और स्थानीय ग्रामीण गुस्से में दुकानदार के दुकान पर पहुंचे. दुकान में तोड़फोड़ की तथा मामले की जानकारी पुलिस को दी. पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दुकानदार को पकड़कर थाना ले आई. जिसे जेल भेज दिया गया .

### एसएसपी ने किया स्केटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन




**बरवाअड्डा (शुभम संदेश)।** बरवाअड्डा क्षेत्र अंतर्गत पंडुकी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में सीबीएसई पूर्वी क्षेत्र स्केटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर आयुक्त रविराज शर्मा उपस्थित थे. वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है. उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना किया.स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजर्षि भूषण ने स्कूल द्वारा एक बिल्कुल नया 200 मीटर स्केटिंग ट्रैक बनाने और दौड़ों का निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आमतौर पर उपयोग की जाने वाली सुविधा, फोटो-फिनिश कैमरा लगाने के असाधारण प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम के दौरान सभी सम्मानित अतिथियों को सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में स्कूल स्मृति चिन्ह और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर सीबीएसई खेलों के तकनीकी प्रतिनिधि सुमित शर्मा, सीबीएसई खेलों के पर्यवेक्षक प्रवीण प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, स्केटिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. राजर्षि भूषण, सीबीएसई संयोजक समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे.

# मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान में 101 यात्री पकड़े गए



**शुभम संदेश। धनबाद**

धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में शुक्रवार को धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में गोमो-धनबाद-हजारीबाग रोड-पहाड़पुर-गोमो रेलखंड में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. जांच अभियान के परिणामस्वरूप 101 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे. इस दौरान उनसे 31,200 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई. धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा. टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई. धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है.

# सांसद ढुलू के साथ मुखिया संघ ने की केन्द्रीय मंत्री एसपी बघेल से मुलाकात

### मंत्री बघेल ने शीघ्र झारखंड सरकार से बात कर पहल करने का दिया भरोसा

**शुभम संदेश। महुदा**



धनबाद जिला अन्तर्गत बाघमारा प्रखण्ड के मुखिया संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद ढुलू महतो के साथ नई दिल्ली में मत्स्य पालन,पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री एसपी बघेल से मुलाकात किया. इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों की लंबित समस्याओं जैसे बकाया किस्तों का भुगतान, 15वें वित्त आयोग की राशि, और यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट,जारी करने जैसे अहम मुद्दों को मजबूती से रखा गया. जिसे मंत्री ने गम्भीरता से सुना और आश्वस्त किया कि सितंबर माह तक झारखंड सरकार के साथ बैठक कर इन विषयों पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. सांसद ढुलू महतो ने मुखिया संघ की मांगों का समर्थन कर सरकार से शीघ्र समाधान के लिए कार्रवाई करने की वकालत की. मुखिया संघ की अध्यक्ष रिंकु देवी, महासचिव समीर कुमार लाला उर्फ राजा लाला, संध्या देवी, सुनिता देवी, शिल्पी देवी, नन्दीनी देवी, गुड़िया देवी, पिंकी देवी, संगीता घोषाल, भाजपा जिला महासचिव धनेश्वर महतो, शिक्षक संघ के अंचल सचिव रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, दिनेश प्रमाणिक, सम्पद घोषाल, महेश कुमार पटवारी, आदर कुमार मिश्रा, कैलाश रवानी, दिलिप विश्वकर्मा, फागु महतो, नरेश गुप्ता, आदि शामिल थे.

# बाघमारा में रानी सती दादी का मंगलपाठ



**बाघमारा (शुभम संदेश)।** एक बार तू भी दादी का, घर में मंगलपाठ करा ले, होंगे तेरे ठाठ निराले. इस भक्ति भरे मंगलपाठ ने बाघमारा के रानी सती दादी मंदिर को भक्तिमय बना दिया. शुक्रवार को तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती भादो अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन मंगलपाठ का संगीतमय आयोजन हुआ. लाल गोटेदार चुनड़ी और मेहंदी सजे हाथों वाली सैकड़ों महिलाओं ने दादी जी का यशोगान किया. जिससे माहौल झुंझुनूं धाम जैसा हो गया. आयोजन में 100 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया.आचार्य मणि कांत ने मुख्य यजमान संजय-आभा हेलीवाल, स्वेता-विकास अग्रवाल और ईशा-सुशील पटवारी के साथ पूजन संपन्न कराया. श्वेता रुनझुन के मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया, जिससे भक्तगण झूमने और नृत्य करने लगे. महोत्सव में मंजू चौधरी, ललिता खंडेलवाल, तनु अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, ललिता पटवारी, ऊषा केडिया, ज्योति हेलीवाल, शंभु हेलीवाल, शंकर सराफ, सोनू शर्मा, नवनीत हेलीवाल, रिंकू हेलीवाल, रितेश अग्रवाल, राजकुमार सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे.

## चासनाला में बाल कृष्ण गोपाल की छठियारी की धूम



**चासनाला ।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित चासनाला केके गेट स्थित बाबा प्रेमनाथ शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को बाल कृष्ण गोपाल की छठियारी धूमधाम से मनाई गई . बताते चलें कि भगवान कृष्ण के जन्म के छठे दिन कान्हा की छठियारी मनाते हैं . इस दौरान भजन कीर्तन तथा आसपास के दर्जनों महिलाओं के द्वारा छठी गीत गाया गया . तश्चात प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया . मंदिर के पुजारी शंभू नाथ तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाल कृष्ण की जन्मोत्सव के साथ छठे दिन भगवान की छठियारी बड़े ही धूमधाम से भजन कीर्तन के साथ मनाई गई . प्रसाद का वितरण किया गया .इस मौके पर दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुष,बच्चे शामिल थे .

▼ ब्रीफ खबरें

### बीएसएल के नए निदेशक प्रभारी बने प्रिय रंजन

**बोकारो।** भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पब्लिक एंटरप्राइज सिलेक्शन बोर्ड (पीईएसबी) ने प्रिय रंजन को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो स्टील प्लांट का नया निदेशक-प्रभारी नियुक्त किया है. प्रिय रंजन ने 1988 में बीआईटी सिंदरी से धातुकर्म अभियांत्रिकी में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की थी. इसके बाद, उन्होंने 2020-22 के दौरान आईएमटी गाजियाबाद से वित्त में एमबीए की डिग्री भी हासिल की. वर्तमान में, वह कॉर्पोरेट कार्यालय, दिल्ली में कार्यकारी निदेशक (संचालन) के पद पर कार्यरत हैं और उनके पास माइनस एवं लॉजिस्टिक्स निदेशालय का अतिरिक्त प्रभार भी है.

### वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

**जमुआ (गिरिडीह)।** माननीय न्यायालय का जीआर संख्या 2260/2003 एवं जमुआ थाना कांड संख्या 230/2003 के फरार वारंटी अभियुक्त मदारी राय (65 वर्ष), पिता स्व. ठाकुर राय, निवासी धरचांची, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह को जमुआ पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया कि वह वर्षों से फरार था, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

### सड़क दुर्घटना में एसआई घायल

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** महुआर टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में बेंगाबाद थाना में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर रणधीर कुमार सिंह घायल हो गए. घटना के संबंध में बताया गया कि एसआई रणधीर कुमार सिंह गिरिडीह कोर्ट किसी कार्य से जा रहे थे. इसी दौरान सड़क किनारे स्थित होटल के पास अचानक एक कुत्ता दौड़कर सड़क पर आ गया, जिससे उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वे सड़क पर गिर पड़े. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सावित्री सोरेन ने उनका उपचार किया.

### तेरापंथ समाज ने मनाया सामयिक दिवस

**बोकारो।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, चास-बोकारो ने पर्युषण पर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को सामयिक दिवस मनाया. यह कार्यक्रम चास स्थित पुराना कुलदीप टॉकीज कॉम्प्लेक्स में माणकचंद छल्लाणी निवास स्थान पर हुआ. इस अवसर पर आचार्य श्री महाश्रमणजी की शिष्या उपासिका सायरजी कोठारी ने कहा कि मन और इंद्रियों को वश में करके समता की साधना ही सामयिक है. उपासिका संगीताजी पटावरी ने कहा कि जीवन में समता को उतारना ही सामयिक है. सामयिक समता की शिखर साधना है. इस अवसर पर जयचंद बांठिया, ताराचंद, मदन चौरड़िया, शांतिलाल जैन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे. पर्युषण पर्व के चौथे दिन शनिवार को वाणी संयम दिवस मनाया जाएगा.

### 70 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती संपन्न

**दुमका।** दुमका जिला के सभी 70 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती हाल ही में संपन्न हुई. यह प्रक्रिया उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में ई-लॉटरी के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की गई.


IN THE COURT OF THE EXECUTIVE MAGISTRATE, BOKARO

**AFFIDAVIT**

I, **MD TANBIR**, Son of Md Masiuddin, aged about-27 Years, by faith-Muslim, resident of Village-Sahariya, P.O.-Bhendra, P.S.-Nawadih, Dist.-Bokaro, State-Jharkhand, Pin-828401 do hereby solemnly affirm under as :-

1. That, my real and actual name is **MD TANBIR** and my father's real name is **MD MASIUDDIN**, which is mentioned in my Aadhar Card being No. 9480 3599 0441.
2. That, my name has been mentioned in my Bank Account of Bank of India, Bhendra branch vide Account No. 488510110006343 as **TANVEER ALAM** in place of **MD TANBIR** and my father's name has been also mentioned in my above Bank Account as **MASIUDDIN ANSARI** in place of **MD MASIUDDIN**.
3. That, **MD TANBIR** and **TANVEER ALAM** are the name of same and one identical person i.e. myself and **MD MASIUDDIN** and **MASIUDDIN ANSARI** are the name of same and one identical person i.e. my father.
4. That, I want to rectify my name in my above mentioned bank account as **MD TANBIR** in place of **TANVEER ALAM** and I want to also rectify my father's name in my above mentioned bank account as **MD MASIUDDIN** in place of **MASIUDDIN ANSARI**.
5. That, I am swearing this affidavit to submit it before the authority concern for needful purpose.

Affidavit No. 5847 Dt. 4.08.2025


# अपराध नियंत्रण पुलिस की जिम्मेदारी : एसपी



**शुभम संदेश। बोकारो**

जिले के पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने शुक्रवार को बोकारो थर्मल थाना का वार्षिक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, क्योंकि यह आम जनता के बीच पुलिस की विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए बेहद जरूरी है. निरीक्षण के दौरान, एसपी ने विभिन्न रजिस्टरों की जांच की, जिनमें अपराध, गैर-एफआईआर, मोटर दुर्घटना, वारंट, गुमशुदा और जमा रजिस्टर शामिल थे. उन्होंने सामान्य डायरी, एफआईआर बुक और सरकारी संपत्ति रजिस्टर का भी अवलोकन किया. इसके साथ ही, उन्होंने थाना परिसर, अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना और थाना भवन की स्वच्छता का भी गहन निरीक्षण किया. उन्होंने क्षेत्र में गश्ती दल की सक्रियता और पेट्रोलिंग गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया. इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुलिसकर्मियों को आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार करने की सलाह दी ताकि पुलिस की छवि सकारात्मक बन सके. हरविंदर सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास जीतना ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है. एसपी ने लंबित मामलों के त्वरित निपटारे पर भी जोर दिया और थाने में दर्ज विभिन्न आपराधिक घटनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की. इस अवसर पर थाना प्रभारी सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

# कारोबारी के घर से 25 लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

जिले के सरिया थाना क्षेत्र में अपराधियों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है. बताया गया कि गुरुवार की रात में सरिया थाना इलाके के हटियाटांड के समीप किराने के थोक कारोबारी के कैलाश मंडल के घर करीब 20 लाख नगद के साथ पांच लाख से अधिक मूल्य के ज़ेवर की चोरी हुई है. चोरी गए जेवरो में सोने की रिंग के साथ दो पीस चैन और चांदी के ज़ेवर शामिल है . घटना की जानकारी मिलने के बाद बगोदर विधायक नागेंद्र महतो के साथ पूर्व विधायक विनोद सिंह भी घटनास्थल पहुंच कर कारोबारी कैलाश मंडल से वार्ता किया. जानकारी मिलते ही सरिया थाना प्रभारी के साथ



एसडीपीओ धनंजय राम भी पुलिस जवानों के साथ कारोबारी के घर पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी लिया. इस बाबत कारोबारी कैलाश मंडल ने कहा कि उनकी मां, बच्चे और पत्नी घर पर ही सोई हुई थी. देर रात अपराधी घटना को अंजाम देकर फ़रार हो गया. शुक्रवार सुबह वे जब सोकर उठे, तो देखा की घर के कमरे का अलमारी टूटा हुआ था, सारा समान बिखरा पड़ा था. पीड़ित के अनुसार चोरी गए नगद में 15 लाख घर बनाने का पैसा था, जिसे बैंक से कर्ज लेकर टीएमटी, सीमेंट और गिट्टी वाले को देना था. जबकि खुद के कारोबार का छह लाख नगद था. कारोबारी के अनुसार 20 लाख रुपये को अलग-अलग कमरे के अलमारी में रखा गया था. जबकि पांच लाख का ज़ेवर भी अलग-अलग अलमारियों में था. कारोबारी के अनुसार चोर घर के मुख्य दरवाजे का लॉक तोड़कर घर के अंदर घुसे और घटना को अंजाम दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है.

# युवक की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त चाकू और मोबाइल बरामद, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी



**शुभम संदेश। साहिबगंज**

जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में महादेवगंज के पास एफसीआई गोदाम के निकट गुरुवार को हुई चाकूबाजी की घटना के दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस घटना में शोभनपुर भट्ठा निवासी राजीव यादव (19 वर्ष) की मौत हो गई थी. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों आशीष यादव और नितिश यादव को धर दबोचा. पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस अपराध में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. गिरफ्तारी दल में नगर प्रभारी अमित गुप्ता, थाना प्रभारी शशि सिंह, एसआई अभिषेक कुमार और जिरवाबाड़ी थाना पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल थे.

### जाली नोट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जाली नोट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी रंजन मंडल को बरहरवा जीआरपी रेल थाना ने पश्चिम बंगाल के वैष्णव नगर थाना क्षेत्र के हटाकपारा बौछापारा (बांग्लादेश सीमा के पास) से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के पास से 500 के 5000 के नकली नोट भी बरामद किए हैं. दरअसल, कुछ महीने पहले बरहरवा रेल थाना (जीआरपी) ने रेल कांड संख्या 12/25 में 4 लाख 12 हजार के नकली नोटों के साथ तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था. इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि और भी तस्कर इसमें शामिल हैं. जांच के सिलसिले में पुलिस ने पहले से ही जेल में बंद एक तस्कर को रिमांड पर लेकर पूछताछ की,



जिसकी निशानदेही पर यह गिरफ्तारी हुई. पुलिस की पूछताछ में रंजन मंडल ने स्वीकार किया कि वह काफी समय से जाली नोट के कारोबार में लिप्त था. उसने बताया कि ये सभी जाली नोट बांग्लादेश से भारत लाए जाते थे और देश के कई जिलों और राज्यों में खपाए जाते थे. जीआरपी थाना प्रभारी रामा शंकर प्रसाद ने बताया कि इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों तीर्थ सिंह (लुधियाना, पंजाब), इंद्रप्रीत सिंह (लुधियाना, पंजाब) और कालू घोष (बरहरवा) को भी गिरफ्तार किया जा चुका है.

# सूर्या हांसदा के परिजनों से सीता सोरेन ने की मुलाकात



**शुभम संदेश। ललमटिया**

भाजपा नेत्री और पूर्व विधायक सीता सोरेन शुक्रवार को ललमटिया थाना क्षेत्र के डकैता गांव पहुंचीं और सूर्यनारायण हांसदा के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी. इस दौरान उन्होंने सूर्यनारायण हांसदा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया. इस मौके पर सीता सोरेन ने पुलिस द्वारा सूर्यनारायण हांसदा के एनकाउंटर को मानवता के खिलाफ बताया और इसे प्रशासन की गलत मानसिकता का परिणाम कहा. उन्होंने सूर्यनारायण हांसदा को एक सामाजिक कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए लगातार आवाज उठा रहे थे. सोरेन के अनुसार, उनकी लड़ाई आमलोगों के बजाय अडाणी पावर प्लांट और ईसीएल जैसी बड़ी कंपनियों के खिलाफ थी. सीता सोरेन ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार आम जनता की आवाज को दबाना चाहती है. उन्होंने संकल्प लिया कि वे सूर्यनारायण हांसदा को न्याय दिलाकर ही दम लेंगी. इसके लिए वे राज्यपाल और राष्ट्रपति से भी मिलेंगी और मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करेंगी. सोरेन ने कहा कि जो व्यक्ति चार बार चुनाव लड़ चुका हो, वह अपराधी नहीं हो सकता, क्योंकि यदि वह अपराधी होता तो कोई भी पार्टी उसे टिकट नहीं देती. उन्होंने इस एनकाउंटर को गलत तरीका बताया. इस दौरान उनकी पुत्री जयश्री सोरेन, दुर्गा सेवा सेना युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पासी और कई अन्य नेता भी मौजूद थे.

# क्रिसेंट पब्लिक स्कूल पिन्ड्राजोरा में फैंसी ड्रेस समारोह संपन्न




**शुभम संदेश। बोकारो**

क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, पिन्ड्राजोरा में प्राइमरी वर्ग के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के 135 नन्हें-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना था. समारोह में नर्सरी से लेकर कक्षा चार तक के बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में विभिन्न किरदारों की भूमिका निभाई. नर्सरी और एल.के.जी. के बच्चों ने फल और सब्जी, प्रेप के बच्चों ने बर्गर, पिज्जा, पेड़ और पहाड़, कक्षा एक के बच्चों ने जीव-जंतु, कक्षा दो के बच्चों ने कार्टून पात्र, कक्षा तीन के बच्चों ने हमारे सहायक और कक्षा चार के बच्चों ने पौराणिक पात्रों की भूमिकाएं प्रस्तुत कीं. बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा, श्रीराम, सीता, हनुमान, अलादीन और हैरी पोटर जैसे पात्रों को बखूबी निभाया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक कल्याणी गुप्ता और एकेडमिक कोऑर्डिनेटर अक्षत गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया. उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं. यह मंच बच्चों को अपनी छुपी हुई प्रतिभा निखारने, स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त होने तथा संवाद कौशल और भावनात्मक नियंत्रण विकसित करने का अवसर प्रदान करता है. कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 4 के छात्र अकरम अंसारी और साधना कुमारी ने शिक्षिकाओं सुमन कुमारी शर्मा एवं अदिति मिश्रा के मार्गदर्शन में किया. इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी सुनीता सुमन, शिक्षक प्रभाकर कर्मकार, रॉपी सिंह, नीलम कुमारी, निर्मला कुजुर, दिपानीता कर, शकुंतला कुमारी, सुनील गोप, नेहा कुमारी और संजीव कुमार उपस्थित रहे.

# विकलांग, विधवा एवं वृद्धजन कल्याण मोर्चा ने 11 सूत्री मांग को लेकर निकाली रैली



**शुभम संदेश। दुमका**

दुमका जिला के शिकारीपाड़ा में शुक्रवार को विकलांग, विधवा एवं वृद्धजन कल्याण मोर्चा के बैनर तले 11 सूत्री मांगों को लेकर रैली निकाली गई. यह रैली विवाह भवन से प्रखंड मुख्यालय तक पहुंची और अंततः धरना में तब्दील हो गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष बालदेव राय ने की. इस दौरान मोर्चा की ओर से मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के नाम 11 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम को सौंपा गया. मांग पत्र में दिव्यांग, विधवा एवं वृद्धा पेंशन 3000 रुपया करने, विधायक निधि से दिव्यांग, विधवा और वृद्धा वर्ग पर 5% राशि खर्च करने, अस्थि दिव्यांग (लोकोमोटर) छात्र-छात्राओं के लिए जिला स्तर पर आवासीय विद्यालय खोलने, दिव्यांग परिवारों को अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने, दिव्यांगों को सीधी नियुक्ति देने, दिव्यांगों को आवास हेतु भूमि आवंटित करने, गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में दिव्यांगों को 5% आरक्षण जमीनी स्तर पर लागू करने, झारखंड राज्य में राज्य निःशक्ता आयुक्त नियुक्त करने, मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत दिव्यांगों को बिना गारंटर 10 लाख रुपये तक का लोन देने, राज्य विधानसभा में दिव्यांग प्रतिनिधि को मनोनीत सदस्य बनाने की मांग शामिल है. सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष बालदेव राय ने कहा कि जब तक सरकार दिव्यांग, विधवा एवं वृद्धजनों की मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक मोर्चा का आंदोलन जारी रहेगा. रैली में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, विधवाएं और वृद्धजन शामिल हुए. मौके पर लुईस हेंब्रम, राजन साह, मनीजर सोरेन, देवीलाल राय, मकलू टुडू, लूखी हांसदा, मुखी हेंब्रम, संजीव मोहली, संजीव मुर्मू, मिनू हेंब्रम, बड़की मरांडी, सुनीता, मिरूनी सोरेन सहित कई लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### आंगनबाड़ी केंद्रों का मुखिया ने किया निरीक्षण

**डुमरी (शुभम संदेश)।** डुमरी प्रखंड की कल्हाबार पंचायत के मुखिया नूरउद्दीन अंसारी ने शुक्रवार को गानोडीह, तेलखारा, दुधमटिया और कल्हाबार स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने केंद्रों में पाई गई कमियों को सुधारने के निर्देश दिए. निरीक्षण के बाद मुखिया ने बताया कि सुबह 11 बजे तक तेलखारा और दुधमटिया केंद्रों पर बच्चों के लिए खाना नहीं बन रहा था. जब स्टोर रूम की जांच की गई, तो वहां कोई खाद्य सामग्री भी नहीं थी. सहायिका ने शिकायत की कि सेविका उन्हें कोई सामग्री नहीं देती. इसके विपरीत, कल्हाबार आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए अंडा और खिचड़ी बन रही थी. वहीं, गानोडीह केंद्र के स्टोर रूम में खाद्य सामग्री मौजूद थी, लेकिन खाना नहीं बन रहा था. मुखिया ने कहा कि जब सभी केंद्रों में पैसा उपलब्ध है, तो भी बच्चों को न तो अंडा मिल पा रहा है और न ही भोजन. उन्होंने सेविकाओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में सरकार के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बच्चों को भोजन और अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए.

न्यूज अपडेट

### कार दुर्घटना में युवती की दर्दनाक मौत

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के करनपुरा पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की शाम हुए सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवती की दर्दनाक मौत हो गई. मृतका की पहचान पचंबा थाना क्षेत्र के बोडो गांव निवासी संजय कुमार सिन्हा की पुत्री कोमल सिन्हा के रूप में हुई है. परिवारिक सूत्रों के अनुसार कोमल गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे बाजार जाने के लिए घर से निकली थी. शाम लगभग साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि करनपुरा पेट्रोल पंप के नजदीक उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त होकर पानी से भरे गड्ढे में डूब गई है. आनन-फानन में परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां स्ट्रेचर पर कोमल का निर्जीव शरीर देखकर परिवार गहरे सदमे में डूब गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय लगातार बारिश हो रही थी, जिसके चलते सड़क किनारे तालाबनुमा गड्ढे में पानी भरा हुआ था. तभी वाहन असंतुलित होकर उसमें जा गिरा. मृतका के पिता ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार उनके परिचित सोहराब नामक व्यक्ति की थी. सूचना मिलते ही बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह स्वयं वर्दी पहनकर पानी में उतरे और काफी मशक्कत के बाद युवती को कार से बाहर निकाल कर अस्पताल ले गए. लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पीड़िता के पिता संजय कुमार सिन्हा ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात वाहन चालक पर लापरवाही से गाड़ी से चकमा देने का आरोप लगाया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर बेंगाबाद थाना की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

### प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने की आत्महत्या

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** रांगा थाना क्षेत्र के सरायविंधा गांव में शराब के आदी पति की प्रताड़ना से तंग आकर 38 वर्षीय ममता देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. लगभग 20 साल पहले ममता का विवाह राकेश पंडित से हुआ था. मृतका के परिजनों के अनुसार, राकेश पंडित अक्सर शराब पीकर ममता के साथ मारपीट और गाली-गलौज करता था. दो साल पहले इस मामले को लेकर पुलिस थाने में पंचायत भी हुई थी, जिसके बाद कुछ समय तक स्थिति ठीक रही, लेकिन जल्द ही फिर से वही सिलसिला शुरू हो गया. ममता के भाई रोहित पंडित ने रांगा थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है. ममता अपने पीछे दो मासूम बेटों को छोड़ गई है, जिन्होंने भी अपने पिता द्वारा शराब पीकर मां को प्रताड़ित करने की बात स्वीकार की है. यह घटना समाज में घरेलू हिंसा और शराब के कारण हो रही समस्याओं को उजागर करती है.

### महिला से सोने की चेन की छिनतई

**गोड्डा (शुभम संदेश)।** गोड्डा में दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन छीनने की घटना सामने आई है. यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे नगर थाना के ठीक पीछे स्थित लोहियानगर मोहल्ले में हुई. 50 वर्षीय महिला बाजार से अपने घर जा रही थी, तभी बाइक सवार एक अज्ञात अपराधी ने उनके गले से झपट्टा मारकर चेन छीन ली और कुछ ही मिनटों में फरार हो गया. महिला के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए, लेकिन तब तक आरोपी वहां से जा चुका था. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुट गई, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली. स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रास्ते पर पहले भी ऐसी वारदातें हो चुकी है, क्योंकि दोपहर के समय यह इलाका सुनसान हो जाता है. दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है. पुलिस ने कहा है कि आरोपी की तलाश जारी है.

### जनता दरबार में डीडीसी ने सुनी समस्याएं

**बोकारो (शुभम संदेश)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों एवं अन्य आमलोगों की समस्याओं और शिकायतों को सुना. इस दौरान अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार और सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) पीयूष उपस्थित थे. मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन किया गया. जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखा. त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों से प्रतिवेदन मांगा गया. जिला मुख्यालय में आयोजित इस जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई. इस दौरान अबुआ आवास, स्वास्थ्य, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीएसएल क्षेत्र से संबंधित शिकायतें, चौकीदार नियुक्ति और विस्थापितों के मामलों सहित कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए. सभी आवेदनों पर सुनवाई की गई.

### रेग्युलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल का स्वागत

**बोकारो (शुभम संदेश)।** लोकसभा में बुधवार को प्रमोशन एंड रेग्युलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल पारित हुआ. बिल में ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को बढ़ावा देने के साथ ही ऑनलाइन मनी गेम्स (जुआ-सट्टा) पर कड़ी सजा का प्रावधान है. विज्ञापन करने पर 2 वर्ष की कैद और 50 लाख रुपए जुर्माना, जबकि वित्तीय लेन-देन करने पर 3 वर्ष की कैद और 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना होगा. भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों डॉ. सीमा सिंह व अर्चना सिंह ने कहा कि यह कानून युवाओं को जुए की लत से बचाएगा. उनका कहना है कि यदि इसे ईमानदारी से लागू किया गया तो लाखों परिवारों को राहत मिलेगी.

### पीडीएस दुकानदारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**डुमरी (शुभम संदेश)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. यह प्रशिक्षण प्रभारी एमओ विकास वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ. प्रभारी एमओ वर्मा ने बताया कि अब तक पीडीएस दुकानदारों को ई-पॉश मशीन में इंटरनेट की समस्या का सामना करना पड़ता था. लेकिन सितंबर से स्मार्ट पीडीएस सॉफ्टवेयर इंस्टॉल और अपडेट हो जाएगा, जिससे इंटरनेट की समस्या खत्म हो जाएगी. प्रशिक्षण के दौरान सभी दुकानदारों को भारत सरकार की स्मार्ट पीडीएस योजना के फायदों की जानकारी दी गई. इस अवसर पर डीलर पंकज कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने लाभुकों की समस्याओं को देखते हुए यह स्मार्ट सॉफ्टवेयर लागू किया है. इसके माध्यम से लाभुकों का केवाईसी पूरा होते ही उनका नाम और जन्मतिथि आधार कार्ड के अनुसार स्वतः मशीन में अपलोड हो जाएगा. इससे लाभुकों की परेशानियां काफी हद तक दूर होंगी. उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद भी दिया.

### 75 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती संपन्न

**बोकारो (शुभम संदेश)।** अपर समाहर्त्ता मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में बोकारो जिले की 75 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती ई-लॉटरी के माध्यम से की गई. यह बंदोबस्ती वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के लिए की गई है, जो 1 सितंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी. सहायक उत्पाद आयुक्त उमा शंकर सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया में 546 आवेदक शामिल हुए, जिनमें से 75 खुदरा उत्पाद दुकानें आवंटित की गईं. इससे राज्य सरकार को 1,25,13,46,059 रुपये से अधिक का उत्पाद राजस्व प्राप्त होगा. इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धरंजय कुमार सहित अन्य उत्पाद पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे.

## ई-रिक्शा निबंधन के लिए 23 से 30 अगस्त तक कैंप

**धनबाद।** ई-रिक्शा के निबंधन के लिए जिला परिवहन कार्यालय में 23 अगस्त से 30 अगस्त तक विशेष कैंप लगाया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि दिनांक 23 अगस्त 30 अगस्त तक जिला परिवहन कार्यालय में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. जहां आकर ई-रिक्शा वाहन स्वामी अपने ई-रिक्शा का निबंधन करा लें तथा ड्रेस कोड का पालन करें. इसके उपरांत सरकार के निर्देशों का उल्लंघन पाये जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत उनपर सख्त कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा ई-रिक्शा (टोटो) चालकों का नीले रंग का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है. देखा जा रहा है कि ई-रिक्शा चालकों द्वारा ड्रेस कोड का पालन नहीं किया जा रहा है. साथ ही यह सूचना मिल रही है कि कई ई-रिक्शा वाहन चालकों द्वारा बिना निबंधन के वाहन का परिचालन किया जा रहा है. बिना निबंधन का परिचालन मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन एवं राजस्व क्षति का मामला है.

# बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

- पटाखा दुकान के लिए हर अंचल में चिह्नित किए जाएंगे एक-एक ग्राउंड



**शुभम संदेश। धनबाद**

दीपावली में पटाखा दुकान लगाने के लिए हर अंचल में एक-एक ग्राउंड चिन्हित किए जाएंगे. वहीं जो दुकानदार बिना लाइसेंस के पटाखा बेचते पाए जाएंगे उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह निर्देश उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से संबंधित बैठक में दिया.बैठक के दौरान उपायुक्त ने पटाखा बिक्री के लंबित आवेदनों की समीक्षा की. साथ ही दीपावली के अवसर पर पटाखा विक्रेताओं को अस्थाई लाइसेंस देने पर चर्चा की. बैठक के दौरान उपायुक्त ने मैगजीन हाउस की अंचलवार समीक्षा की. उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को मैगजीन हाउस का निरीक्षण कर प्लॉट सख्या की जांच तथा विशेष रूप से पत्थर एवं अन्य खदान में फायर सेफ्टी नियमों की जांच करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने आर्म्स लाइसेंस, जिले में लाइसेंसी हथियार की संख्या, नए आवेदन, रद्द हुए आवेदन इत्यादि की समीक्षा की. इसके बाद उपायुक्त ने जिला टेलीकॉम समिति के साथ बैठक कर जिले में स्थित मोबाइल टावरों की समीक्षा की. उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को सरकारी जमीन पर स्थापित टावर की जांच कर किराया निर्धारित करने, नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित करने तथा बिना अनुमति सरकारी भूमि पर लगे टावरों को हटाने का निर्देश दिया.बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, सामान्य शाखा के प्रभारी दीपक कुमार दुबे, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार के अलावा सभी अंचल के अंचल अधिकारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## अनुकंपा समिति में 10 आवेदकों के प्रस्ताव को स्वीकृति

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गयी. जिला अनुकंपा समिति की बैठक में समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 23 मामलों को प्रस्तुत किया गया. समिति द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों व इनमें संलग्न आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य आवश्यक कागजातों की गहन जांच की गयी. इसमें से 10 आवेदकों के दस्तावेज सही पाये गये, उन्हें स्वीकार कर लिया गया. जबकि जिनके दस्तावेजों में कमी पायी गयी, उन्हें आवश्यक सुधार के साथ अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया. जिला स्थापना समिति की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों के पदस्थापन और स्थानांतरण को लेकर चर्चा की गयी. इस दौरान 3 कर्मी को सेवा संपुष्टि की स्वकृति दी गई, वहीं कार्यालय अधीक्षक में 5, हेड क्लर्क में 9 तथा उच्च वर्गीय लिपिक में 1 को प्रोन्नति दी गई. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, स्थापना उप समाहर्ता दिलीप महतो, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहे.

> कार्यालय अधीक्षक में 5, प्रधान लिपिक में 9 तथा उच्च वर्गीय लिपिक में 1 को दी गई प्रोन्नति

## सीओ-बीडीओ से मिले झामुमो प्रखंड समिति के सदस्य



**शुभम संदेश। बाघमारा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो बाघमारा प्रखंड समिति का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को बाघमारा के अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से जाकर मिला. इस दौरान दोनों पदाधिकारियों को फूलों का गुलदस्ता और झारखंडी गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया. प्रतिनिधि मंडल ने प्रखंड की विभिन्न समस्याओं को लेकर दोनों पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और उन्हें इन मुद्दों से अवगत कराया. प्रतिनिधि मंडल में जिला संगठन सचिव मनोज रवानी, प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार रवानी, प्रखंड सचिव मनसा राम मुर्मु, प्रखंड उपाध्यक्ष बासुकीनाथ त्रिगुणायत, सह सचिव सज्जाद अंसारी, टेकलाल गोप, राजू प्रामाणिक, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार दिनकर, टुंडी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, प्रखंड प्रवक्ता बैजनाथ रवानी, मंजूर अंसारी, सुधांशु पांडेय, अमीर खान, वकील अंसारी सहित अन्य सदस्य शामिल थे. इस मुलाकात का उद्देश्य प्रखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर समाधान की दिशा में कदम उठाना था.

## मुगमा में कोल माइंस वर्कर यूनियन और जीएम के बीच स्ट्रक्चरल मीटिंग



- यूनियन ने जीएम के सामने उठाए ज्वलंत मुद्दे

**शुभम संदेश। निरसा बाजार**

ईसीएल मुगमा क्षेत्रीय सभागार में कोल माइंस वर्कर यूनियन और मुगमा क्षेत्र के महाप्रबंधक के बीच एक महत्वपूर्ण स्ट्रक्चरल मीटिंग आयोजित की गई. इस बैठक में यूनियन नेताओं ने कोलियरी कर्मचारियों से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया. बैठक में पीस रेटेड से टाइम रेटेड मजदूरों के स्पेशल भुगतान, असंगठित मजदूरों के बकाया भुगतान, बोनस, आइडेंटी कार्ड, वोकेशनल ट्रेनिंग, और टॉर्च मजदूरों का एड्रेस सुधार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. साथ ही, बंद पड़ी खदानों को पुनः चालू करने, विशेषकर बैजना कोलियरी के 29 नंबर खदान और संगमहल मेगा प्रोजेक्ट श्यामपुर को पुनः सक्रिय करने की मांग की गई. यूनियन नेताओं ने मजदूर आवासों की मरम्मत, क्वार्टर की रिपेयरिंग, बिल भुगतान में पारदर्शिता, और रिटायर्ड कर्मचारियों को समय पर ग्रेच्युटी देने पर भी जोर दिया. उन्होंने यह भी मांग की कि ग्रेच्युटी कोर्ट केस से टैग न की जाए और मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को समयबद्ध नौकरी दी जाए. श्यामपुर बी-पोलरी में स्पेशल सुविधाएं और कुदारी में डॉक्टर की नियुक्ति, साथ ही अस्पताल में दवाओं की कमी दूर करने की बात भी रखी गई. महाप्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इनका शीघ्र समाधान किया जाएगा. बैठक में कृष्ण सिंह, जगदीश शर्मा, हरेंद्र सिंह, विपिन मंडल, मुख्तार अंसारी, संजय सिंह, संजय रावत, इमरान, महेंद्र यादव, राम प्यारे और मिथुन समेत कई यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे.

## अब किशोर बंदियों को सुलभ और त्वरित न्याय मिलेगा : न्यायाधीश



**शुभम संदेश। धनबाद**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर सिविल कोर्ट धनबाद मे कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने निशुल्क विधिक सहायता के तहत आम जनता को त्वरित व सुगम न्याय कैसे दिलाई जाए इस पर कई निर्देश दिए. विशेष रूप से बाल बंदियों के अधिकार और उसके रखरखाव पर चर्चा करते हुए न्यायाधीश ने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड में जिस पैनल अधिवक्ता का केस है. उन सभी का यह दायित्व है कि बलबंदियों को त्वरित व सुलभ न्याय दिलाने का कार्य करें. कार्यशाला में डालसा सहायक सौरभ सरकार द्वारा नालसा की लीगल सर्विस मैनेजमेंट पोर्टल की बारीकियों की जानकारी पैनल अधिवक्ताओं को दी. ऑनलाइन पोर्टल पर कैसे कार्य किया जाए ताकि आम जनता अपने केस की जानकारी घर बैठे ही ले सकें.

## भादो अमावस्या में बही भक्ति की बयार

### श्री रानी सती दादी के जन्मोत्सव में कटा केक, लगा छप्पन भोग

**शुभम संदेश। पुटकी**



करकेंद श्री रानी सती दादी मंदिर में भादो अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को भक्ति की बयार बही. मन्दिर में उल्लास और आस्था का अद्भुत संगम दिखा. कोलकाता की भजन गायिका मोनिका शर्मा, प्रद्युम्न शर्मा और मनः श्रीशर्मा ने संगीतमय मंगल पाठ किया.भजन संध्या से दादीजी को महिमा मण्डित किया. मंगल पाठ व दादीजी के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को भक्ति में सराबोर कर दिया. भक्त भक्ति की धुनों पर झूम रहे थे. मंगल पाठ में 151 महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुईं. मंदिर परिसर राजस्थानी संस्कृति की भव्यता से निखर उठी. इस अवसर पर दादीजी के जन्मोत्सव का मिल्क केक काटा गया. छप्पन भोग, फल भोग और भंडारे का आयोजन भी किया गया. इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने भी दादी मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया.रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें धनबाद के ताली कीर्तन संघ की प्रस्तुति ने समा बांध दिया. शनिवार को महोत्सव के तीसरे दिन दादीजी का गुलाबजल स्नान, चुनरी उत्सव, पंचधारी भोग, खीर पूड़ा भोग, पाटा पूजन और छप्पन भोग का भव्य आयोजन होगा. साथ ही वाराणसी से आए ब्राह्मणों द्वारा महाआरती की जाएगी. अंत में महाप्रसाद वितरण के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन होगा. इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार टांटिया, अनिल बंसल, प्रदीप गोपालका, सुरेंद्र जिंदल, आनंद खंडेलवाल, बिल्लू केजरीवाल, श्रीराम भट्टर, प्रमोद अग्रवाल,पंडित रविकांत शास्त्री, सुमी धारी, निशा गोपालका, प्रीति गोयल, रेनू टांटिया, अनीता सतनालिका, गीता झुनझुनवाला, सरला मित्तल, शालिनी मित्तल, ज्योति अग्रवाल, रेखा गोयल, सुभाष गोयल, बजरंग डोकानिया, अनीश डोकानिया, दिलीप गोपालका, जीवन मित्तल, निर्मल मित्तल, मनोज अग्रवाल, गिट्टू तुलस्यान, मीणा गोयल, किरण वर्मा सहित अन्य भक्त उपस्थित थे.

# आसनसोल

## जलजमाव से जीवन अस्त-व्यस्त

- झालदा में लोगों ने किया सड़क जाम

**शुभम संदेश। पुरुलिया**



ज़िले के झालदा नगर पालिका क्षेत्र में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. वार्ड नंबर 7 की डेरा बस्ती और वार्ड नंबर 3 की पाटझालदा रोड जलमग्न हो गईं, जिससे लोगों के घरों में घुटनों तक पानी भर गया. शुक्रवार सुबह डेरा बस्ती के गुस्साए निवासियों ने बांधाघाट-रांची-पुरुलिया मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. कई घंटों की नाकेबंदी के बाद प्रशासन के आश्वासन पर लोगों ने रास्ता खाली किया. स्थानीय निवासी भारती कालिंदी और सुधीर कालिंदी ने बताया कि बारिश के दौरान पास के हाई ड्रेन का पानी उनके घरों में घुस गया. बस्ती में आज भी कई लोग झोपड़ियों में रह रहे हैं क्योंकि उन्हें पक्के मकान नहीं मिल पाए हैं. प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और पक्के मकानों की व्यवस्था की जाए. वहीं वार्ड 3 के छबि गोराई और बबन साव ने कहा कि पहाड़ों से आने वाले पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण ड्रेन ओवरफ्लो हो जाते हैं और घरों में पानी भर जाता है. इससे खाना पकाने और रहने तक में दिक्कत हो रही है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए झालदा नगर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष चिरंजीव चंद्रा मौके पर पहुंचे और जलनिकासी व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रशासन से बात कर स्थायी समाधान निकाला जाएगा. नगर पालिका के उप प्रधान सुदीप कर्मकार ने भी क्षेत्र का दौरा किया और आश्वस्त किया कि समस्या की जांच की जा रही है तथा प्रभावित लोगों को अस्थायी आश्रय और भोजन की व्यवस्था की गई है.

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

**रानीगंज (शुभम संदेश)।** पुस्तक मेला कमेटी और स्पोर्ट्स असेंबली के संयुक्त तत्वावधान में कोईलांचल क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम रानीगंज स्पोर्ट्स असेंबली प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें सीबीएसई, पश्चिम बंगाल बोर्ड और आईएसई बोर्ड की माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रानीगंज विधायक तापस बनर्जी ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आगे बढ़ने की प्रेरणा भी है. उन्होंने छात्रों से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर देश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया. समारोह में समाजसेवी जुगल प्रसाद गुप्ता, बोरो चेयरमैन मुजम्मिल शहजादा, टीएमसी ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश यादव, पार्षद ज्योति सिंह और दीपक गोप ने भी विद्यार्थियों को सम्मानित किया.

## सीतारामपुर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

### आदिकार्णा फाउंडेशन ने पीएम से एक्स पर की अपील

**शुभम संदेश। सीतारामपुर**



समाजसेवी संस्था आदिकार्णा फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता दौरे से पूर्व सीतारामपुर रेलवे स्टेशन की यात्री समस्याओं को उनके संज्ञान में लाया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से प्रधानमंत्री को टैग करते हुए यात्रियों की मांगें उठाई हैं. ज्ञात हो कि सीतारामपुर स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत विकसित किया जा रहा है. इस पहल की सराहना करते हुए वर्मा ने प्रधानमंत्री के "लोकल टू वोकल" के संदेश का समर्थन करते हुए स्थानीय समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया. उन्होंने विशेष रूप से कॉर्ड लाइन पर जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस और मेन लाइन पर बक्सर-टाटा एक्सप्रेस के अप-डाउन ठहराव की मांग की है. सीतारामपुर स्टेशन, अयोध्या जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक अहम पड़ाव बन सकता है. इसके अलावा, उन्होंने मिथिला एक्सप्रेस (डाउन) और काठगोदाम एक्सप्रेस (अप) के ठहराव की भी गुज़ारिश की है. शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे पर्वों से यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होती है. इसको लेकर पूर्व में यह मांग उठायी गई है.

## जय बालाजी मोबाइल शोरूम में वीवो वी60 की लॉन्चिंग



**शुभम संदेश। नियामतपुर**

नियमतपुर स्थित जय बालाजी मोबाइल के नए शोरूम में शुक्रवार को वीवो के नवीनतम स्मार्टफोन वी60 की भव्य लॉन्चिंग समारोह आयोजित किया गया. इस विशेष मौके पर बांग्ला फिल्म जगत के लोकप्रिय अभिनेता अबीर चटर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने नए मोबाइल का अनावरण किया. शोरूम के मालिक मनीष घेड़िया उर्फ हेमू की माता प्रभा देवी ने अबीर चटर्जी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया, जबकि मनीष घेड़िया और उनकी धर्मपत्नी निशा घेड़िया ने भी अतिथि का स्वागत किया. अभिनेता अबीर चटर्जी ने मंच से सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और कंपनी के नए मोबाइल की लॉन्चिंग पर सभी को शुभकामनाएं दीं. समारोह में केक काटकर मोबाइल लॉन्च का जश्न मनाया गया. इस अवसर पर आशीष घेड़िया, सचिन बालोडिया, अरुण संघई, राजेश डोकनिया और सुनील चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. आयोजन में उत्साह और उत्सव का माहौल देखने को मिला.

## श्रीकृष्ण उत्सव पर महाप्रसाद का आयोजन



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

आद्रा में श्रीकृष्ण भगवान की छठियारी मनायी गई. प्रभु के इस उत्सव पर भक्तों के बीच महाप्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया. भक्तों ने प्रभु का भव्य श्रृंगार किया. प्रभु को महाभोग लगाया जिसमें खिचड़ी, पायस, सब्ज़ी, चटनी और पापड़ शामिल थे. हजारों की संख्या में भक्तों ने पहले प्रभु भजन गाए. हरे कृष्ण- हरे कृष्ण का नाम जाप किया. जिससे भक्तो को शांति और तृप्ति का अनुभव हुआ. इस उत्सव के मुख्य सूत्रधार आद्रा ग्राम पंचायत के प्रधान तूफान कुमार राय थे. निचले आद्रा के बेनियासोल में गुरुवार को आयोजित जन्माष्टमी उत्सव एकता का एक अनूठा क्षण बन गया, जहाँ सभी लोग, जाति, धर्म और वर्ण से ऊपर उठकर, कृष्ण के नाम पर एक साथ आए और महाप्रसाद ग्रहण किया.

## मानबाजार में दीवार गिरने से वृद्ध की मौत



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

ज़िले के मानबाजार थाना क्षेत्र के मकरकेंडी गाँव में भारी बारिश के चलते एक घर की दीवार गिरने से 61 वर्षीय मंजुरा महतो की दर्दनाक मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, वह अपने मवेशियों को खोलने के लिए घर से बाहर निकले थे, तभी अचानक दीवार गिर गई और वह उसकी चपेट में आ गए. स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें मलबे से बाहर निकालकर मानबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि भारी बारिश से गाँव के हालात अस्त-व्यस्त हो गए हैं और कई कच्चे मकान खतरे की स्थिति में हैं. इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है.

## न्यूज अपडेट

### सोना चोरी के आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रानीगंज (शुभम संदेश)।** महाराष्ट्र पुलिस ने अंडाल के कजोरा इलाके के एक निजी कारखाने से पूर्णा मंडल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार व्यक्ति बीरभूम जिले के पैकर पुलिस स्टेशन का निवासी है. सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार पूर्णा मंडल महाराष्ट्र में एक सोने की दुकान में एक श्रमिक के रूप में काम करता था. लगभग चार महीने पहले पूर्णा उस दुकान से 250 ग्राम सोना चोरी करके फरार हो गया था. इसके बाद पूर्णा कुछ महीने पहले ही एक सुरक्षा गार्ड के रूप में कारखाने में नौकरी शुरु किया था. मामले में महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम ने अंडाल थाने की मदद से काजोरा में निजी कारखाने से पूर्णा मंडल को गिरफ्तार किया. आरोपी को दुर्गापुर मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया.

### भादो अमावस्या पर श्री धोली सती दादी जी का पूजन

**रानीगंज (शुभम संदेश)।** बड़ा बाजार हनुमान मंदिर में श्री धोली सती दादी प्रचार समिति के तत्वावधान में भाद्र अमावस्या उत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया और श्री दादी जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने भक्तों को दिव्यता का अनुभव कराया. कार्यक्रम में छप्पन भोग, संगीतमय भजन-कीर्तन और अखंड ज्योत की विशेष व्यवस्था की गई. समिति के संयोजक कुशल सराफ ने बताया कि यह उत्सव विशेष रूप से बिंदल गोत्र के लोगों द्वारा मनाया जाता है और इसका उद्देश्य दादी जी की महिमा का गुणगान करना है. प्रसिद्ध भजन गायक दुर्गा पांडे द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया. संगीत की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अनिल सराफ, महासचिव रवि श्रॉफ, मनोज श्रॉफ, राजेश श्रॉफ सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे. भक्त राजेश श्रॉफ ने कहा कि दादी जी अपने भक्तों पर अपार कृपा बरसाती हैं और यह उत्सव श्रद्धा का प्रतीक है. पूरे रानीगंज में दादी जी के भजनों की गूंज सुनाई दी.



# घुटनों में होने वाले दर्द के लिए ट्राय करें यह देसी नुस्खा

**बढ़ती उम्र और डेली रूटीन में अलग-अलग स्थितियों के कारण हमारे शरीर में अलग-अलग प्रकार के बदलाव होते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई प्रकार की बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं भी शरीर को अपना शिकार बनाती हैं जिनमें घुटनों का दर्द भी प्रमुख रूप से गिना जाता है। घुटने के दर्द की समस्या ज्यादातर बुजुर्गों को परेशान करती है वहीं खेलकूद से जुड़े लोगों को भी इस समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए यहां पर एक देसी नुस्खे के बारे में बताया जा रहा है जो उनके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कारगर रूप से कार्य कर सकता है। आइए इस देसी नुस्खे के बारे में आपको पूरी जानकारी देते हैं।**

## क्यों होता है घुटनों में दर्द?

इस देसी नुस्खे को जानने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि आपके पैरों में होने वाले दर्द का प्रमुख कारण क्या होता है? मुख्य रूप से अगर बात की जाए तो घुटनों में होने वाला दर्द टेंडइनाइटिस, गाउट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, बेकर्स सिस्ट, बर्साइटिस जैसी मेडिकल कंडीशन के कारण होता है। इसके अलावा खेलकूद के दौरान लगने वाली चोट या फिर किसी दुर्घटना में गिरने के कारण भी घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है। नीचे आपको ऐसे दो खास देसी नुस्खे बताए जा रहे हैं जो सामान्य रूप से घुटने में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने के लिए आपकी मदद कर सकते हैं।


## सेब के सिरके का करें सेवन

सेब के सिरके में ऐसे कई औषधीय गुण मौजूद रहते हैं जो आपकी सेहत के लिए भी प्रभावी रूप से फायदेमंद साबित होते हैं। एक चम्मच सेब के सिरके को अगर आप गर्म पानी के साथ मिलाकर पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पेन रिलीविंग गुण आपके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए प्रभावी असर दिखा सकता है। आप इस तरह सेब के सिरके का दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं। कोशिश करें कि खाना खाने के पहले इसका सेवन करें।

## नींबू और तिल के तेल का इस्तेमाल

एक नींबू लें और उसे काटकर रस निकाल लें। अब दो चम्मच तिल के तेल में नींबू के रस को मिलाएं और हल्के हाथों अपने घुटनों पर इस मिश्रण की मालिश करें। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद यानी मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले आप इस देसी नुस्खे को ट्राय कर सकते हैं। नींबू में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण घुटनों में होने वाली सूजन को कम कर के दर्द को दूर कर सकता है।
एक बात का ध्यान रखें कि गंभीर मेडिकल कंडीशन होने के कारण आपको इस देसी नुस्खे का कोई खास फायदा नहीं मिलेगा और आपको मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत भी पड़ेगी।









**किडनी की पथरी एक आम समस्या है, जो किसी को भी हो सकती है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों को किडनी की पथरी का अधिक खतरा होता है और लगभग आधे लोगों को 10 से 15 साल के भीतर दोबारा पथरी हो सकती है। यह एक दर्दनाक स्थिति है, जो आपका सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित कर सकती है।**

# किडनी की पथरी का खतरा महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक

किडनी में पथरी क्यों बनती है किडनी की पथरी तब बनती है जब कैल्शियम, ऑक्सालेट और यूरिक एसिड जैसे अपशिष्ट पदार्थ शरीर से बाहर नहीं निकल पाते और क्रिस्टल यानी छोटी-छोटी पथरी का रूप ले लेते हैं। समय के साथ यह बड़े होते रहते हैं। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, कई बार छोटी पथरी पेशाब के जरिए बाहर निकल जाती हैं लेकिन कई बार वो पेशाब के रास्ते में अटक सकती हैं, जिससे मरीज को पेशाब के दौरान जलन, गंभीर दर्द, पेट और पीठ के बीच शरीर के एक तरफ गंभीर दर्द, पेशाब में खून, मतली और उल्टी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

## किडनी की पथरी को कैसे निकाले

किडनी की पथरी निकलने में कई हफ्ते या महीने लग सकते हैं और यह पथरी के आकार और संख्या पर निर्भर करता है। इसके लिए कई दवाएं और उपचार मौजूद हैं। कई बार पथरी निकालने के लिए ऑपरेशन की भी जरूरत पड़ सकती है। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, कुछ आसान घरेलू उपायों के जरिए किडनी की पथरी को निकालने या इससे बचने में मदद मिल सकती है।

## कैल्शियम वाली चीजें ज्यादा खाएं

आपको कैल्शियम वाली चीजों का सेवन बढ़ा देना चाहिए। दही, सोया उत्पाद, बीन्स, दाल और बीज कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं। कैल्शियम ऑक्सालेट



को आंतों में बांधने का काम करता है और उसे ज्यादा अवशोषित नहीं होने देता जिससे पेशाब में इसकी मात्रा कम हो जाती है।

## खूब पानी पिएं

जो लोग प्रतिदिन 2 से 2.5 लीटर पेशाब करते हैं, उन्हें किडनी की पथरी विकसित होने की संभावना कम थी। इतना पेशाब करने के लिए आपको प्रतिदिन लगभग लगभग 2 लीटर पानी पीना चाहिए।

## सोडियम का रखें ध्यान

सोडियम से भरपूर चीजें किडनी की पथरी बनने की आशंका होती है। इसका कारण यह है कि सोडियम आपके पेशाब में कैल्शियम की मात्रा को बढ़ाता है। आपको रोजाना 2,300 मिलीग्राम से अधिक सोडियम का सेवन नहीं करना चाहिए। मांस, अंडे और सीफूड से मिलने वाले प्रोटीन को एनिमल प्रोटीन कहा जाता है। इन्हें खाने से पथरी बनने का खतरा बढ़ सकता है।

## पथरी का दुश्मन है नींबू

पथरी से बचने के लिए आपको नींबू का रस पीना चाहिए। इसमें मौजूद साइट्रेट या साइट्रिक एसिड से कैल्शियम को बांधने और पथरी बनने से रोकने में मदद मिलती है। रोजाना आधा कप नींबू का रस पानी में घोकर पीना चाहिए। दो नींबू का रस पीने से यूरिन साइट्रेट बढ़ सकता है और किडनी की पथरी का खतरा कम हो सकता है।



# दिल का रखेंगे ध्यान ब्रोकली और पत्तागोभी

क्या आपको भी ब्रोकली, पत्तागोभी और ब्रसल्स स्प्राउट जैसी सब्जियां अच्छी नहीं लगतीं। अगर आप भी इन सब्जियों को खाने से परहेज करते हैं तो आप अनजाने में दिल की बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। एक हालिया शोध के अनुसार ये सब्जियां रक्त धमनियों और वाहिकाओं की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं। रक्त धमनियों में अवरोध पैदा होने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध में पाया गया कि पत्तेदार हरी सब्जियों जैसे ब्रोकली, ब्रसल्स स्प्राउट और पत्तागोभी का सेवन करने का संबंध बुजुर्गों में रक्त वाहिकाओं की बीमारियों के कम जोखिम के साथ था। ईसीयू स्कूल ऑफ मेडिसिन और द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने 684 बुजुर्ग महिलाओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन महिलाओं ने ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनकी महाधमनी में कैल्शियम के जमाव का खतरा कम पाया गया। यह रक्त वाहिकाओं में होने वाली बीमारियों का पहला संकेत होता है।

## हार्ट अटैक हो सकता है

रक्त वाहिकाओं की बीमारियां धमनियों और नसों को प्रभावित करती हैं। धमनियों और नसों में कैल्शियम का जमाव होने से रक्त के प्रवाह में बाधा आती है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

### रोजाना सब्जी खाना जरूरी

डॉक्टर ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा कि इस अध्ययन में जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 45 ग्राम से अधिक सब्जियों का सेवन किया (जैसे एक कप उबली हुई ब्रोकली या एक कप पत्ता गोभी) उनकर महाधमनी में कैल्शियम के व्यापक जमाव की आशंका 46 प्रतिशत कम थी। इनकी तुलना रोजाना सब्जी नहीं खाने वाले लोगों से की गई। ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी का ही सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि सभी प्रकार की मौसमी सब्जियां खानी चाहिए।

### रोजाना कितनी सब्जी खाएं

- रोज सलाद के रूप में 80 ग्राम कच्ची सब्जी का सेवन करना चाहिए।
- प्रतिदिन 80 ग्राम पकी हुई सब्जी का सेवन करने की सलाह।
- प्रतिदिन 125 मिलीलीटर सब्जी के जूस का सेवन करना चाहिए।

### ब्रोकली और स्प्राउट है बेहद फायदेमंद

प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर लाउरेन ब्लेकेनहोर्स्ट ने कहा, हरी पत्तेदर सब्जियों के बारे में कुछ पेचीदा था, जिस पर इस अध्ययन ने अधिक प्रकाश डाला है। हमारे पूर्व शोधों में हमने पाया कि जिन लोगों ने हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनमें दिल संबंधी बीमारियों और घटनाएं जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम कम पाया गया। हमारे शोध से हरी पत्तेदार सब्जियों के फायदों के बारे में पता चलता है। बुजुर्गावस्था में ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से धमनियां स्वस्थ रहती हैं और इससे दिल भी स्वस्थ रहता है।

### विटामिन-के मौजूद होता है

हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी में बड़ी मात्रा में विटामिन- के मौजूद होता है। विटामिन-के रक्त वाहिकाओं में कैल्शियम के जमाव को रोकने का काम करता है।



# मुंह के छालों से छुटकारा पाने के लिए जरूर अपनाएं ये घरेलू उपाय

पुरूषों के मुकाबले यह समस्या ज्यादातर महिलाओं में अधिक होती है। इसका मुख्य कारण उनके हारमोन्स में अधिक उतार-चढाव आना है। यह छाले अपने आप ही कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं। इनके निकलने के कई कारण हो सकते हैं। पेट के साफ न होने और खाना खाते समय अचानक दांतों से मुंह के अंदर की झिल्ली के कट जाने से छाले हो जाते हैं। मासिक धर्म या मेनापॉज के सामय हारमोन्स में बदलाव तथा वायरस, बैक्टीरिया या फंगस संक्रमण से निकल सकते हैं। इसके अन्य कारणें में शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम होना, एलर्जी होना भोजन में विटामिन सी और बी12 की कमी होना आदि शामिल हैं। कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में भी मुंह में छाले निकल सकते है।

## छालो से बचाव के उपाय

खाना धीरे-धरी चबा-चबा कर खाएं। खाते समय बात न करें, ताकि दांतों से मुंह के अंदर की परत को नुकसान न पहुंचे।

- नींबू को आधा काटें, इसे छाले पर लगाएं, इससे थोडी जलन तो होगी, परंतु यह सुन्न हो जाएगा, जो अच्छा है। आखिर में थोडा शहद छाले पर लगाएं।
- शरीर की सफाई, संतुलित भोजन और पीने के साफ पानी पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है।
- कुछ दिनों तक लगातार विटामिन सी और विटामिन बी12 की गोलियां खाएं।
- माउथवाश का प्रयोग करें-कई बार कुल्ला करने से यह आपके मुख में बढने वाले जीवाणुओं को साफ करता है और इसके साथ-साथ कई मामलों में छाले में दर्द से राहत देता है। किसी बिना नुस्खा घोल का उपयोग करें, कोई भी माउथवाश इस प्रयोजन के लिए कार्यकारी है। सुबह और शाम कुल्ला करें और हो सके तो दिन के खाने के बाद भी कुल्ला करें।

# हलवा देता है पौष्टिक फायदे

- सूजी का हलवा बना रहे हैं तो सूजी के दाने थोड़े मोटे ही लें, एकदम बारीक नहीं। यह पाचन तंत्र के लिए बेहतर होता है।
- अगर आटे का हलवा बना रहे हैं तो ध्यान रखें कि आटा जरा मोटा पिसा हुआ हो, ये चिपकेगा नहीं और स्वाए व पाचन दोनों के लिए अच्छा रहेगा।
- अगर नुकसान से बचना चाहते हैं, तो डालडा या बाजार के घी के बजाए देसी घी या गाय के शुद्ध घी का प्रयोग करें। देशी घी में बना हलवा त्रिदोषों का संतुलन करता है।
- हलवे को सूर्योदय के पहले उठकर मुंह धोकर पकाते हुए तुरंत गर्मा-गरम खाना चाहिए।
- हलवा ठंडा करके न खाएं, इसे गर्मागर्म ही परोसें ताकि सिरदर्द या न्यूरो वेस्कुलर डिसआर्डर जैसी समस्याओं में फायदा मिल सके।
- हलवा खाने के तुरंत या कुछ देर बाद तक भी ठंडा पानी न पिएं, वरना आप इसके फायदों को नहीं पा सकेंगे। आधे घंटे बाद ही पानी पिएं।
- हलवा पचने में बहुत हल्का होता है, इसलिए इसे सर्जरी के बाद, प्रसव के बाद, कमजोरी में, बीमारी से उबरने में और कम वजन वाले लोगों को भी दिया जा सकता है।
- हलवे में केसर, इलायची और थोड़े से सूखे मेवों का प्रयोग किया जा सकता है।
- देशी घी में बना हलवा त्रिदोषों का संतुलन करता है और हमें स्वस्थ बनाता है।
- शकर की जगह गुड़ का प्रयोग करेंगे, तो स्वाद और सेहत दोनों के फायदे पा सकेंगे। अगर आपको शकर ही डालना है, तो ब्राउन शुगर भी यूज कर सकते हैं।

**नोट** : मधुमेह रोगियों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए।



# कमर दर्द से छूटकारा पाने के लिए जरूर अपनाए ये घरेलू उपाय

आजकल ज्यादातर लोगों में कमर दर्द की समस्या बढ़ती जा रही है जिसकी चपेट में बड़ी उम्र के लोग ही नहीं, बल्कि युवा के लोग भी आ रहे है। कमर दर्द के होने का मुख्य कारण बदलती जीवनशैली के साथ ऑफिस में घंटों गलत पॉश्चर बैठे रहना है। यह समस्या अब न केवल उम्र से जुड़ी है बल्कि इससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी भी तकलीफदेह साबित हो रही है।
कमर दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपचार करते है लेकिन इसका प्रभाव मात्र कुछ समय के लिए ही रहता है। आइए आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बता रहे है जिसे अपनाने से जल्दी ही छुटकारा पा सकती है।
कमर दर्दकमर दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप एक खडाई में सरसो का तेल डालकर उसमें लहसुन की तीन-चार कलियॉ के साथ अजवाइन को डालकर गर्म कर लें। ठंडा होने पर इस तेल से कमर की मालिश करें। इस उपाय से आपको जल्द ही राहत मिलेगी। कढ़ाई में दो-तीन चम्मच नमक डालकर इसे अच्छी तरह से गर्म कर लें। अब इस गर्म नमक को किसी सूती कपड़े में बांधकर पोटली बना लें। और इस पोटली से कमर की सिकाई करें काफी जल्द ही आराम मिलने लगेगा।
ऑफिस में काम करते समय ज्यादा देर तक एक ही पोजीशन में ना। हर चालीस मिनट में अपनी कुर्सी से उठकर थोड़ी देर टहल लें। कैल्शियम की कम मात्रा से भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जो कमर के दर्द का प्रमुख कारण बनती है इसलिए कैल्शियममयुक्त चीजों का सेवन करें। अजवाइन को तवे पर डालकर धीमी आंच पर सेंके और ठंडा होने पर धीरे-धीरे चबाते हुए निगल जाएं। इसके नियमित सेवन से कमर दर्द में लाभ मिलता है।



# संपादकीय

**मंथन**

## झारखंड में अवैध बालू का कारोबार रुकेगा?

झारखंड में अवैध बालू खनन एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि शासन और कानून व्यवस्था के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गई है. नदियों से अवैध रूप से बालू निकालने से नदी की पारिस्थितिकी पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे जलस्तर गिर रहा है, जैव विविधता प्रभावित हो रही है और किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है.सरकार ने इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं. बालू घाटों की ई-नीलामी, ट्रैकिंग सिस्टम और जीपीएस युक्त ट्रकों का प्रयोग, और जिला प्रशासन की निगरानी जैसी योजनाएँ शुरू की गई हैं. इसके अलावा कई स्थानों पर अवैध खनन में लिप्त माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है. फिर भी, इस धंधे में बड़े पैमाने पर मुनाफा होने के कारण इसमें कई स्थानीय प्रभावशाली लोग, ठेकेदार और भ्रष्ट अधिकारियों की संलिप्तता सामने आती रही है.जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी और पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तब तक इस अवैध कारोबार को पूरी तरह रोक पाना मुश्किल होगा. साथ ही, जनता की भागीदारी, जागरूकता और मीडिया की सतर्क निगरानी भी आवश्यक है.अंततः, झारखंड में अवैध बालू खनन पर रोक तभी लग सकेगी जब सरकार, प्रशासन और आम जनता मिलकर इस दिशा में ठोस और सतत प्रयास करेंगे. वरना यह न केवल पर्यावरणीय संकट को जन्म देगा, बल्कि भविष्य में पानी और कृषि जैसी मूलभूत जरूरतों को भी संकट में डाल देगा.

**नजरिया**

## रांची के अस्पतालों में पीने का पानी भी नसीब नहीं

राजधानी रांची, जिसे झारखंड का प्रमुख चिकित्सा केंद्र माना जाता है, वहां के अस्पतालों की स्थिति आज सोचनीय होती जा रही है. सबसे बुनियादी सुविधा पीने का स्वच्छ पानी भी मरीजों और उनके परिजनों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है. यह न सिर्फ प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है, बल्कि मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है. राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), सदर अस्पताल और अन्य प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में अक्सर देखा गया है कि मरीज और उनके परिजन पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं. कहीं हैंडपंप खराब पड़े हैं, तो कहीं वाटर कूलर महीनों से बंद हैं. कई बार लोगों को मजबूरी में बाहर से पानी खरीदना पड़ता है, जो गरीब और दूर-दराज से आए मरीजों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन जाता है.यह विडंबना है कि जहां लोगों का जीवन बचाने के लिए अस्पताल बनाए गए हैं, वहां स्वच्छ पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं है. जल जनित बीमारियों के खतरे के बीच यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है.सरकार और स्वास्थ्य विभाग को इस दिशा में तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है. अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए. साथ ही, समय-समय पर इन सुविधाओं की निगरानी और मरम्मत की जानी चाहिए ताकि मरीजों और उनके परिजनों को बुनियादी इंसानी सुविधाओं के लिए संघर्ष न करना पड़े. क्योंकि स्वास्थ्य केवल दवाओं से नहीं, साफ पानी से भी जुड़ा है.

# शिबू सोरेनः आदिवासी अस्मिता और भारत रत्न की बहस

**देवेंद्र कुमार नयन**



**शिबू सोरेन का जीवन इसी संघर्ष और इसी जद्दोजहद का प्रतीक है.**

भारत रत्न केवल एक अलंकरण या सम्मान नहीं है, यह उस व्यक्तित्व की स्वीकृति है, जिसने अपने जीवन से राष्ट्र की दिशा और दशा को बदलने का प्रयास किया हो. जब झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और आदिवासी समाज के जननायक शिबू सोरेन के नाम पर भारत रत्न देने की चर्चा होती है, तो यह बहस एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती. यह बहस उन करोड़ों आदिवासियों की भी है, जिनकी पहचान, जिनकी अस्मिता और जिनकी लड़ाई सदियों से चली आ रही है. शिबू सोरेन का जीवन इसी संघर्ष और इसी जद्दोजहद का प्रतीक है.

दिशोम गुरु के नाम से विख्यात शिबू सोरेन का जीवन असाधारण संघर्ष और सामाजिक चेतना का प्रतीक है. 11 जनवरी 1944 को हजारीबाग जिले (वर्तमान में रामगढ़ जिला) के नेमरा गांव में जन्मे शिबू सोरेन का बचपन बेहद कठिन परिस्थितियों में बीता. उनके पिता की हत्या जमींदारों और माफियाओं ने कर दी थी. उस घटना ने एक बालक के मन में अन्याय के खिलाफ आग जलाई और वही आगे चलकर उन्हें समाज का नेता बना गई. जल, जंगल और ज़मीन पर आदिवासियों का अधिकार हो, यह उनका पहला और अंतिम सपना रहा. इसी सपने ने उन्हें आंदोलनकारी बनाया, जिससे लोग उन्हें गुरुजी और दिशोम गुरु कहने लगे. दिशोम एक संथाली शब्द है, जिसका अर्थ होता है, "देश या समाज"और गुरु का अर्थ होता है, "मार्गदर्शक". यानी दिशोम गुरु का अर्थ होता है, देश या समाज का मार्गदर्शक. सचमुच वे आदिवासी समाज के मार्गदर्शक ही नहीं, बल्कि उनकी चेतना के प्रतीक भी बन गए.

गुरुजी का संघर्ष केवल चुनाव जीतने या हारने तक सीमित नहीं था. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की और आदिवासी समाज को संगठित किया. उन दिनों आदिवासी आवाज़ें अक्सर दबा दी जाती थीं, लेकिन गुरुजी ने उन्हें संसद से लेकर सड़क तक गुंजाया. उन्होंने जल, जंगल और ज़मीन की लड़ाई को जनांदोलन का रूप दिया. जब 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य का गठन हुआ, तो यह केवल भौगोलिक नक्शे का बदलाव नहीं था, बल्कि यह आदिवासी अस्मिता का ऐतिहासिक क्षण था. उस क्षण के सूत्रधारों में सबसे बड़ा नाम शिबू सोरेन का था.

झारखंड बनने के बाद भी उनका संघर्ष रुका नहीं. वे चाहते थे कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों का लाभ यहां के लोगों को मिले. उन्होंने बार-बार यह बात कही कि अगर झारखंड की मिट्टी, कोयला और खनिज देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत कर सकते हैं, तो यहां का युवा बेरोज़गार क्यों रहे और यहां का किसान बदहाल क्यों हो. उनकी इसी सोच में हमेशा एक आम आदमी की पीड़ा झलकती थी. यही कारण है कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जैसे ऊंचे पदों पर पहुंचने के बाद भी उनका आचरण बेहद सादा और सरल रहा. गांव-देहात के लोग आज भी उन्हें अपने जैसा मानते हैं.

अगर भारत रत्न की मांग की बात करें तो, भारत रत्न उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जिन्होंने राजनीति, समाज, साहित्य या विज्ञान के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी हो. अगर इसी कसौटी पर शिबू सोरेन को देखें, तो उनका योगदान किसी भी मायने में कम नहीं है. उन्होंने आदिवासी समाज को मुख्यधारा की राजनीति में पहचान दिलाई. उन्होंने उस समुदाय को यह भरोसा दिया कि उनकी आवाज दिल्ली तक पहुंच सकती है और वे भी भारत के भविष्य को दिशा दे सकते हैं. यह योगदान किसी एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को और समावेशी बनाने का प्रयास है.

यह सही है कि शिबू सोरेन का राजनीतिक जीवन विवादों से अछूता नहीं रहा है. उन पर आरोप लगे, मुकदमे चले और उन्हें कठिन समय का सामना करना पड़ा था. लेकिन यह भी उतना ही सच है कि उनकी विरासत इन विवादों से कहीं बड़ी है. उनका असली मूल्यांकन इस बात से होना चाहिए कि उन्होंने अपने समाज को क्या दिया और देश की राजनीति को किस दिशा में मोड़ा. अगर केवल विवाद ही किसी की पहचान होते, तो भारत रत्न पाने वाले कई अन्य नेताओं को यह सम्मान कभी नहीं मिलता. इतिहास ने हमेशा यह माना है कि किसी व्यक्ति की सम्पूर्ण यात्रा उसके जीवन के छोटे-छोटे विवादों से कहीं बड़ी होती है.

शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग केवल झारखंड की मांग नहीं है. यह पूरे देश के आदिवासी समाज की आवाज है. यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं होगा, बल्कि यह उस पूरे समुदाय का होगा जिसने सदियों तक शोषण और उपेक्षा झेली है. यह सम्मान उन्हें यह भरोसा देगा कि उनकी पहचान और उनकी संस्कृति को देश सर्वोच्च स्तर पर मान्यता देता है. जैसे कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर पिछड़ों और वंचितों की राजनीति को राष्ट्रीय मान्यता दी गई. उसी तरह शिबू सोरेन को भारत रत्न देना आदिवासी राजनीति और अस्मिता की राष्ट्रीय मान्यता होगी. यह केवल झारखंड की जीत नहीं होगी, बल्कि पूरे भारत की आत्मा को समृद्ध करने वाला कदम होगा.

आज झारखंड के गांव-गांव में यह चर्चा है कि क्या दिशोम गुरु को भारत रत्न मिलेगा? लोगों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो यह केवल एक सम्मान नहीं होगा, बल्कि यह आदिवासी गौरव का पर्व होगा. यह उन युवाओं के लिए प्रेरणा होगी जो संघर्ष के रास्ते पर चल रहे हैं. यह उन किसानों के लिए सुकून होगा जो अपनी जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं. और यह उन महिलाओं के लिए विश्वास होगा जो अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर देखना चाहती हैं.

भारत रत्न तभी सार्थक होगा जब वह देश की विविधता और संघर्षशीलता को समाहित करे. शिबू सोरेन को यह सम्मान देना केवल झारखंड की जीत नहीं होगी, बल्कि यह पूरे भारत की आत्मा को समृद्ध करेगा. यह दिखाएगा कि हमारे नायक केवल महानगरों और सत्ता केंद्रों से नहीं, बल्कि गांवों और जंगलों से भी उठते हैं. शिबू सोरेन ने हमें यह सिखाया कि न्याय और समानता की लड़ाई कभी व्यर्थ नहीं जाती है. अगर उन्हें भारत रत्न दिया जाता है, तो यह न केवल इतिहास के साथ न्याय होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त संदेश भी होगा कि भारत की आत्मा हर गांव, हर पहाड़ी और हर जंगल में बसती है, और वही आत्मा भारत रत्न कहलाने की हकदार है.

**आज का इतिहास**

**1821 :** मेक्सिको ने आजादी की घोषणा की.
1839 : ब्रिटेन ने चीन के साथ युद्ध में हांगकांग पर क़ब्ज़ा किया.
**1914 :** जापान द्वारा जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा.
**1939 :** तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर हस्ताक्षर किये गये.
**1947 :** वल्लभभाई पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री बने.
**1976 :** चीन में भूकंप से हजारों लोगों की मौत.
**1979 :** ईरान की सेना ने कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोला.
**1990 :** पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने तीन अक्टूबर को एकजुट होने की घोषणा की.
**1993 :** सन् 2000 के ऐतिहासिक ओलंपिक खेलों की मेजबानी आस्ट्रेलियाई नगर सिडनी को सौंपी गई.

**चिंतन**

## अपनी पहचान से क्यों अनजान?

कल सुहानी की गणित की परीक्षा है और उसे डर है कि वह परीक्षा में आए सवाल हल नहीं कर पाएगी. वैसे तो सुहानी गणित में बहुत होशियार थी, पर बीमार होने के कारण उसकी पिछली कुछ परीक्षाएँ अच्छी नहीं हुई. इसलिए उसे लगने लगा कि वो गणित में अच्छी नहीं है. वह उदास और चिंतित होकर अपने कमरे में बैठी थी और मदद के लिए अपने दोस्त नचिकेता को याद कर रही थी. तभी उसके कमरे में खिड़की से एक फ्लाइंग टॉय-कार आई. उस कार में नचिकेता बैठा हुआ था. नचिकेता ने अपना काला चश्मा निकालते हुए सुहानी से पूछा, "क्या बात है सुहानी, इतनी परेशान क्यों हो?" सुहानी ने अपनी परेशानी नचिकेता को बताई. "चलो तुम्हारी चिंता दूर करने के लिए, तुम्हें एक कहानी सुनाता हूँ," नचिकेता ने कहा.

तो बच्चों, आओ हम भी इस रोचक कहानी का मज़ा लें. एक दिन एक छोटी शेरनी की माँ उसे मांद में छोड़कर उसके लिए खाना लाने गई. खाना ढूंढने में उसे ज़रा देर हो गई. छोटी शेरनी को अपनी माँ की चिंता हुई और वह उसे ढूंढने मांद के बाहर चली गई. अँधेरे में शेरनी की बच्ची रास्ता भटक गई और भेड़ों के बाड़े में जा पहुँची. वहाँ बहुत सारी भेड़ें रहती थीं. शेरनी अब भेड़ों के साथ ही रहने लगी. वह भेड़ों की तरह ही बर्ताव करने लगी. वो ना तो शेरनी की तरह दहाड़ती, ना तेज़ दौड़ती और ना ही ऊँची छलाँग लगाती. भेड़ों के बीच रहकर वह खुद को एक भेड़ ही समझने लगी थी. एक बार वह दूसरी भेड़ों के साथ घास चरने गई तभी वहाँ शेरनी की माँ आ गई. सभी भेड़ें डर कर इधर-उधर भागने लगीं पर शेरनी वहीं खड़ी रही. उसने अपनी माँ को पहचान लिया और दौड़कर उसके गले लगी. शेरनी को याद आ गया कि वह कोई भेड़ नहीं, एक शेरनी है. शेरनी और उसकी माँ एक साथ दहाड़े. शेरनी को अपनी असली ताकत का एहसास हुआ. नचिकेता की कहानी सुन कर सुहानी का मनोबल बढ़ गया. उसने एक नई ऊर्जा का अनुभव किया और खुद को परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए फिर से प्रेरित किया.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #SupremeCourt 12K
2. #एनडीए_का_नया_बिहार
3. #jaswinderbhalla
4. #ManavManglaniBday
5. #ETSoonicornsSummit2025
6. namjoon 27K
7. NH-6 Joonie
8. Matthew Breetzke
9. जसविंदर भल्ला
10. Punjabi 10K

# बहुरंग

## जेआईएफएफ 28-29 अगस्त को कराएगा चार फिल्म फेस्टिवल्स, 36 देशों से 149 फिल्में नामांकित हुईं




**एजेंसी । जयपुर**

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जेआईएफएफ) के तत्वावधान में 28–29 अगस्त को एक साथ चार फिल्म फेस्टिवल्स आयोजित किए जाएंगे. जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) के 18वें संस्करण का आयोजन अगले साल जनवरी में किया जाएगा. जिफ के संस्थापक निदेशक हनु रोज़ ने बताया कि 28–29 अगस्त को एक साथ चार फिल्म फेस्टिवल्स होंगे, जिसमें 8वां आर्यन इंटरनेशनल चिल्ड्रन्स फिल्म फेस्टिवल ऑफ जयपुर 2025, 10वां सिक्सटीन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स 2025, कल्चर एंड टूरिज़्म फिल्म फेस्टिवल और वर्ल्ड स्टूडेंट फिल्म फेस्टिवल के लॉन्चिंग एडिशन होंगे.

रोज ने बताया कि जयपुर के रयान इंटरनेशनल स्कूल, वीटी रोड, डॉल्फ़िन हाई स्कूल, प्रताप नगर, वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर और ज्ञान विहार स्कूल, मालवीय नगर में यह फिल्म फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि इस वर्ष फेस्टिवल में दुनियाभर से 55 देशों के 500 से अधिक फिल्मों का सबमिशन प्राप्त हुआ, जिनमें से 37 देशों की 159 फ़िल्में नामांकित हुई हैं, जिनमें से 15 देशों से 71 फ़िल्मों की स्क्रीनिंग इन दो दिनों में होगी. विशेष रूप से जिफ की ओर से 2 से 7 मिनट फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से 29 स्कूलों और 8 कॉलेजों के विद्यार्थियों की 42 फ़िल्में नामांकित हुई हैं, 38 फ़िल्मों की स्क्रीनिंग होगी.

विद्यार्थियों ने कला, संस्कृति और समसामयिक विषयों पर रचनात्मक लघु फ़िल्में बनाई हैं. उन्होंने बताया कि इन फेस्टिवल्स का उद्देश्य न केवल बच्चों और युवाओं को रचनात्मकता का मंच देना है, बल्कि उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण, सहयोग और संवेदनशील मुद्दों पर संवाद का अवसर भी प्रदान करना है. फेस्टिवल्स के दौरान ही सर्वश्रेष्ठ फ़िल्मों और विजेताओं की घोषणा की जाएगी. प्रवेश केवल संबंधित स्कूलों के विद्यार्थियों, आमंत्रित स्कूलों और नॉमिनेटेड फिल्म मेकर्स को ही दिया जाएगा.



## खोसला की नई फिल्म 'एक चतुर नार' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा, निर्माता और निर्देशक दिव्या खोसला कुमार एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट रही हैं. पिछली बार वह 'सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ' में नजर आई थीं, हालांकि वह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई. लेकिन इस बार दिव्या एक बिल्कुल अलग अंदाज में आने वाली हैं. उनकी अपकमिंग फिल्म 'एक चतुर नार' का टीजर रिलीज हो चुका है और इसे देखकर साफ है कि यह फिल्म दर्शकों को खूब एंटरटेन करने वाली है. इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर उमेश शुक्ला ने किया है, जिन्हें 'ओह माय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी हिट और कंटेंट-ड्रिवन फिल्मों के लिए जाना जाता है. इस बार भी उन्होंने एक दिलचस्प और चतुर कहानी को पर्दे पर लाने का बीड़ा उठाया है. टीजर में दिव्या खोसला कुमार का चालाक और स्मार्ट अंदाज देखने को मिलता है. वह बेहद चतुराई से नील नितिन मुकेश को अपने जाल में फंसाती हुई नजर आती हैं. वहीं, नील भी इस बार एक अलग शेड्स वाले किरदार में दिखाई देंगे. टी-सीरीज ने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, नागिन का बवाल या नेवले का शिकार इनमें चतुर है कौन?, जिसने दर्शकों की जिज्ञासा और भी बढ़ा दी है. 'एक चतुर नार' का रोमांच और सस्पेंस से भरा ट्रैक साफ इशारा करता है कि यह फिल्म सिर्फ एक रोमांटिक ड्रामा नहीं, बल्कि इसमें चालाकी, गेमप्ले और इमोशन्स का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा. दिव्या का यह अवतार अब तक उनके फैन्स ने शायद ही कभी देखा होगा.

## जल्द बड़े पर्दे पर दस्तक देगी 'एक दीवाने की दीवानियत', पोस्टर जारी

बॉलीवुड के हैंडसम अभिनेता हर्षवर्धन राणे और पंजाबी सिनेमा की क्वीन कही जाने वाली सोनम बाजवा जल्द ही पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं. इन दोनों सितारों की जोड़ी लेकर निर्देशक मिलाप मिलन जवेरी अपनी नई फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' लेकर आ रहे हैं. फिल्म का नाम जितना दिलचस्प है, उतनी ही दिलचस्प इसकी कहानी बताई जा रही है. हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह और भी बढ़ा दिया है. पोस्टर में हर्षवर्धन और सोनम की जबरदस्त रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली. सोशल मीडिया पर पोस्टर ने आते ही तहलका मचा दिया और फैन्स इन दोनों की नई जोड़ी को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं. फिल्म को अंशुल गर्ग और दिनेश जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं. वहीं, कहानी के बारे में बात करें तो यह एक रोमांटिक थ्रिलर है, जिसमें प्यार, जुनून, नफरत और पागलपन सभी रंग देखने को मिलेंगे. कहा जा रहा है कि फिल्म का नैरेटिव दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगा और इमोशन के साथ-साथ इसमें रोमांच और ट्विस्ट भी भरपूर होंगे. निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है. 'एक दीवाने की दीवानियत' दिवाली के खास मौके पर 21 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. यानी इस साल दिवाली पर दर्शकों को एक इमोशनल लेकिन थ्रिल से भरी लव स्टोरी का तोहफा मिलने वाला है. इसके अलावा फिल्म का टीजर कल यानी 22 अगस्त को रिलीज किया जाएगा, जिसकी झलक का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उम्मीद जताई जा रही है कि टीजर के बाद फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ जाएगा.

## शादी के बंधन में बंधी टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री जिया मानेक

टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री जिया मानेक, जिन्होंने सीरियल 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाकर हर घर में अपनी खास पहचान बनाई थी, अब जीवन के नए सफर की शुरुआत कर चुकी हैं. जिया ने अपने बॉयफ्रेंड वरुण जैन के साथ सात फेरे लेकर शादी कर ली है. यह शादी बेहद निजी समारोह में हुई, जिसमें केवल परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए. शादी के बाद जिया और वरुण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. सामने आई तस्वीरों में जिया पारंपरिक गोल्डन रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं. वहीं वरुण ने क्लासी और सिंपल लुक में अपनी दुल्हन का हाथ थाम रखा है. दोनों की मुस्कान यह साफ बयां कर रही है कि वे अपने इस खास दिन को जी भरकर एन्जॉय कर रहे हैं. शादी की तस्वीरों के साथ जिया ने एक दिल को छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा. उन्होंने लिखा, भगवान और गुरु की कृपा और प्यार के साथ हम हमेशा के लिए एक-दूसरे का हाथ थाम चुके हैं. हाथों में हाथ और दिल से दिल मिलाकर. हम दो अच्छे दोस्त थे और आज पति-पत्नी बन गए हैं. इस दिन को खास बनाने वालों के प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए बहुत आभारी हूं.






**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. शुभांक-3-6-8

**वृष :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शुभांक-4-5-6

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. शुभांक-2-4-5

**कर्क :** रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-6-9

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-7-8-9

**तुला :** निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा. हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा. व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है. शुभांक-5-6-9

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें. शुभांक-5-7-8

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे. घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा. शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं. शुभांक-3-5-7

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-2-4-6

## ब्रीफ न्यूज

### महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म

**नालंदा।** जिले के रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को खुशियों का माहौल उस समय बन गया जब बेलदारी पर गांव निवासी जलंधर बिंद की पत्नी सीमा कुमारी ने एक साथ तीन बच्चों – दो बेटियों और एक पुत्र को जन्म दिया. यह खबर फैलते ही परिवार सहित पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम शंभू ने जानकारी दी कि सीमा कुमारी के तीनों बच्चों का जन्म सफलतापूर्वक हुआ है. भले ही नवजातों का वजन सामान्य से थोड़ा कम है-एक बच्ची का वजन 1 किलो, दूसरी बच्ची और पुत्र का वजन 1.5 किलो है-लेकिन तीनों शिशु पूरी तरह स्वस्थ हैं.

### पीडीएस डीलर्स का पटना में उग्र प्रदर्शन

**पटना।** राजधानी पटना में शुक्रवार को जन वितरण प्रणाली डीलर्स का विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया. प्रदर्शनकारियों ने लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद का कॉलर पकड़कर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया. इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प भी हुई. फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले यह विरोध मार्च 9 अगस्त को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा स्थित गांधी आश्रम से शुरू हुआ था. शुक्रवार को यह पदयात्रा गांधी मैदान होते हुए डाकबंगला चौराहे पर पहुंची, जहां प्रदर्शन उग्र हो गया.

### पप्पू यादव ने चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

**पूर्णिया।** बिहार की राजनीति में पारा चरम पर है. वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने भाजपा, एनडीए गठबंधन और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं. मुंगेर में कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने कहा कि चुनाव आयोग अब भाजपा और आरएसएस के दफ्तर जैसा काम कर रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा न केवल विपक्षी दलों को, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रही है. पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए हर तरह की चालाकी और हथकंडे अपनाती है.

#### गयाजी में बोले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# बिहार को केंद्र से मिल रहा पूरा सहयोग हर वर्ग के लिए हो रहा विकास

**संवाददाता। गयाजी।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गयाजी आगमन के अवसर पर आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार को केंद्र सरकार की ओर से भरपूर सहयोग मिल रहा है. उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा राज्य को 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे राज्य के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया. मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार द्वारा बिहार को विशेष पैकेज दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में भी बिहार को विशेष महत्व दिया गया है.

उन्होंने बताया कि बिहार को "खेलो इंडिया यूथ गेम्स" की मेजबानी दी गई है, जो राज्य में खेलों के विकास को नई दिशा देगा. नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में



बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की हैं और हाल ही में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि करके इसे 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रति माह कर दिया गया है, जिससे लाखों लाभार्थियों को राहत मिलेगी. मुख्यमंत्री ने गयाजी में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां फल्गु नदी पर रबर डैम और सेतु का निर्माण कराया गया है, जिससे धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने कहा कि अब शहर का नाम ₹गया₹ से बदलकर 'गयाजी' कर दिया गया है, जो इसकी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को और भी मजबूती देता है. साथ ही बोधगया में अतिथि गृह समेत कई अन्य विकास कार्य भी पूरे किए गए हैं. राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि पहले बिहार की स्थिति बेहद खराब थी. लोगों के पास पहनने के लिए ठीक कपड़े तक नहीं होते थे, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए कोई ठोस काम नहीं हुआ था. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सभी वर्गों के लिए योजनाएं चलाईं और हर तबके को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है.

नीतीश कुमार ने यह भी बताया कि वर्ष 2018 तक राज्य के हर घर में बिजली पहुंचा दी गई थी. पहले ही बिजली सस्ती दरों पर दी जा रही थी, लेकिन अब 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है. मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से बिहार लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा और यहां का समग्र विकास सुनिश्चित होगा.

#### पटना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

### 17 साल के बाद 252 अभ्यर्थियों के दारोगा बनने का रास्ता साफ

**पटना।** बिहार में दारोगा बनने के लिए 17 साल से इंतजार कर रहे 252 अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है. पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह छह हफ्तों के भीतर इन अभ्यर्थियों की बहाली प्रक्रिया पूरी करे. जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की एकलपीठ ने 29 पन्नों के विस्तृत आदेश में कहा कि 2008 के परिणाम में चयनित 133 अभ्यर्थियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बहाली मिली है, ऐसे में 252 अभ्यर्थियों को भी समान अवसर मिलना चाहिए. यह मामला 2004 के विज्ञापन संख्या 704/2004 से जुड़ा है, जिसमें 1510 सब इंस्पेक्टर पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी.

**6 हफ्ता में बहाली पूरी करने का आदेश**

30 मई 2008 को परिणाम घोषित हुआ, लेकिन मॉडल प्रश्नों में गड़बड़ी के कारण मामला कोर्ट तक पहुंचा. विशेषज्ञ समिति ने पुनर्मूल्यांकन कर 160 अभ्यर्थियों को हटाया, पर सरकार ने इन्हें बनाए रखा. बाद में 299 नए पदों पर अधियाचना आई. सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा दोबारा कराने का आदेश दिया, जिसमें 223 अभ्यर्थियों ने पुनः शारीरिक और लिखित परीक्षा दी. 8 मई 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने 133 अभ्यर्थियों को मेडिकल फिटनेस टेस्ट देने का निर्देश दिया और उनकी नियुक्ति कराई.

## न्यूज अपडेट

### साइबर अपराधियों ने रिटायर कर्मी के खाते से उड़ाए 8.77 लाख रुपये, नवादा में मामला दर्ज

**पटना।** बिहार में साइबर अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. ताजा मामला नवादा जिले का है, जहां साइबर अपराधियों ने एक रिटायर कर्मी के खाते से मिनटों में 8 लाख 77 हजार 500 रुपये की बड़ी रकम उड़ा ली. पीड़ित ने नवादा साइबर थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है और कार्रवाई की मांग की है. जानकारी के अनुसार, पीड़ित अम्बिका प्रसाद नवादा के वारिसलीगंज थाना अंतर्गत पैंगरी गांव के निवासी हैं और हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं. उन्होंने बताया कि यह धोखाधड़ी दिसंबर 2024 में हुई. 15 दिसंबर को उनका मोबाइल फोन गुम हो गया था, जिसके बाद उन्होंने सतर्कता बरतते हुए अपना बैंक खाता अस्थायी रूप से बंद करा दिया था. इसके दो दिन बाद, 17 दिसंबर को उन्होंने उसी मोबाइल नंबर की सिम को पुनः चालू कराया. पीड़ित के अनुसार, 31 दिसंबर को उनके पुत्र ने मोबाइल में आए पुराने मैसेजों को चेक किया, तब उन्हें यह जानकारी मिली कि बैंक खाते से कई बार में बड़ी रकम निकाली जा चुकी है. जब उन्होंने अपनी पत्नी का खाता भी चेक किया, तो उसमें भी 1 लाख 23 हजार 500 रुपये की अवैध निकासी पाई गई.

### गैंगवार में डबल मर्डर, परिजनों का सड़क जाम कर प्रदर्शन

**पूर्वी चंपारण।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी मधुबनी पंचायत स्थित दरियापुर रामचुनिया मठ के समीप गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे दो आपराधिक गिरोहों के बीच वर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई. बाइक सवार बदमाशों ने हत्याकांड के आरोपित धनंजय गिरी और गुड्डू यादव को गोली मार दी. घटनास्थल पर ही गुड्डू यादव की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल धनंजय गिरी ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया. धनंजय पर हत्या और लूट जैसे कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे. इस दोहरे हत्याकांड से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह भादा चौक पर दोनों शवों को रखकर सड़क जाम कर दिया और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया. मौके पर तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है. पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि हरसिद्धि के झाड़वा निवासी 25 हजार का इनामी बदमाश सनावर खान ने धनंजय गिरी को फोन कर बुलाया था.

### जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी, करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

**भागलपुर।** बिहार पुलिस की आर्थिक एवं साइबर अपराध प्रभाग की टीम ने शुक्रवार को भागलपुर के जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में की गई. अधिकारियों के अनुसार, विनय सौरभ ने भ्रष्ट और अवैध तरीकों से करीब 1 करोड़ 43 लाख 78 हजार रुपये की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी ज्ञात आय से लगभग 188.23 प्रतिशत अधिक है. इस मामले में 21 अगस्त 2025 को आर्थिक अपराध थाना, पटना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. शुक्रवार सुबह शुरू हुई छापेमारी में टीम ने भागलपुर के बरारी स्थित खंजरपुर इलाके के अभिनव एनक्लेव में मौजूद फ्लैट को खंगाला, जहां भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही. फ्लैट में किसी के प्रवेश और निकास पर सख्ती रही. प्रारंभिक जांच में तीन करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति का पता चला है.

### चुनाव से पहले लालू-तेजस्वी को बड़ा झटका, राजद के कद्दावर नेता मो. कमरूल होदा ने दिया इस्तीफा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गलियारों में दलबदल का सिलसिला तेज हो गया है. महागठबंधन के गढ़ किशनगंज से राजद को बड़ा झटका लगा है. राजद के कद्दावर नेता एवं किशनगंज के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक मो. कमरूल होदा ने पार्टी और जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. कमरूल होदा ने अपने त्याग पत्र में लिखा है कि वे "निजी कारणों" से पद और पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त हो रहे हैं. त्याग पत्र में उन्होंने पार्टी नेतृत्व द्वारा मिले सम्मान और सहयोग के लिए आभार जताया है. उन्होंने साफ किया है कि फिलहाल उनका किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है. हालांकि विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण इस अचानक इस्तीफे से राजनीतिक हलचल बढ़ गई है. किशनगंज में फिलहाल महागठबंधन मजबूत स्थिति में है और सांसद समेत सभी चार विधानसभा सीटों पर उसका कब्जा है. ऐसे में राजद के जिलाध्यक्ष का इस्तीफा कई तरह की राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे रहा है. चुनाव से पहले राजद समेत अन्य पार्टियों के कई नेता पार्टी छोड़ रहे हैं, जिससे राजनीतिक समीकरण बिगड़ने का अंदेशा जताया जा रहा है.

#### भोजपुर परिवहन विभाग में लाखों की अवैध वसूली

## सिपाही ने डीटीओ और एमवीआई पर पक्षपात करने का लगाया आरोप

**संवाददाता। पटना**

भोजपुर जिले में परिवहन विभाग के भीतर भारी भ्रष्टाचार और मिलीभगत का मामला सामने आया है. ट्रक मालिक से रु. 1.24 लाख की अवैध वसूली के मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक और अन्य कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं. यह मामला तब उजागर हुआ जब कोईलवर थाना में ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई. एफआईआर संख्या 116/25, दिनांक 30 अप्रैल 2025 के अनुसार ट्रक संख्या BR05GD7161 के मालिक अमित कुमार से खनन कानून का भय दिखाकर एक लाख रुपये यूपीआई और रु. 24 हजार नकद वसूले गए. यह राशि हकीकत कुमार और सीमा कुमारी के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी. ट्रक मालिक ने इसके प्रमाण में डिजिटल साक्ष्य, स्कैनर और बैंक ट्रांजैक्शन का विवरण भी प्रस्तुत किया है. इस मामले में डीएम के आदेश पर अपर समाहर्ता सह लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के नेतृत्व में जांच समिति गठित की गई. समिति ने आठ लोगों को नोटिस भेजा, जिनमें तत्कालीन डीटीओ रवि रंजन, वर्तमान एमवीआई धनोज कुमार, सिपाही रोहित यादव, ट्रक मालिक, उनके रिश्तेदार, एसोसिएशन अध्यक्ष और दलाल बताए जा रहे दो व्यक्ति शामिल थे. इधर, परिवहन विभाग के चलंत दस्ता सिपाही रोहित यादव ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा है कि जांच समिति ने उनसे कोई पूछताछ किए बिना ही एकतरफा रिपोर्ट तैयार कर दी, जिसमें डीटीओ और एमवीआई को बचाने की कोशिश की गई.

#### पटना के पीएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन

## स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग, सरकार को दी चेतावनी




**संवाददाता। पटना**

राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पीएमसीएच में शुक्रवार को जूनियर डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. डॉक्टरों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया और सरकार को चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आगामी मंगलवार से राज्यभर में ओपीडी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी. जूनियर डॉक्टरों की मांग है कि वर्तमान में मिलने वाला 20 हजार रुपये का स्टाइपेंड बढ़ाकर 40 हजार रुपये किया जाए. उनका कहना है कि काम का बोझ अत्यधिक है और मिलने वाला स्टाइपेंड बेहद कम है. यह मुद्दा पहले भी कई बार उठाया गया, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया.

प्रदर्शन के दौरान पीएमसीएच परिसर में भारी हंगामा हुआ और बड़ी संख्या में डॉक्टर विरोध में जुटे. प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि अगर सरकार ने जल्द कोई निर्णय नहीं लिया, तो यह आंदोलन राज्यव्यापी हड़ताल में बदल जाएगा. फिलहाल अस्पताल प्रबंधन व प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है.

## कारोबार

### रियलमी ने पेश की रियलमी पी4 सीरीज

**मुम्बई।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी रियलमी पी4 सीरीज़ पेश करते हुए इसमें दो बेहतरीन स्मार्टफोन रियलमी पी4 प्रो और रियलमी पी4 लॉन्च किए. इन स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप इनोवेशन दिए गए हैं. यह सीरीज़ ऑलराउंडर फीचर्स के साथ ड्युअल चिप पॉवर्ड परफॉर्मेंस प्रदान करती है. इसमें प्रो-गेड की इमेजिंग, सिनेमेटिक डिस्प्ले और पूरे दिन बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बैटरी दी गई है. इन स्मार्टफोन में समर्पित हाईपर विज़न एआई चिप, स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 प्रोसेसर, ड्युअल 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा, 144 हर्ट्ज़ का हाईपर ग्लो एमोलेड डिस्प्ले, 7,000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी हैं, जिनकी मदद से रियलमी पी4 सीरीज़ इस मूल्यवर्ग में यूज़र्स को अपनी अपेक्षाओं से बेहतर स्मार्टफोन पेश कर रही है. यह क्रमशः 20,000 रुपये और 15,000 रुपये के मूल्यवर्ग में अब तक का सबसे बेहतर ड्युअल-चिप स्मार्टफोन है.

### तीज से पहले सोना-चांदी सस्ते, बाजार में बढ़ी खरीदारों की भीड़

**पटना।** तीज पर्व से पहले सोना और चांदी की कीमतों में आई गिरावट से ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. त्योहारों के मौके पर गहनों की खरीदारी एक परंपरा मानी जाती है और ऐसे समय में कीमतों में नरमी आना उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर बन गई है. पटना के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना गुरुवार को 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया, जो करीब 20 दिन बाद पहली बार एक लाख रुपये से नीचे आया है. वहीं, जीएसटी जोड़ने पर यह कीमत 1,02,485 रुपये तक पहुंच रही है. इसके अलावा, 22 कैरेट सोना 91,800 रुपये और 18 कैरेट सोना 75,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर उपलब्ध है. चांदी की कीमतों में भी करीब 15 दिन बाद गिरावट देखी गई, जिससे ग्राहकों में खरीदारी का रुझान और तेज हो गया है. ज्वेलरी शोरूम्स में भारी भीड़ उमड़ रही है.

## एआईएनयू ने बंजारा हिल्स, हैदराबाद में अपने फ्लैगशिप हॉस्पिटल का उद्घाटन किया

**एजेंसी। हैदराबाद**

यूरो-नेफ्रो केयर पर केंद्रित भारत की सबसे बड़ी सिंगल स्पेशियल्टी चेन, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी (एआईएनयू) ने बंजारा हिल्स हैदराबाद में अपना फ्लैगशिप हॉस्पिटल शुरू किया है. इस फ्लैगशिप हॉस्पिटल में संयुक्त रूप से 150 बेड, 4 ऑपरेटिंग रूम्स, 35 डायलिसिस बेड और कॉम्प्लेक्स यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी सर्जरी के लिए नई जनरेशन की रोबोटिक टेक्नोलॉजी की सुविधा है. इसलिए यह भारत में इस सिंगल स्पेशियल्टी वाले सबसे बड़े कॉर्पोरेट हॉस्पिटल्स में से एक बन गया है. यूरोलॉजिकल समस्याएं पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका भार विकासशील देशों में अधिक है. भारत में भी यूरोलॉजिकल समस्याओं के बढ़ने की गति काफी तेज है. क्रोनिक किडनी रोग के 69 प्रतिशत मामले किडनी और मूत्रनली के जन्मजात विकारों के कारण होते हैं, जो इसके सबसे आम कारण हैं. भारत में हर साल किडनी



फेल होने के लगभग 210,000 मामले दर्ज होते हैं. डॉ. मल्लिकार्जुन, चीफ कंसल्टैंट यूरोलॉजिस्ट एवं चेयरमैन, एआईएनयू ने कहा, ''टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन और प्रगतियाँ यूरोलॉजिकल समस्याओं के मरीजों की देखभाल में सुधार ला रहे हैं. रोबोटिक सर्जरी, एंडोस्कोपिक और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, 3डी इमेजिंग, और आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में हुई प्रगति से यूरोलॉजी के क्षेत्र का विस्तार हो रहा है तथा सर्जिकल प्रक्रियाएं ज्यादा सटीक व प्रभावशाली बन रही हैं.

यह नया एआईएनयू बंजारा हॉस्पिटल यूरो-नेफ्रो केयर में हमारी 12 सालों की विरासत और हमारी क्लिनिकल उत्कृष्टता पेश करता है. यहाँ पर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से मरीजों को ज्यादा तेज, सुरक्षित व सटीक इलाज प्राप्त हो सकेगा.

हम समाज को लाभ पहुँचाने के लिए शैक्षणिक उपलब्धि की संस्कृति का विकास करते हुए मेडिकल ज्ञान, शोध और इनोवेशन का विस्तार करना चाहते हैं. ''

## केनस्टार ने लॉन्च किया भारत का पहला 5-स्टार रेटेड एयर कूलर

**एजेंसी। मुम्बई**

भारत में लगभग तीन दशकों से भरोसेमंद ब्रांड्स में शुमार केनस्टार ने गुरुग्राम, हरियाणा में देश के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एनर्जी-एफिशियंट एयर कूलर की नई रेंज लॉन्च की. इस नई रेंज में 5 साल की वारंटी के साथ बेहतरीन आराम और मानसिक संतुष्टि का भरोसा दिया गया है. यह आधुनिक उत्पाद केनस्टार के "द पावर ऑफ 5" अभियान को मजबूती देता है, जो ब्रांड की स्थिरता, ऊर्जा दक्षता और बेहतरीन कूलिंग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और ग्राहकों का विश्वास बढ़ाता है. केनस्टार में इनोवेशन सिर्फ तकनीक तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों का जीवन आसान बनाना, भरोसा बढ़ाना और ग्राहकों को लंबे समय तक मूल्य देना भी है. इस नई एयर कूलर रेंज में ऊर्जा बचत के साथ आधुनिक तकनीक का बेहतरीन मेल है, जिससे ग्राहकों को शानदार कूलिंग मिलती है और बिजली का बिल भी कम आता है. "पावर ऑफ 5" के तहत ये कूलर बीएलडीसी



मैक्स टेक्नोलॉजी, तेज़ हवा देने वाली क्वाड्रा फ्लो टेक्नोलॉजी, बेहतर ठंडक और मजबूती के लिए हाइड्रो डेंस मेश हनीकॉम्ब कूलिंग पैड, और लंबे समय तक चलने वाली हेवी ड्यूटी और डबल बॉल बेयरिंग मोटर के साथ उपलब्ध हैं. इस अवसर पर केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहा, "नई बीईई 5-स्टार रेटेड केनस्टार कूलर रेंज हमारी स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है और यह भारत सरकार के पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाती है. केनस्टार में हम मानते हैं कि सच्ची सफलता उन उपलब्धियों से नहीं मापी जाती जो हम हासिल करते हैं, बल्कि उन मुस्कानों से जानी जाती है जो हम अपने ग्राहकों तक पहुंचाते हैं. हमारे द्वारा डिज़ाइन किए गए प्रत्येक उपकरण में सटीकता, गुणवत्ता और रोज़मर्रा के जीवन को बेहतर बनाने का वादा शामिल है. 'पावर ऑफ 5' हमारी उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसमें हम हर घर को बेजोड़ प्रदर्शन, उच्च दक्षता, बिना समझौता किए गुणवत्ता, असाधारण टिकाऊपन और विश्वसनीयता का भरोसा देते हैं."

## एमेजॉन ने 1,50,000 से ज्यादा नौकरी के मौके बनाए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एमेजॉन इंडिया ने आज घोषणा करी कि उसने अपने फ़ुलफ़िलमेंट सेंटर्स (एफसी), सॉर्ट सेंटर्स और लास्ट माइल डिलीवरी स्टेशनों में 1,50,000 से ज़्यादा अस्थायी नौकरियाँ बनाई हैं. यह कदम आने वाले त्योहारों में करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने की तैयारी के लिए उठाया गया है. इनमें 400 से ज़्यादा शहरों में सीधे और अप्रत्यक्ष नौकरी के मौके शामिल हैं, जिनमें मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, कोचीन, कोयंबटूर, इंदौर, रायपुर, जालंधर, जोधपुर, रांची, अनंतनाग, जलगाँव और कई अन्य शहर शामिल हैं. इसकी खास बात यह है कि एमेजॉन ने अपने नेटवर्क में हज़ारों महिलाओं और 2000 से ज़्यादा दिव्यांग साथियों को भी यह मौका दिया हैं. एमेजॉन इंडिया ने आने वाले त्योहारों को देखते हुए पहले से ही इन नए साथियों में से ज़्यादातर को शामिल कर लिया है. एमेजॉन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वीपी - ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा कि "इन त्योहारो पर हमारा मकसद ग्राहकों को पूरे भारत के हर सर्विसेबल पिन कोड पर सबसे जल्द और भरोसेमंद डिलीवरी देना है. जिसकी तैयारी करते हुए हमने अपने फ़ुलफ़िलमेंट और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में 1.5 लाख से ज़्यादा अतिरिक्त लोगों को भर्ती किया है, ताकि ग्राहकों को निराशा न हो. इनमें से कई लोग त्योहारों के बाद भी एमेजॉन के साथ काम करते हैं, और बड़ी संख्या में इनमें से कई साथी हर साल हमारे साथ फिर से जुड़ते हैं. हमारे लिए अपने सहयोगियों की सुरक्षा और भलाई बहुत मायने रखती है. चाहे वे हमारे भवनों में काम कर रहे हों या ग्राहकों तक पैकेज पहुँचा रहे हों. हम एक सुरक्षित, समान और सशक्त काम का वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें सामाजिक सुरक्षा व कई सुविधाएँ शामिल हैं और जो हमारी पूरी टीम की आर्थिक भलाई का ध्यान रखती है. "एमेजॉन की नई सहयोगी मनीषा सिंह, जो फिलहाल बेंगलुरु के एक फ़ुलफ़िलमेंट सेंटर (एफसी) में काम कर रही हैं. उन्होंने बताया कि "मुझे खुशी है कि इस त्योहार के मौसम में मैं एमेजॉन से जुड़ी हूँ. कंपनी का सुरक्षित माहौल मुझे काम करते समय आत्मविश्वास देता है. भारत के परिवारों तक त्योहारों के दौरान खुशी पहुँचाने में मदद करना और एक सम्मानजनक कार्यस्थल का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व की बात है. भारत में ई-कॉमर्स नेटवर्क के सहयोगियों की भलाई का ध्यान रखने के अपने वादे के तहत एमेजॉन ने कई पहल शुरू की हैं.

#### पूरे देश में 150 से ज्यादा शो-रूम और सर्विस सेंटर खोले गये

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने भारत में बड़े विस्तार के साथ 50वां शोरूम खोला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया है. कंपनी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में अपना 50वां शोरूम और सर्विस सेंटर शुरू किया है. इस नए विस्तार के साथ कंपनी का लक्ष्य है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरे देश में 150 से ज्यादा शोरूम और सर्विस सेंटर खोले जाएं. कंपनी ने हाल ही में (आंध्र प्रदेश) के विशाखापट्टनम और गुंटूर, (झारखंड) के रांची, (मध्य प्रदेश) के जबलपुर, (उत्तर प्रदेश) के अलीगढ़ और उन्नाव, और (केरल) के पालक्काड में अपना विस्तार किया है. इसके साथ ही ओबेन



इलेक्ट्रिक अब 15 राज्यों और 37 शहरों में अपनी मौजूदगी मजबूत कर चुकी है. यह तेज विस्तार कस्टमर्स की बढ़ती मांग के कारण हो रहा है. इसमें सबसे ज्यादा योगदान कंपनी की सबसे लोकप्रिय बाइक रोर ईजेड और हाल ही में लॉन्च की गई रोर ईजेड सिग्मा का है.

यह नई पीढ़ी की कम्प्यूटर बाइक है, जिसे खास तौर पर आज के भारतीय राइडर्स के लिए बनाया गया है. रोर ईजेड सिग्मा को रोर ईजेड की सफलता के आधार पर बनाया गया है जिसमें बेहतर परफॉर्मेंस, एडवांस टेक्नोलॉजी और डेली इस्तेमाल के लिए ज्यादा सुविधा दी गई है. यही वजह है कि यह मॉडल ओबेन इलेक्ट्रिक के पूरे देश में तेजी से बढ़ते नेटवर्क का एक बड़ा कारण बन रहा है.

इस मौके पर ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ सुश्री मधुमिता अग्रवाल ने कहा, 'हमारा 50वां डीलरशिप, पूरे भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सबके लिए आसान और सुलभ बनाने के विजन की ओर एक मजबूत कदम है. आंध्र प्रदेश क्लीन-मोबिलिटी को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है और हमारे लिए यह एक अहम बाजार है. विशाखापट्टनम में नया शोरूम खोलकर हमें इस प्रगति में योगदान करने पर गर्व है. अपनी इन-हाउस मैन्युफैक्चरिंग, हाई-परफॉर्मेंस प्रोडक्ट्स और कस्टमर्स को बेहतरीन एक्सपीरियंस देने पर ध्यान के साथ, हम भारत और दुनिया में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ओनरशिप के नए मानक तय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

# किराक हैदराबाद ने रोहतक रौडीज को हराकर प्रो पंजा लीग सीजन 2 का खिताब जीता

एजेंसियां । ग्वालियर



किराक हैदराबाद ने ग्वालियर में गुरुवार रात हुए फाइनल में रोहतक रौडीज को 30-18 से हराकर प्रो पंजा लीग सीजन 2 का खिताब जीत लिया है. विजेता टीम को प्रो पंजा लीग की ओर से 20 लाख रुपये का इनाम भी मिला है. रोहतक रौडीज की निर्मल देवी को 'प्लेयर ऑफ द डे' का पुरस्कार दिया गया. किराक हैदराबाद के सतनाम सिंह को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' घोषित किया गया. स्टीव थॉमस ने 'बादशाहों का बादशाह' का खिताब जीता.

किराक हैदराबाद पूरे टूर्नामेंट में अंकों के मामले में आगे रहे और अंतिम दिन अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए एक सुयोग्य और शानदार जीत दर्ज की. पिछले सीजन के उपविजेता, जो सिर्फ एक अंक से चैंपियनशिप से चूक गए थे, इस बार ट्रॉफी उठाई और इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया.

किराक के स्टीव थॉमस ने दीपांकर मेच को सिर्फ 0.09 सेकंड में पिन करके प्रो पंजा लीग का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो सचिन गोयल के 0.10 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ता है. कार्यक्रम में प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परविन दबास और प्रीति झांगियानी उपस्थित थे. आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह तोमर, हॉकी इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य डॉ. नरिंदर ध्रुव बत्रा, पेशेवर पहलवान सौरव गुर्जर और पूर्व कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी भी उपस्थित थे. ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व मुक्केबाज विजेंदर सिंह टीम एंबेसडर के रूप में रोहतक रौडीज का समर्थन करने के लिए उपस्थित थे.

फाइनल में, दोनों टीमों ने कुल 10 मैच खेले, अंडरकार्ड में चार और मेन कार्ड में छह, प्रतिष्ठित मुकुट के लिए लड़ने के लिए अब तक लीग में देखी गई हर श्रेणी में एक खिलाड़ी भेजा.

अंडरकार्ड पूरी तरह से किराक हैदराबाद का रहा क्योंकि उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत में रोहतक रौडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप का आनंद लिया. अविलिये जुयी ने 90 किग्रा मुकाबले में अर्शदीप सिंह पर 2-0 से शानदार जीत के साथ टोन सेट किया. नवीन एमवी ने 60 किग्रा श्रेणी में निखिल सिंह को 2-0 से हराकर बढ़त को दोगुना कर दिया, इससे पहले रचना जाटव ने 55 किग्रा प्रतियोगिता में कराबी सोनोवाल के खिलाफ एक और साफ 2-0 जीत के साथ फायदा बढ़ाया और अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा. रौडीज के बिल्ला ताजामुल ने अपनी टीम को जीवित रखने के लिए कड़ी लड़ाई लड़ी, लेकिन अनुभवी कप्तान आस्कर अली ने मेन कार्ड मैचों से पहले अपनी टीम को आरामदायक स्थिति में रखने के लिए 80 किग्रा मुकाबले में 2-0 से जीत हासिल की.

मेन कार्ड में, विशेष रूप से सक्षम मैच में विश्व चैंपियन श्रीनिवास बीवी ने रोहतक रौडीज के लिए शुरुआती अंक हासिल किए क्योंकि उन्होंने किराक हैदराबाद के चंदन कुमार बेहरा को 5-0 से हराया. निर्मल देवी ने रोहतक रौडीज के लिए गति बनाए रखी क्योंकि उन्होंने चैलेंजर राउंड को सक्रिय किया और 65+ किग्रा श्रेणी में जिंसी जोस के खिलाफ 10-0 की निर्दोष जीत हासिल की. 18 वर्षीय आभास राणा ने 100+ किग्रा डिवीजन में अमित चौधरी को 5-0 से हराकर एक रोमांचक मुकाबले में किराक हैदराबाद की ओर रुख वापस कर दिया. किराक हैदराबाद की माधुरा केएन ने 65 किग्रा मुकाबले में रिबासुक लिंगदोह को 5-0 से हराया. माधुरा ने पहले दो राउंड में दो फ्लैशपिन के साथ अपना दबदबा स्थापित किया. रिबासुक ने तीसरे राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी को रोकने की कोशिश की लेकिन अपने प्रतिद्वंद्वी को रोक नहीं सके, किराक हैदराबाद को महत्वपूर्ण अंक दे दिए.

ट्रॉफी दांव पर लगने के साथ, हैदराबाद के स्टीव थॉमस ने 70 किग्रा मुकाबले में दीपांकर मेच के खिलाफ 10-0 से जीतकर सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया. स्टीव ने चैलेंजर राउंड को शानदार अंदाज में जीता, अपने प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 0.09 सेकंड में पिन करके एक मैच शेष रहते ही किराक हैदराबाद के लिए खिताब का दावा किया. खिताब से चूकने के बावजूद, रोहतक रौडीज के दारा सिंह ने अपना उत्साह नहीं खोया और रात का समापन करने के लिए 100 किग्रा श्रेणी में किराक हैदराबाद के जगदीश बरुआ को 3-2 से हराया. हाई-ऑक्टेन, एड्रेनालिन से भरपूर सीजन एक शानदार नोट पर अपने अंत तक पहुंचा, जब किराक हैदराबाद ने प्रतिष्ठित प्रो पंजा लीग सीजन 2 ट्रॉफी उठाकर अपने शानदार अभियान को समाप्त किया.

---

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लिए 95 विकेट**

## टीम इंडिया की बाएं बाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने लिया संन्यास

**नयी दिल्ली ।** भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है. इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था. सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले. उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था. वह इस बीच हालांकि घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था. सुल्ताना ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'विश्व कप और विभिन्न दौरों में शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है. इनमें मेरे कौशल और जज्बे की भी परीक्षा हुई.'

उन्होंने कहा, 'हर विकेट, मैदान में हर डाइव, टीम के साथियों के साथ हडल (मैदान पर घेरा बनाना) ने मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में निखारने में मदद की.' सुल्ताना ने एकदिवसीय मैचों में 19.39 की औसत से 66 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.27 की औसत से 29 विकेट लिए. उन्होंने 2009 और 2013 में दो एकदिवसीय विश्व कप खेले और 11 मैचों में 12 विकेट लिए. सुल्ताना ने 2009 से 2014 तक तीन टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और सात विकेट हासिल किए. सुल्ताना वर्तमान में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो कोच हैं.

---

### अश्विन से बातचीत में द्रविड़ ने खोले राज, बोले-

# टीम कैप्टन की होनी चाहिए

एजेंसी । मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा की कप्तानी को लेकर दिलचस्प बातें साझा कीं. द्रविड़ ने कहा कि रोहित केवल रणनीतिक कप्तान ही नहीं थे, बल्कि एक ऐसे लीडर रहे जिन्होंने हर वक्त टीम को प्राथमिकता दी और खिलाड़ियों के लिए गहरी परवाह दिखाई. द्रविड़ ने रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब शो पर बातचीत के दौरान अपने कार्यकाल की अहम झलकियां साझा कीं. उन्होंने बताया कि रोहित पहले दिन से ही बेहद स्पष्ट थे कि टीम को कैसे आगे ले जाना है.

द्रविड़ ने कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि रोहित टीम की बहुत गहराई से परवाह करते हैं. पहले ही दिन से वह स्पष्ट थे कि माहौल कैसा होना चाहिए और किस दिशा में टीम को आगे बढ़ना है.' इस कथन से साफ है कि रोहित केवल कप्तानी नहीं कर रहे थे, बल्कि टीम के हर खिलाड़ी से जुड़कर एक ऐसा माहौल बनाने में विश्वास रखते थे, जहां हर कोई खुद को अहम समझे.

कप्तान-कोच तालमेल की मिसाल

राहुल द्रविड़ ने इस इंटरव्यू में कप्तान और कोच के रिश्ते पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि टीम कप्तान की होनी चाहिए. कोच का रोल कप्तान को सपोर्ट करने का होता है. रोहित के साथ काम करने में यही सहजता थी कि वह दिशा तय करते थे और मैं उनका साथ देता था.' द्रविड़ के मुताबिक, रोहित का साफ विजन होने से फैसले आसान हो जाते थे. चाहे टीम चयन हो या रणनीति तय करना, पूर्व कोच ने बताया कि रोहित के साथ उनकी बातचीत हमेशा पारदर्शी रही.



**रोहित की कप्तानी से मिली सीख**

राहुल द्रविड़ की बातें इस ओर इशारा करती हैं कि रोहित शर्मा एक ऐसे कप्तान हैं जो केवल रणनीति और प्रदर्शन पर नहीं, बल्कि मानवीय पहलुओं पर भी ध्यान देते हैं. उनकी कप्तानी की सबसे बड़ी खासियत रही– टीम को परिवार की तरह संभालना. रोहित जानते थे कि टीम को किस दिशा में ले जाना है. इसके लिए उन्होंने हर खिलाड़ी को अहमियत दी. इतना ही नहीं, विश्व कप की हार के बाद भी टीम को टूटने नहीं दिया. साथ ही फैसले हमेशा कोच द्रविड़ और अन्य लीडरशिप रोल के खिलाड़ियों के साथ मिलकर लिए, जिससे टीम एकजुट रही.

### कोच का काम होता है कप्तान का...

द्रविड़ ने कहा, 'रोहित को एक अंडर-19 खिलाड़ी के रूप में देखना और उन्हें एक क्रिकेटर के तौर पर पहली कैप देना, और फिर उन्हें उभरते हुए देखना और लीडर के तौर पर सामने आना, यह देखकर अच्छा लगता है. मैं एक खिलाड़ी भी रहा हूं और कप्तान भी, लेकिन कप्तान को हमेशा उस दिशा में टीम को ले जाना होता है, जहां वह जाना चाहता है. और फिर आपका काम होता है उसका समर्थन करना और उसमें उसकी मदद करना. मैंने बस वही किया.

**2023 का वर्ल्ड कप झटका :** द्रविड़ ने इस बातचीत में एक और महत्वपूर्ण खुलासा किया. उन्होंने बताया कि 2023 वनडे विश्व कप की हार के बाद उन्होंने कोच पद छोड़ने का विचार किया था, लेकिन रोहित शर्मा ने उन्हें रुकने के लिए मनाया. द्रविड़ ने बताया, 'वनडे विश्व कप का फाइनल हारना दर्दनाक था, लेकिन रोहित ने मुझे समझाया कि हमें मिलकर आगे बढ़ना चाहिए. उनकी बातों ने मुझे विश्वास दिलाया.' इसी साझेदारी का नतीजा था कि 2024 में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप जीतकर 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म कर दिया. यह जीत रोहित और द्रविड़ दोनों के करियर की बड़ी उपलब्धि बन गई.

**मैदान से बाहर भी मजबूत रिश्ता :** द्रविड़ ने यह भी बताया कि उनका और रोहित का रिश्ता केवल पेशेवर स्तर तक सीमित नहीं था. कई बार दोनों मैदान से बाहर भी क्रिकेट से हटकर बातें करते थे. यह व्यक्तिगत जुड़ाव टीम के वातावरण पर भी सकारात्मक असर डालता था. उन्होंने कहा, 'रोहित के साथ बातचीत हमेशा आनंददायक रही. क्रिकेट के अलावा भी हम बहुत सी चीजो पर चर्चा करते थे. इस वजह से हमारा रिश्ता और भी मजबूत हुआ.

---

## रिंकू सिंह के तूफान में उड़ा गोरखपुर लॉयन्स मेरठ मेवरिक्स ने 6 विकेट से दर्ज की जीत

एजेंसियां । लखनऊ



उत्तर प्रदेश टी20 लीग 2025 के नौवें मुकाबले में मेरठ मेवरिक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर लॉयन्स को 6 विकेट से पराजित कर दिया. यह मुकाबला रिंकू सिंह की विस्फोटक शतकीय पारी के नाम रहा, जिन्होंने मात्र 48 गेंदों में नाबाद 108 रन ठोके.

पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरखपुर लॉयन्स ने 20 ओवर में 167 रन बनाए. टीम की ओर से कप्तान ध्रुव ज्युरेल ने 38 रन (32 गेंद) बनाए, जबकि निशांत कुशवाहा ने 24 गेंदों में 37 रन जोड़े. अक्षदीप नाथ ने भी 16 गेंदों में 23 रन का योगदान दिया. हालांकि लॉयन्स की टीम बड़ी साझेदारियां नहीं कर पाई और अंत में 9 विकेट खोकर 167 पर रुक गई.

मेरठ मेवरिक्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया. विशाल चौधरी और विजय कुमार ने 3-3 विकेट चटकाए, जबकि जीशान अंसारी ने 2 विकेट लिए.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेवरिक्स की शुरुआत साधारण रही, लेकिन रिंकू सिंह ने आते ही मैदान पर तूफान मचा दिया और देखते ही देखते मैच का रुख बदल गया. रिंकू ने अपनी नाबाद 108 रनों की पारी में 10 छक्के और 7 चौके जड़े. उनके साथ सहाब युवराज सिंह ने 22 रनों का योगदान दिया. मेवरिक्स ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 168 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया.

इस जीत के साथ मेरठ मेवरिक्स ने अंक तालिका में अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया है, जबकि गोरखपुर लॉयन्स को हार के बाद अगले मैच में वापसी करनी होगी.

## यूएस ओपन 2025 : निक किर्गियोस ने पुरुष एकल से नाम वापस लिया



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार निक किर्गियोस लगातार तीसरे साल यूएस ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे. टूर्नामेंट आयोजकों ने गुरुवार को उनके नाम वापसी की पुष्टि की.

30 वर्षीय किर्गियोस पिछले कुछ सालों से पैर, घुटने और कलाई की चोटों से जूझ रहे हैं. इस सीजन में उन्होंने केवल पांच एकल मुकाबले खेले हैं, जिनमें से चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा.

किर्गियोस का करियर का सबसे सफल वर्ष 2022 रहा था, जब वे विंबलडन फाइनल तक पहुंचे थे और न्यूयॉर्क में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी. हालांकि चोटों के कारण उनका करियर लगातार प्रभावित होता रहा.

उन्होंने 2023 में सिर्फ एक मैच खेला, जबकि 2024 पूरा साल मिस किया. इस साल भी मार्च में मियामी ओपन की दूसरी राउंड हार के बाद से उन्होंने कोई एकल मैच नहीं खेला है. किर्गियोस की जगह मुख्य ड्रॉ में एक 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा. यूएस ओपन के इस साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम के एकल मुकाबले रविवार से शुरू होंगे.

---

## बीसीसीआई में होगा बड़ा फेरबदल, कई सेलेक्टर्स की होगी छुट्टी

**भारतीय** क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर मेन्स, वूमेन्स और जूनियर मेन्स चयन समिति में सेलेक्टर्स के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. कुल 7 पद खाली हैं जिसके लिए योग्य उम्मीदवार आवेदन कर पाएंगे. 10 सितंबर 2025 की शाम 5 बजे तक इन पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है.

शॉर्टलिस्टिंग और स्क्रीनिंग के बाद उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा. बीसीसीआई की ओर से आवेदन करने के लिए लिंक भी शेयर किया गया है. मेन्स सेलेक्शन कमेटी में 2 पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इस समिति में शामिल सदस्य का काम भारतीय पुरुष टीम का चयन करना होता है. इस पद के लिए वही खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने 7 टेस्ट मैच या 30 फर्स्ट-क्लास मैच खेले हों. या 10 वनडे और 20 फर्स्ट-क्लास मैच. साथ ही कम से कम 5 साल पहले संन्यास लिया हो और बीसीसीआई की किसी क्रिकेट समिति में सदस्य के तौर पर 5 साल से ज्यादा का कार्यकाल नहीं रहा हो. वर्तमान में मेन्स सेलेक्शन पैनल में चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर, शिवसुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं. इनमें मुख्य चयनकर्ता अगरकर का कार्यकाल जून 2026 तक बढ़ाया गया है. उधर महिला चयन समिति में 4 पद के लिए बोर्ड की ओर से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इस सेलेक्शन पैनल का मुख्य काम महिला टीम का चयन करना है. इसके साथ ही चयन समिति का काम कोच और सपोर्ट स्टाफ की जांच, मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना और मजबूत बेंच स्ट्रेंथ तैयार करना होता है. इसके लिए वहीं प्लेयर अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं.

## शेड्यूल में बदलाव, बेंगलुरु में नहीं, मैच मुंबई में खेले जाएंगे

एजेंसी । मुंबई

**विमेंस वर्ल्ड कप**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 30 सितंबर से भारत में होने वाले विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल में बदलाव किया है. नए शेड्यूल के अनुसार, बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैचों को नवी मुंबई स्थित डी वाई पाटिल स्टेडियम में शिफ्ट किया गया है. इनमें भारत और श्रीलंका के बीच ओपनिंग मैच और दूसरा सेमीफाइनल जैसे मैच शामिल हैं. कर्नाटक सरकार ने वहां के स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को मैच कराने की मंजू.री नहीं दी. आरसीबी की विक्ट्री सेरेमनी में मची भगदड़ के बाद जांच करने वाले जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं माना था. इससे पहले 11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया. इससे विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए.


**डी वाई पाटिल स्टेडियम को 5वां वेन्यू बनाया :** आईसीसी ने मुंबई को वर्ल्ड कप की मेजबानी का 5वां वेन्यू बनाया है. पहले बेंगलुरू 5वां वेन्यू था. इस टूर्नामेंट में 28 लीग मैच और 3 नॉकआउट मुकाबले पांच स्थानों मुंबई, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे. वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को मुंबई में होगा. फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई या कोलंबो में खेला जाएगा.

---

**चिन्नास्वामी** | आईसीसी ने जारी किया नया शेड्यूल

# स्टेडियम से छीनी गई वर्ल्ड कप मैचों की मेजबानी

एजेंसी । नयी दिल्ली



आईसीसी ने महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की है. अब इस वर्ल्ड कप के दौरान बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुकाबले नहीं खेले जाएंगे. एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैचों को अब नवी मुंबई में शिफ्ट कर दिया गया है. नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में अधिकतम पांच मैच खेले जाएंगे.

इनमें तीन लीग मैच, एक सेमीफाइनल और संभवतः 2 नवंबर को महिला क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण का खिताबी मुकाबला भी शामिल है. अगर फाइनल में पाकिस्तानी टीम पहुंचती है तो ही मुकाबला कोलंबो के आर.प्रेमदास स्टेडियम में होगा. बता दें कि बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम को अनसेफ घोषित किया गया था. आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन 30 सितंर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में किया जाना है. डीवाई पाटिल स्टेडियम के अलावा एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर. प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में मुकाबले खेले जाएंगे.

आरसीबी की विक्ट्री परेड के दौरान मची थी भगदड़ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की खिताबी जीत के बाद एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री परेड हुई थी. इस विक्ट्री परेड के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोग मारे गए थे. साथ ही 50 से ज्यादा लोग इंजर्ड हुए थे. इस वाकये के बाद जस्टिस जॉन माइकल डी'कुन्हा की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन हुआ, जिसने अपनी जांच में एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित माना.

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह का मानना है कि नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप मैचों के लिए एक आदर्श वेन्यू है. उन्होंने कहा, 'नवी मुंबई हालिया सालों में महिला क्रिकेट के लिए एक शानदार वेन्यू बनकर उभरा है. अंतरराष्ट्रीय मैचों और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दौरान इसे जो समर्थन मिला है, वह उल्लेखनीय है. इसके चलते खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है और फैन्स को प्रेरणा मिली है. मुझे यकीन है 12 साल बाद भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप के मैचों के दौरान भी यही एनर्जी देखने को मिलेगी.' आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा. जबकि दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को नवी मुंबई में खेला जाएगा. जबकि टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को कोलंबो या नवी मुंबई में होगा. यदि पाकिस्तानी टीम अंतिम-4 के लिए क्वालिफाई कर लेती है तो वो पहला सेमीफाइनल कोलंबो में खेलेगी. यदि पाकिस्तानी टीम फाइनल में पहुंचती है, तो खिताबी मुकाबला भी कोलंबो में ही होगा. अगर भारत और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल मुकाबला होता है, तो कोलंबो में पहला सेमीफाइनल होगा. अगर पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाती है, तो सभी नॉकआउट मैच भारत में होंगे.

## एशियाई चैंपियनशिप में एलावेनिल वलारिवन ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता स्वर्ण

एजेंसियां । शिमकेंट (कज़ाकिस्तान)



भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवान ने शुक्रवार को 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता. प्रतियोगिता में शामिल एक अन्य भारतीय मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल करने के बाद चौथे स्थान पर रहीं.

तमिलनाडु की 26 वर्षीया खिलाड़ी ने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान पर रही हैं. उन्होंने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया. चीन की शिनलू पेंग ने 253 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता. यह वलारिवन का मौजूदा प्रतियोगिता में पहला व्यक्तिगत पोडियम स्थान था, इससे पहले उन्होंने टीम स्पर्धाओं में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था.

वालारिवन ने 630.7 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था. घोष पहले 630.3 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रही थीं, लेकिन दो अन्य उच्च रैंकिंग वाली भारतीय - आर्या बोरसे (633.2) और सोनम मस्कर (630.5) के केवल रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के कारण प्रतियोगिता से बाहर होने के कारण फाइनल में जगह नहीं बना पाईं. वालारिवन का पदक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा सीनियर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था, जहाँ देश अपने जूनियर निशानेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष पर है. अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत का पहला सीनियर स्वर्ण पदक जीता था. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था.

## ब्रीफ न्यूज

### किशोरी ने पुल से लगाई छलांग, स्थिति गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा) ।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवाड़ रेलखण्ड के पुरनानगर रेलवे पुल से एक किशोरी ने रेलवे ट्रैक पर छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया, जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल युवती की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनानगर निवासी 17 वर्षीय किशोरी के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार देर रात को किशोरी से उसके परिजन से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद शुक्रवार की दोपहर में रेलवे ट्रैक की ओर अकेले ही निकल पड़ी और पुरनानगर रेलवे पुल के समीप पहुंचकर वहां से रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. इधर इसी बीच वहां से गुजर रहे ग्रामीण की नजर उस पर पड़ी और इसकी सूचना उसके परिजनों को दी. जिसके बाद परिजन वहाँ पहुंचे और आनन-फानन में उसे लेकर कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है.

### डीसी ने जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

**लातेहार ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं. कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी शिकायतकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना और त्वरित जांच के बाद समाधान का आश्वासन दिया. लातेहार प्रखंड के जालिम खुर्द निवासी सुनीता देवी ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि अब तक न मिलने की शिकायत की. उपायुक्त ने इस पर संबंधित अधिकारी को आवेदन की जांच कर शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया. इस जन सुनवाई में कुल 8 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से रोजगार, मुआवजा भुगतान और आंगनबाड़ी सेविका चयन से संबंधित मामले शामिल थे. उपायुक्त ने बताया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है.

### जनता की समस्याएं सुनने को आगे आया प्रशासन

# डीसी ने जनता दरबार में दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**शुभम संदेश . हजारीबाग**



आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी विभिन्न शिकायतों और समस्याओं को लेकर पहुंचे. उपायुक्त ने सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए. जनता दरबार में पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड में त्रुटि सुधार, आवास आवंटन, पंजी–2 में हेरफेर, आपूर्ति गड़बड़ी, भूमि विवाद, रोजगार संबंधी समस्याएं, पारिवारिक विवाद समेत कई मुद्दे सामने आए. उपायुक्त ने सभी मामलों की संवेदनशीलता से जांच कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. प्रमुख शिकायतें एवं प्रशासनिक निर्देश

इचाक निवासी अभिषेक कुमार ने पंजी–2 में हेरफेर कर एलपीसी निर्गत करने की शिकायत की, जिस पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया. इचाक के झनवा तुरी ने भूमिदान जमीन पर अवैध विद्यालय निर्माण की शिकायत की, जिस पर डीएसई और संबंधित अंचल अधिकारी को संयुक्त जांच करने को कहा गया.

दारू प्रखंड के लरतांगों गांव के ग्रामीणों ने गैरमजरूआ जमीन हड़पने का मामला उठाया, जिस पर सीओ को जांच एवं एसडीओ को रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.

विष्णुगढ़ निवासी रामबिलास साव के भूमि नापी व दखल से संबंधित मामले में सीओ विष्णुगढ़ को त्वरित संज्ञान लेने के निर्देश दिए गए.

दारू की रूबी कुमारी ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर एडीएसएस को त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया.

अनिल कुमार खंडेलवाल की खाशमहल जमीन की लीज नवीकरण से जुड़ी शिकायत पर उपायुक्त ने कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई करने को कहा.

इस मौके पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि ₹प्रशासन का मूल उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान करना है. अधिकारी शिकायतों के निष्पादन को प्राथमिकता के आधार पर लें ताकि जनता को राहत मिल सके.

जनता दरबार की यह पहल ग्रामीणों में सकारात्मक विश्वास जगा रही है और शासन-प्रशासन के बीच दूरी कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.

### डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन व परिवहन पर सख्त, रोक लगाने के निर्देश

- खास बैठक में अवैध खनन रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर

**शुभम संदेश ।रामगढ़**

शुक्रवार को डरफैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई. बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार समेत कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य विषय जिले में हो रहे अवैध खनन और अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाना था.

**अवैध खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा :** बैठक की शुरुआत अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए पीपीटी प्रस्तुत की. इस दौरान उन्होंने अवैध मुहानों में लगी आग की स्थिति पर भी चर्चा की. विशेषकर चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह क्षेत्र में अवैध मुहानों में लगी आग की स्थिति गंभीर पाई गई, जिस पर उपायुक्त ने तत्काल प्रभाव से आग बुझाने के निर्देश दिए. साथ ही, उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड (सीसीएल) के महाप्रबंधक और अंचल अधिकारी चितरपुर को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया.

**अवैध बालू परिवहन पर पूर्ण रोक :** बैठक में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन रोकने के लिए भी कई सख्त दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि बालू के अवैध परिवहन को रोकना खनन के प्रभावी नियंत्रण के लिए जरूरी है. जिले में अवैध बालू खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन को एकजुट होकर काम करना होगा.

**सभी विभागों के समन्वय की आवश्यकता :** बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, परियोजना महाप्रबंधक, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे. सभी को निर्देशित किया गया कि वे खनन टास्क फोर्स के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और अवैध खनन पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखें. उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि जिले की कानूनी व्यवस्था के लिए भी खतरा है. इसलिए, हर स्तर पर सतर्कता जरूरी है.



#### उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

उपायुक्त ने अवैध खनन को रोकने के लिए पहले की गई कार्रवाई की समीक्षा की और कहा कि अब और प्रभावी कदम उठाने होंगे. उन्होंने खनन टास्क फोर्स के सदस्यों को निर्देश दिया कि कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए और अवैध मुहानों को पूरी तरह से बंद किया जाए. डोजरिंग कर अवैध मुहानों को पूरी तरह निष्क्रिय करने को भी विशेष प्राथमिकता देने को कहा गया. उपायुक्त ने सभी परियोजना महाप्रबंधकों और एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर्स को निर्देश दिया कि वे अवैध खनन पर पूरी नजर रखें और किसी भी तरह का अवैध खनन न हो, इसे सुनिश्चित करें.

### तनवीर सिंह बने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, झारखंड के उपसभापति



**हजारीबाग ।** हजारीबाग के तनवीर सिंह को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, झारखंड राज्य शाखा का उपसभापति (वाइस चेयरमैन) नियुक्त किया गया है. राज्यपाल सचिवालय, रांची द्वारा जारी पत्रांक आईआरसीएस 02/2015 के माध्यम से यह नियुक्ति 21 अगस्त 2025 को औपचारिक रूप से की गई. तनवीर वर्तमान में हजारीबाग रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव पद पर कार्यरत हैं, जहां उन्होंने संस्था के विकास और सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उनके कार्यकाल में रेड क्रॉस भवन का आधुनिक रूपांतरण और ब्लड बैंक स्थापना की प्रक्रिया पूरी की गई है, जिसका उद्घाटन जल्द होने वाला है. संस्था की कार्यक्षमता बढ़ाने और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय मानी जाती है. तनवीर सिंह को सामाजिक कार्यों की प्रेरणा उनके पिता स्वर्गीय प्रीतम सिंह से मिली, जो स्वयं हजारीबाग रेड क्रॉस सोसाइटी के पूर्व सचिव रह चुके थे और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय थे. प्रीतम सिंह ने अपने जीवन में 100 से अधिक बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल कायम की. पिता के निधन के बाद तनवीर ने उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया और शिक्षा पूरी कर समाज सेवा में सक्रिय रूप से जुटे रहे. नियुक्ति के बाद से ही हजारीबाग सहित पूरे राज्य से उन्हें सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों से बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं.

### रामगढ़ में एनडीएमए टीम ने की आपदा प्रबंधन की समीक्षा

# तैयारियों को और प्रभावी बनाने पर दिया जोर

**शुभम संदेश ।रामगढ़**



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), नई दिल्ली की दो सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा कर आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की. टीम में सरोज कुजूर (अवर सचिव, सामान्य) और डॉ. वसीम इकबाल शामिल थे. उन्होंने समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी की उपस्थिति में विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की. बैठक की शुरुआत में डॉ. वसीम इकबाल ने राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों की जानकारी साझा करते हुए आपदा जोखिम न्यूनीकरण (DRR) पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि अब आपदा प्रबंधन को केवल राहत एवं बचाव तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि इसमें सामुदायिक सहभागिता, तकनीकी सहयोग, पूर्व चेतावनी और पूर्व कार्रवाई योजनाओं की अहम भूमिका है.

जिले में आपदा प्रबंधन की वर्तमान स्थिति, अर्ली वार्निंग सिस्टम, ईओसी (इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर) की कार्यप्रणाली, विभागीय समन्वय, तथा आपदा मित्र, आपदा सखी एवं दीदियों के प्रशिक्षण और उनकी भागीदारी पर विशेष चर्चा हुई.

इसके अलावा, हाथियों का प्रकोप, सांप काटने की घटनाएं, लू, बिजली गिरना, आगजनी और भारी बारिश जैसी स्थानीय आपदाओं से निपटने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया.

बैठक में 'सचेत ऐप' की उपयोगिता बताते हुए इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया ताकि आम लोग आपातकालीन स्थितियों में समय रहते सतर्क रह सकें.

टीम ने जिला प्रशासन को आपदा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा एवं अद्यतन करने के साथ-साथ जन सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाने का सुझाव दिया.

# आईसेक्ट विवि की ओर से गाजर-घास पर एकदिनी संगोष्ठी, किसानों को जागरूक करने का प्रयास

**शुभम संदेश ।हजारीबाग**



खेत-खलिहानों से लेकर गांव की पगडंडियों और शहर की खाली जमीनों तक तेजी से फैल रही गाजर-घास (पार्थेनियम) अब किसानों और आम जनता दोनों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है. इसी समस्या के समाधान के लिए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि संकाय ने 16 से 22 अगस्त तक पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह मनाया. इस दौरान तरवा, हुटपा और हरली के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर किसानों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया. शुक्रवार को इस अभियान के समापन पर दारू पंचायत भवन में एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुखिया सुनिल कुमार मुख्य अतिथि थे. मुखिया ने विश्वविद्यालय के जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल उन्नत कृषि के लिए सहायक हैं, बल्कि इससे पैदावार में भी सुधार हो रहा है. उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, समकुलपति, कृषि संकाय के अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष सहित सभी जिम्मेदारों को धन्यवाद दिया. कृषि संकायाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि गाजर-घास एक एकवर्षीय पौधा है, जो किसी भी प्रकार के वातावरण में तेजी से फैलता है और फसलों की वृद्धि रोकता है. इसके जहरीले तत्व मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुंचाते हैं और आसपास की फसलों की पैदावार घटाते हैं. साथ ही, इसके परागकण मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हैं, इसलिए इसके नियंत्रण की जानकारी जरूरी है. विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी विश्वकर्मा ने इस घास के वैज्ञानिक उपयोग पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि गाजर-घास से कीटनाशक, जीवाणुनाशक और खरपतवार नाशक दवाइयां बनाई जा सकती हैं. इसके अलावा, इससे बनी लुग्दी कागज बनाने में इस्तेमाल हो सकती है और बायोगैस संयंत्रों में गोबर के साथ मिलाकर ऊर्जा उत्पादन में भी सहायता मिलती है. कृषि विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि सरकार और किसानों को मिलकर गाजर-घास के नियंत्रण के साथ-साथ इसके वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए. यदि समय रहते सही कदम उठाए जाएं, तो यह खरपतवार नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अवसर बन सकता है.

**परेशानी** | चतरा जिले में बाढ़ का कहर, कई प्रखंड जलमग्न

# नदियों में पानी खतरे के निशान से ऊपर, गांवों का संपर्क टूटा

**संवाददाता ।चतरा**



चतरा जिले के कई प्रखंडों, विशेषकर कान्हाचट्टी और गिद्धौर, में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है. जिले की कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं और पानी पुल के ऊपर बहने लगा है. कान्हाचट्टी प्रखंड की दो प्रमुख गहरी नदियों में पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिससे दर्जनों गांवों का प्रखंड मुख्यालय और थाना से संपर्क पूरी तरह कट गया है.

सूत्रों के अनुसार, कई पशुओं के बह जाने की भी सूचना मिली है. वहीं, गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय और गिद्धौर आवासीय बालिका विद्यालय पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं. विद्यालय परिसर में कई सांपों के घुस आने की खबर से अफरा-तफरी मच गई. प्रशासन द्वारा स्कूलों से बच्चों को सुरक्षित घर भेजा जा रहा है.

मड़गदा गांव के अंबातरी टोला में बाढ़ के पानी में कई लोग फंसे हुए हैं. लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच ग्रामीणों को सुरक्षित निकालना एक बड़ी चुनौती बन गई है. प्रशासन ने एनडीआरएफ टीम को राहत और बचाव कार्यों के लिए बुलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

जिलावासियों से अपील की गई है कि नदियों से सटे इलाकों में रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लें. मौसम विभाग द्वारा अगले 24 घंटों तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं. प्रशासन अलर्ट मोड पर है और राहत कार्य जारी है.

### विद्यालय की गुणवत्ता और अनुशासन पर शिक्षक दें ध्यान : डीसी

**दुमका।** शुक्रवार को दुमका के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक बैठक में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने उच्च विद्यालय के शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और अब शिक्षकों को विद्यालय की गुणवत्ता और अनुशासन बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए. बैठक की शुरुआत में जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार और जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम ने अधिकारियों का स्वागत किया. उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने शिक्षकों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का सुझाव दिया. शिक्षकों ने मॉडल प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने और शिक्षक प्रतिनियोजन जैसी मांगें रखीं, जिस पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए.

## एक नजर

### निजी हाथों में सौंपे जाएंगे गोड्डा के शराब ठेके

**गोड्डा।** झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग द्वारा गोड्डा में शराब की दुकानों का आवंटन पूरा हो चुका है. अब सरकारी ठेकों के बजाय निजी हाथों द्वारा शराब की बिक्री की जाएगी. इस आवंटन प्रक्रिया को कंप्यूटराइज्ड लॉटरी से किया गया था, लेकिन इसके परिणाम कई सवाल खड़े करते हैं. इस लॉटरी में कुछ नाम दो-दो बार सामने आए, जिससे पारदर्शिता पर संदेह पैदा होता है. शहर के जाने-माने कारोबारी अमर टेकरीवाल, जिनका बाइक, ट्रैक्टर और कार शो रूम का व्यवसाय है, वे भी इस बार शराब के धंधे में शामिल हुए हैं. उनका नाम ग्रुप नंबर दो और ग्रुप नंबर सोलह दोनों में आया है. आवंटित दुकानों की सूची में अधिकतर वे लोग शामिल हैं, जिन्हें शराब कारोबार का अनुभव है और जो कथित रूप से इस क्षेत्र के चर्चित नामों से जुड़े रहे हैं. कुछ नाम तो ऐसे भी हैं जो पहले शराब घोटाले में शामिल रहे हैं. इससे यह सवाल उठता है कि क्या यह सच में कंप्यूटराइज्ड लॉटरी का परिणाम है या फिर तकनीकी पारदर्शिता के नाम पर कोई और खेल खेला गया है. गोड्डा जिले के लिए कुल 16 दुकानों का आवंटन होना था, जिसके लिए 188 आवेदन जमा हुए थे. हर आवेदन के साथ दस से बारह लाख रुपये का शुल्क लिया गया था. हालांकि, प्रशासन का कहना है कि पूरी प्रक्रिया की निगरानी जिलाधिकारी स्वयं कर रही थीं और आवंटित नामों को कंप्यूटर स्क्रीन पर स्पष्ट रूप से दिखाया गया था.

### स्ट्रीट डॉग्स को मिला देखभाल का अधिकार

**बोकारो।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में स्ट्रीट डॉग्स को भोजन और देखभाल का अधिकार देते हुए नागरिकों को उन्हें खिलाने की अनुमति दी है. कोर्ट ने कहा कि इस कार्य को रोकने का किसी के पास अधिकार नहीं है. पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने फैसले का स्वागत करते हुए इसे संवेदनशील और प्रगतिशील बताया. शंभू प्रसाद फाउंडेशन की प्रीति प्रसाद और गौतम सागर ने कहा कि यह इंसान और जानवरों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की दिशा में बड़ा कदम है. बोकारो के निश्चित कुमार, सुशांत दुबे, अभिजीत कुमार, दीपमाला अग्रवाल, सुष्मिता दास और बबीता कुमारी ने भी इस फैसले को मिसाल बताते हुए कहा कि इससे स्ट्रीट डॉग्स के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा.

### मर्शन साइट विकास के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला शुरू

**दुमका।** झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसायटी द्वारा संथाल परगना क्षेत्र में इमर्शन साइट विकास के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को दुमका में हुआ. इस कार्यशाला का उद्देश्य मॉडल सीएलएफ विकसित करना और महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण को नई दिशा देना है. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) दुमका निशांत एक्का और डीपीएम गोड्डा सोमेश चंद्र ने किया. इस अवसर पर देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज, पाकुड़ और गोड्डा के प्रतिभागियों के साथ-साथ दुमका जिले के सीएलएफ बीओडी सदस्य, डीएम-एसएमआईबी, बीपीएम और सीएलएफ मैनेजर भी उपस्थित रहे. कार्यशाला में प्रतिभागियों को मॉडल सीएलएफ निर्माण की रणनीति, इमर्शन साइट की अवधारणा, योजना एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी. इसके साथ ही प्रबंधन क्षमता बढ़ाने, वित्तीय अनुशासन और महिला समूहों के सतत सशक्तिकरण पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे. इस दो दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक (आरपीएम) रूमां चटर्जी और प्रदान संस्था के महेंद्र कुमार द्वारा किया जा रहा है. उद्घाटन अवसर पर डीपीएम दुमका निशांत एक्का ने कहा कि इमर्शन साइट विकास संथाल परगना क्षेत्र में महिला समूहों को मजबूत करने और सतत आजीविका के अवसर बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा. वहीं डीपीएम गोड्डा सोमेश चंद्र ने कहा कि इस पहल से न केवल महिला समूहों की क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्रीय आजीविका मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी.

### डीएवी सेक्टर-4 में राज्य स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स मेगा मीट आरंभ

**बोकारो।** डीएवी सेक्टर-4 में राज्य स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स मेगा मीट का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ. स्टेट लेवल क्लस्टर-6 के इस दो दिवसीय आयोजन (22 और 23 अगस्त, 2025) की भव्य तैयारी कई दिनों पूर्व से की गई थी. इस आयोजन में 1500 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित डीएवी संस्थानों से क्लस्टर लेवल पर चयनित होकर स्टेट लेवल तक पहुंचे 43 स्कूलों के खिलाड़ी अब अपने खेल कौशल और जीत की तैयारी का प्रदर्शन कर रहे हैं. लॉन टेनिस, जिम्नास्टिक, हैंडबॉल, फुटबॉल और रोप स्किपिंग के विभिन्न आयु वर्ग (अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19) के खिलाड़ी अपनी-अपनी स्पोर्ट्स ड्रेस में आत्मविश्वास और उत्साह से भरे नजर आए. राज्य स्तरीय इस महाकुंभ में रोप स्किपिंग में 17 विद्यालय, जिम्नास्टिक में 4, हैंडबॉल में 15, फुटबॉल में 25 और लॉन टेनिस में 3 विद्यालयों ने सहभागिता दर्ज की. खेलों का आयोजन डीएवी सेक्टर-4 के अलावा विभिन्न स्थलों जैसे डीएवी सेक्टर-6, डीएवी इस्पात स्कूल सेक्टर 9/ई, 2/सी और 8/बी में भी किया जा रहा है. उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी एलएमसी के वाइस चेयरमैन बी.एस. जायसवाल, मेजबान विद्यालय डीएवी सेक्टर-4 के प्राचार्य सह क्लस्टर-6 के इंचार्ज एस.के. मिश्रा, एलएमसी मेंबर बह्मदेव, डीएवी इस्पात विद्यालय 9/ई के प्रिंसिपल सुनील कुमार सिन्हा और डीएवी महुदा के शिक्षक आर.के. सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. क्लस्टर-6 के इंचार्ज एस.के. मिश्रा ने कहा कि खिलाड़ियों के इस महाकुंभ की मेजबानी करना विद्यालय के लिए गौरव और सम्मान की बात है. उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शामिल हर खिलाड़ी विजयी है, क्योंकि राज्य स्तर तक पहुंचना उनकी योग्यता, निपुणता, अथक अभ्यास और हुनर का प्रमाण है. उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन डीएवी सीएमसी नई दिल्ली के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी और डीएवी स्पोर्ट्स सीएमसी, नई दिल्ली के निदेशक (पब्लिक स्कूल सह समन्वयक) वी. सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है. इस आयोजन को सफल बनाने में वरीय खेल शिक्षक एस.के. मिश्रा, हरेंद्र, रंगेश, सुकांति और सुशील की भूमिका सराहनीय रही.

### किशुन मरांडी का मना 31वां शहादत दिवस

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ स्थित अहिल्यापुर मोड़ पर शुक्रवार को झामुमो कार्यकर्ता शहीद किशुन मरांडी स्मारक पर पहुंचे और उनके वेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. स्मारक स्थल पर सबसे पहले उनकी पत्नी बबली मरांडी ने आदिवासी रीति-रिवाजों से पूजा-अर्चना कर उन्हें याद किया. इस दौरान वे भावुक हो गईं.

पेज तीन का शेष

### मनुष्य के बाल और चार अंग हो सकते.....

**3.** टेलबोन या कोक्सीक्स, हमारे प्राइमेट्स की पूंछ का अवशेष है और मूल रूप से संतुलन बनाए रखने और पूंछ को सहारा देने में मदद करता था। आज, इसका कोई खास उपयोग नहीं है, हालाँकि यह अभी भी कुछ पैल्विक मांसपेशियों को सहारा देता है। आधुनिक जीवनशैली - समतल सतहों, कुर्सियों और चढ़ने या पकड़ने की कम आवश्यकता के कारण - का मतलब है कि कोक्सीक्स काफी हद तक अनावश्यक हो गया है।

यूके में कोक्सीक्स की चोटें काफी आम हैं, लगभग 50 में से 1 व्यक्ति को किसी न किसी समय टेलबोन में दर्द का अनुभव होता है, जो इसकी कम विकासवादी भूमिका के बावजूद इसकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**4.** ऐतिहासिक रूप से, हमारे पूर्वज सेल्यूलोज़ युक्त पौधों को पचाने के लिए अपेंडिक्स पर निर्भर थे। अपेंडिक्स कठोर, रेशेदार पदार्थों को पचाने का एक उपयोगी उपकरण रहा होगा, लेकिन आज यह लगभग अनुपयोगी हो गया है। आधुनिक पके और प्रसंस्कृत आहार का मतलब है कि अब हमें भोजन को पचाने के लिए इस छोटे से अंग की आवश्यकता नहीं है।


हालाँकि, कुछ शोध बताते हैं कि यह प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य में एक छोटी भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यह लाभकारी आंत बैक्टीरिया का भण्डार है। अपने कम महत्व के बावजूद, अपेंडिसाइटिस अभी भी ब्रिटेन में हर साल लगभग 7,000 लोगों को प्रभावित करता है, जिससे अपेंडिक्स सबसे अधिक निकाले जाने वाले अंगों में से एक बन गया है। यानी लगभग 20 में से 1 व्यक्ति को अपने जीवन में किसी न किसी समय अपेंडिसाइटिस का अनुभव होगा।

**5.** कान की मांसपेशियों का इस्तेमाल कभी बिल्लियों और कुत्तों की तरह आवाज़ों की ओर कान घुमाने के लिए किया जाता था। हमारे पूर्वजों ने संभवतः इन कान की मांसपेशियों का इस्तेमाल अपने कानों को आवाज़ों की ओर घुमाने के लिए किया होगा, जिससे उन्हें अपने वातावरण में शिकारियों, शिकार या अन्य खतरों का पता लगाने में मदद मिली होगी।

आधुनिक तकनीक या सुरक्षात्मक आवरण के बिना, अलग-अलग दिशाओं से आने वाली आवाज़ों को तुरंत पहचान पाना एक उपयोगी जीवन-रक्षा उपकरण होता - जिसकी आज हमें ज़रूरत नहीं है। आज, ज़्यादातर लोगों की कान की मांसपेशियां निष्क्रिय हैं, और उनका कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं है।

शुभम संदेश

रांची, शनिवार 23 अगस्त, 2025 12

## यमुनोत्री मार्ग पर स्यानाचट्टी में बनी झील में डूबे 30 से अधिक आवासीय भवन, खतरा बरकरार

**देहरादून।** उत्तराखंड में यमुनोत्री के मुख्य पड़ाव स्यानाचट्टी में यमुना पर बनी झील लगातार विस्तार ले रही है. अब तक गढ़वाल मंडल विकास निगम का विश्राम गृह, पुलिस चौकी, दो स्कूल व 30 से अधिक आवासीय भवन झील में डूबा चुके और अन्य आवासीय भवनों पर खतरा मंडरा रहा है. इस बीच जिलाधिकारी व यमुनोत्री विधायक भी मौके पर पहुंच गए हैं. स्यानाचट्टी में मलबा आने से निर्मित झील को जल्द से जल्द खोलने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, खाद्य आपूर्ति और लोक निर्माण विभाग (पीडबल्यूडी) की टीमों सहित सभी एजेंसियां मौके पर हैं. जिलाधिकारी प्रशांत आर्य मौके पर हैं. साथ ही यमुनोत्री के विधायक संजय डोभाल भी स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं. जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने शुक्रवार को कहा कि स्थानीय लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है. प्रशासन सभी सुरक्षात्मक उपाय कर रहा है. साथ ही मलबे से बनी कृत्रिम झील को खोलने के लिए सभी संबंधित एजेंसियां भी मौके पर हैं. स्तिथि अनुकूल होते ही झील को खोलने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाने के निर्देश दिए गए हैं. यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने कहा कि स्थानीय लोगों को काफी नुकसान हुआ है और वे प्रत्येक परिवार से संपर्क भी कर रहे हैं. प्रभावितों को उचित मदद मिले और जल्द से जल्द झील से पानी को निकाला जा सके, इसके प्रयास हो रहे हैं.

### न्यूज अपडेट

## कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी कर 50 श्रद्धालुओं का आखिरी दल लौटा भारत

**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर यात्रा करने के बाद श्रद्धालुओं का पांचवां और अंतिम दल शुक्रवार सुबह भारतीय सीमा में सकुशल लौट आया है. 50 यात्रियों के इस दल में 37 पुरुष और 13 महिलाएं शामिल हैं. कैलाश मानसरोवर यात्रा करने के बाद श्रद्धालुओं का पांचवां और अंतिम दल शुक्रवार सुबह साढ़े 9 बजे लिपुलेख दर्रे से भारतीय सीमा में पहुंचा. सीमा पर आईटीबीपी के जवानों ने यात्रियों का फूलमालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया. सड़क मार्ग की अनुकूल स्थिति को देखते हुए यह दल आगे की यात्रा करेगा. यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन एवं कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं.

## केंद्रीय योजनाओं के कैंप लगाने पर पुलिस ने भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया

**चंडीगढ़।** पंजाब में चुनाव से पहले ही भारतीय जनता पार्टी और सत्तारूढ़ सरकार आमने-सामने हो गए हैं. राज्य में भाजपा की तरफ से गुरुवार को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए कैंप लगाए गए, लेकिन भाजपा की इस कार्रवाई को लेकर सरकार सख्त हो गई है. पुलिस ने प्रदेश भर में हजारों की संख्या में भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया है.पंजाब सरकार ने शुक्रवार को भाजपा का नाम लिए बगैर एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में पंजाब पुलिस को शिकायतें मिली हैं कि कुछ लोग एक विशेष राजनीतिक पार्टी से होने का दावा करते हुए न केवल लोगों का निजी डेटा एकत्र कर रहे हैं, बल्कि उनके सरकारी कार्य करवाने के लिए कमीशन के रूप में पैसे भी वसूल रहे हैं.

## कस्टोडियन भूमि पर कब्जे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की छापेमारी

**जम्मू।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को जम्मू क्षेत्र में राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों के खिलाफ कस्टोडियन भूमि पर कब्जे से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कई जगहों पर छापेमारी की. यह मनी लॉन्ड्रिंग मामला जम्मू-कश्मीर पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (केंद्रीय) में दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा है. सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जम्मू में कम से कम नौ और उधमपुर में एक जगह पर छापेमारी की गई. पटवारी रैंक के अधिकारियों प्रणव देव सिंह और राहुल काई तथा नायब तहसीलदार अकील अहमद के अलावा कुछ अन्य लोगों से जुड़े ठिकानों पर 2022 से जम्मू में कस्टोडियन भूमि (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापितों की) से संबंधित भूमि हड़पने और भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में यह छापेमारी की जा रही है.

## पहली विदेश यात्रा पर अल्जीरिया जाएंगे सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी

**नई दिल्ली।** सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले सप्ताह अल्जीरिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे. पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी. उनकी यह यात्रा भारत के राष्ट्रपति और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की हाल ही में अल्जीरिया दौरों के बाद हो रही है, जिसने दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में आपसी सहयोग की नींव रखी है. भारतीय सेना ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी की अल्जीरिया यात्रा विदेशों में भारत की रणनीतिक गतिविधियों को मजबूत करने में सेना की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है.

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद विजयादशमी उत्सव के होंगे मुख्य अतिथि

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वार्षिक विजयादशमी उत्सव के लिए इस वर्ष भी एक विशेष आमंत्रित अतिथि की घोषणा की गई है. महाराष्ट्र के नागपुर के रेशिमबाग मैदान पर आगामी दो अक्टूबर को आयोजित होने वाले विजयादशमी उत्सव में इस बार पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि होंगे. यह जानकारी शुक्रवार को संघ के प्रचार विभाग ने दी. प्रचार विभाग ने शुक्रवार को बताया कि विजयादशमी (दशहरा) का उत्सव संघ के लिए असत्य पर सत्य की विजय और शक्ति की उपासना के प्रतीक के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है. यही नहीं इसी पावन अवसर पर वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी.

## मिजोरम में 75 करोड़ की मेथ बरामद, आठ तस्कर गिरफ्तार

**आइजोल (मिजोरम)।** मिजोरम में नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्पाद एवं आबकारी विभाग ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और सीमा सुरक्षा बल की 191 बटालियन की मदद से 75 करोड़ की मेथामफेटामाइन और हेरोइन बरामद की है. पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई नेशनल हाईवे-06A पर की गई. अधिकारियों के अनुसार, केइफांग और सेलिंग के बीच तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें दो ट्रकों के विशेष रूप से बने गुप्त खांचों से 49.101 किलो मेथामफेटामाइन और 36 ग्राम हेरोइन मिली. यह खेप म्यांमार से लाई गई थी और आगे तस्करी की योजना थी. इस दौरान 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया.

### पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान में गोलीबारी में 11 घायल

# बाजौर जिले की मस्जिद में विस्फोट 30 से ज्यादा आतंकी मारे गए



**एजेंसी। इस्लामाबाद (पाकिस्तान)**

पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले की बिरमल तहसील में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में एक महिला और कुछ बच्चों समेत कम से कम 11 लोग घायल हो गए. इसके अलावा बाजौर जिले की एक मस्जिद में हुए विस्फोट में 24 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की सूचना है. यह दुर्गम क्षेत्र है. इस वजह से विस्फोट की पुष्टि नहीं हो सकी है. डान अखबार ने सूत्रों के हवाले से खबर में जानकारी दी है कि यह गोलीबारी करमाजी स्टॉप के पास उस समय हुई जब सेना एक प्रमुख आतंकवादी गढ़ पर कब्जा करने के लिए अभियान चला रही थी. सुरक्षा बल उस इलाके में दो नई चौकियां स्थापित करने में कामयाब रहे. गोलीबारी के सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद वाना के जिला अस्पताल ले जाया गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही. कई घंटों तक परिवार अपने घरों में कैद रहे. गोलीबारी की वजह से वाना-आजम वारसाक रोड दोपहर करीब 1 बजे तक बंद रही. इस वजह से हजारों लोग वाना रुस्तम बाजार नहीं पहुंच पाए.

इसके अलावा, बाजौर की नवागई तहसील के सुदूर चारमांग क्षेत्र में हुए एक विस्फोट में 24 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की सूचना है. यह भी दावा है कि मारे गए लोगों में कई आतंकवादी भी शामिल हैं. कुछ रिपोर्टों के अनुसार, पहाड़ी इलाके में स्थित एक मस्जिद में हुए इस विस्फोट में दो दर्जन से अधिक लोग मारे गए. यह दुर्गम क्षेत्र है, इसलिए घटना की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी. बाजौर में इस समय आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सरबकाफ चल रहा है. सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी को जड़ से उखाड़ने के प्रयास के तहत जिले के कुछ हिस्सों को खाली करा लिया है. इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने दोनों घटनाओं पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है.

### सुरक्षा बलों को बनाया निशाना

## बलूच लड़ाकों ने खुजदार जिले के जेहरी इलाके में कब्जा जमाया



**एजेंसी। क्वेटा (बलूचिस्तान)**

सशस्त्र बलोच लड़ाकों ने पिछले 10 दिनों से खुजदार जिले के जेहरी इलाके पर कब्जा कर रखा है. लड़ाकों ने गुरुवार को इलाके के गजान, सोहिंदा और सुन्नी में पाकिस्तान के सैन्य बलों को निशाना बनाकर भीषण हमले किए हैं. हमलों में सुरक्षा बलों को नुकसान होने की बात कही जा रही है. पाकिस्तान के अधिकारियों ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की. द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार बलोच लड़ाकों ने जेहरी पर सशस्त्र कब्जे की शुरुआत 11 अगस्त को जनसभा को संबोधित कर की. इस दौरान शहर में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया. बाद में लड़ाकों ने प्रवेश मार्गों को अवरुद्ध कर सैन्य आवाजाही को रोक दिया. यही नहीं सुन्नी-नूरगामा सड़क पर बुलडोजर चलवा दिया. गजान और मश्क से आगे बढ़ रहे सैनिकों पर हमला किया. इस बीच, पाकिस्तान की सेना ने अंजीरा आरसीडी क्रॉस को सभी तरह के यातायात के लिए बंद कर दिया है. स्थानीय सूत्रों ने बताया कि सैनिकों ने जेहरी जा रहे दो युवकों को कथित तौर पर यातना देने के बाद हिरासत में लेने का प्रयास किया, लेकिन यात्रियों ने हस्तक्षेप कर उन्हें छुड़ा लिया.

## राजग शासित राज्यों में अल्पसंख्यक और उनके संस्थान पूरी तरह सुरक्षित : अमित शाह



**एजेंसी। कोच्चि**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया कि देश के सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय और उनके संस्थान पूरी तरह से सुरक्षित हैं. शुक्रवार को केरल के कोच्चि में कंदाथिल परिवार की ओर से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने बिहार में कथित वोट चोरी और एसआईआर को लेकर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया.

छत्तीसगढ़ में कथित धर्मांतरण में शामिल केरल की दो ईसाई ननों की गिरफ्तारी और बाद में मिली जमानत का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने देश के अल्पसंख्यकों को आश्वस्त किया कि वे ऐसी घटनाओं से आशंकित न हों. उन्होंने तथ्यों और आंकड़ों के साथ बताया कि एनडीए शासित देश के सभी राज्यों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग और उनके संस्थान पूरी तरह सुरक्षित हैं.

अमित शाह ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के प्रावधान वाले विधेयक को लेकर भी कांग्रेस पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नैतिकता कहां थी जब उक्त कानून को संसद में पेश करने पर कड़ा विरोध कर रही थी. जबकि इसमें प्रावधान है कि भ्रष्टाचार और आधिकारिक पदों के दुरुपयोग के आरोप में 30 दिनों से अधिक समय तक गिरफ्तार और जेल में रहने पर शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को संवैधानिक पदों से हटाना अनिवार्य किया गया है.

गृह मंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर अब तक कांग्रेस या किसी अन्य विपक्षी दलों की ओर से चुनाव आयोग में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाया गया है.

उन्होंने कहा कि चुनावों में कथित तौर पर हुई वोट चोरी का आरोप लगाकर बिहार विधानसभा चुनाव जीतने की कांग्रेस की मंसा पूरी नहीं होगी. झूठा प्रचार चुनाव जीतने में कांग्रेस की मदद नहीं करेगा.

## लगातार 4 घंटे तक पूछताछ के बाद पूर्व राष्ट्रपति गिरफ्तार

**कोलंबो (श्रीलंका)।** देश के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को आज आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने चार घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया. वे सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोपों पर बयान दर्ज कराने के लिए एजेंसी के दफ्तर पहुंचे थे. यह मामला सितंबर, 2023 में उनकी पत्नी प्रो. मैत्री विक्रमसिंघे के वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय के स्नातक समारोह में शामिल होने के लिए लंदन की उनकी यात्रा से संबंधित है. वह श्रीलंका के इतिहास में गिरफ्तार होने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं. डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार आपराधिक जांच विभाग के अधिकारियों का दावा है कि यात्रा और सुरक्षा खर्चों के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल किया गया. पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने इन आरोपों से इनकार किया है. उन्होंने जोर देकर कहा है कि उनकी पत्नी ने अपना खर्च खुद वहन किया और किसी भी सार्वजनिक धन का दुरुपयोग नहीं किया.

## अमेरिका से 7000 नेपाली नागरिकों के निर्वासन पर संघीय अदालत ने मुहर लगाई

**एजेंसी। काठमांडू**

संयुक्त राज्य अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने नेपाल के नागरिकों के लिए अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीपीएस) को समाप्त करने का रास्ता साफ कर दिया है. इसके साथ ही इस सुविधा के तहत अमेरिका में रह रहे 7000 नेपाली नागरिको को अब देश छोड़ना ही होगा.

ताजा आदेश के कारण अमेरिका में रहे रहे 7000 नेपाली नागरिकों को अगस्त के अंतिम सप्ताह तक अमेरिका छोड़ कर जाना होगा. पिछले महीने ही, एक निचली अदालत ने तीन देशों नेपाल, निकारागुआ और होंडुरास के लिए टीपीएस रद्द करने के होमलैंड सुरक्षा विभाग के कदम पर नवंबर के मध्य तक रोक लगा दी थी. लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे ऊपरी अदालत में चुनौती दी थी जिसके बाद यह ताजा फैसला आया है.

अमेरिका की अपील न्यायालय के फैसले के अनुसार, जिन लोगों के पास कानूनी दर्जा नहीं है, जैसे कि ग्रीन कार्ड या शरणार्थी का दर्जा, वे टीपीएस लाभ खोने के बाद कानूनी रूप से काम करने के पात्र नहीं होंगे और उन्हें सरकार द्वारा तय समय सीमा के भीतर देश छोड़ कर जाना होगा.

## दक्षिण अमेरिका के ड्रेक पैसेज में शक्तिशाली भूकंप

**वाशिंगटन।** दक्षिण अमेरिका के ड्रेक पैसेज को शक्तिशाली भूकंप का सामना करना पड़ा. शुरुआत में इसकी तीव्रता 8 बताई गई. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बाद में कहा कि भूकंप की तीव्रता 7.5 रही. भूकंप 10.8 किलोमीटर की गहराई पर आया. इसका केंद्र ड्रेक पैसेज था. द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार यह ड्रेक पैसेज दक्षिण अमेरिका के सबसे दक्षिणी सिरे और अंटार्कटिका के बीच एक जल निकाय है. अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने ड्रेक पैसेज भूकंप के बाद कोई चेतावनी जारी नहीं की. प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र (पीटीडब्ल्यूसी) ने जरूर चिली के लिए संक्षिप्त चेतावनी जारी की. इसमें कहा गया कि ड्रेक पैसेज में आए भूकंप से अगले तीन घंटों के भीतर चिली के कुछ तटों पर खतरनाक सुनामी लहरें उठने की आशंका है.

### अधिकांश निर्यात पर 15% की स्पष्ट अधिकतम टैरिफ दर लागू होगी

# यूरोपीय संघ और अमेरिका ने समझौते को अंतिम रूप दिया

**एजेंसी। वाशिंगटन (अमेरिका)/ ब्रसेल्स (बेल्जियम)**



आखिरकार यूरोपीय संघ और अमेरिका ने 15 प्रतिशत टैरिफ वाले अपने व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया. पिछले महीने यूरोपीय संघ और अमेरिका ने एक टैरिफ समझौते की घोषणा करके व्यापार युद्ध से दूरी बनाई थी. तब यह सिर्फ एक औपचारिक समझौता था. कई हफ्तों से वार्ताकार इसके विवरण पर विचार-विमर्श कर रहे थे. उन्होंने गुरुवार को इसका विस्तृत विवरण दुनिया के सामने साझा किया.

द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार और ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की खबर के अनुसार, इस समझौते तहत अमेरिका को होने वाले अधिकांश यूरोपीय निर्यात पर 15 प्रतिशत की स्पष्ट अधिकतम टैरिफ दर लागू होगी. संयुक्त बयान में दोनों देशों ने यूरोपीय कारों, दवाओं और लकड़ी पर लागू टैरिफ को कम करने पर सहमति व्यक्त की. लेकिन यूरोप के प्रमुख वाइन और स्पिरिट क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख निर्यातक शून्य टैरिफ रियायत पाने में विफल रहे और अब उन्हें बढ़ी हुई लागत का बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर डालना पड़ रहा है.

दोनों पक्षों के अनुसार ₹ यह समझौता दुनिया के सबसे मूल्यवान आर्थिक संबंधों को प्रभावित करेगा, जिसका मूल्य प्रति वर्ष 1.6 ट्रिलियन यूरो (2.8 ट्रिलियन डॉलर) है. यह समझौता पिछले महीने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए समझौते पर आधारित है.

वॉन डेर लेयेन ने कहा, ₹चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करते हुए हमने अपने सदस्य देशों और उद्योग जगत के लिए काम किया है और ट्रान्साटलांटिक (अटलांटिक महासागर के उस पार) व्यापार में स्पष्टता और सुसंगतता बहाल की है.₹ यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक ने कहा कि अमेरिका के साथ यह समझौता किसी भी व्यापारिक साझेदार को दिया गया 'सबसे अनुकूल' है. सेफ्कोविक ने कहा कि इस समझौते से अमेरिका को यूरोपीय कार निर्यात पर टैरिफ की दर 27.5 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत हो जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस और इटली के प्रमुख उत्पादकों के प्रयासों के बावजूद वाइन और स्पिरिट पर शून्य प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रयास विफल रहा.

### नेपाल में मधेश आंदोलन का मामला

## 400 पुलिस इनकाउंटर की जांच के आदेश

**एजेंसी। काठमांडू**



नेपाल में लोकतंत्र पुनर्बहाली के बाद शुरू हुए मधेश आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए 400 से अधिक इनकाउंटर की जांच का आदेश दिया गया है. 9 साल पहले कोर्ट में दायर एक याचिका पर फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी इनकाउंटर की निष्पक्ष जांच करने का आदेश दिया है.

सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों के बेंच ने सन 2006 से लेकर 2015 के बीच मधेश के जिलों में पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा अभियान के नाम पर किए गए इनकाउंटर की जांच करने का आदेश दिया है. सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील रंजन सिंह के द्वारा दायर किए गए रिट पर कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए के केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) से इन सभी इनकाउंटर की जांच करने को कहा है.

2016 में अधिवक्ता सुनील रंजन सिंह ने कोर्ट में याचिका दायर करते हुए सरकार के विशेष सुरक्षा योजना के तहत पुलिस द्वारा 400 से अधिक फेक इनकाउंटर कर निर्दोष नागरिकों की हत्या करने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की थी. अब 9 साल बाद सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सपना प्रधान मल्ल, मनोज केसी और हरि फुयाल की बेंच ने सभी घटनाओं की निष्पक्ष जांच का आदेश दिया है. भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र मधेश के जिलों में अपने संवैधानिक अधिकार और सामाजिक पहचान को लेकर आंदोलन शुरू किया. इसी बीच कई संगठनों ने सशस्त्र आंदोलन भी शुरू किया था. इनमें माओवादी से अलग हुए मधेशी नेताओं ने सशस्त्र विद्रोह करने की घोषणा की थी. इससे निबटने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल ने नेपाल पुलिस को विशेष सुरक्षा योजना के तहत इन सशस्त्र विद्रोहियों के साथ निबटने का विशेषाधिकार दिया था.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.